वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

सोमवार, 01 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 147, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सात कंपनियों की पूंजी 1.54 लाख करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से कुल 1.54 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आयी। } 10

आत्मनिर्भर होने के लिए जैव ईंधन उत्पादन को बढ़ावा देना आवश्यक

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत में बिटुमेन और विमानन ईंधन का कम उत्पादन होता है तथा आयात पर निर्भरता घटाने के लिए घरेलू स्तर पर जैव ईंधन उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। } 12

राजीव कृष्णा बने यूपी के स्थायी डीजीपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार भेंट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस को चार वर्ष बाद पुलिस महानिदेशक मिला है। अभी तक कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की भूमिका में काम कर रहे 1991 बैच के आईपीएस अफसर राजीव कृष्णा अब स्थायी पुलिस महानिदेशक हो गए हैं। राजीव कृष्णा पिछले एक वर्ष से कार्यकारी पुलिस महानिदेशक बने हुए थे। राजीव कृष्णा जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे थे। राजीव कृष्णा की नियुक्ति का आदेश अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद ने जारी किया। ...शेष पृष्ठ 10 पर

बेंगलुरु ने 'विराट' अंदाज में जीता दूसरा आईपीएल खिताब

आरसीबी ने फाइनल में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराया, कोहली ने बनाये नाबाद 75 रन, लगाया विजयी छक्का

एजेंसी

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। पिछले सीजन में पंजाब किंग्स को हराकर टीम पहली बार चैंपियन बनी आरसीबी ने इस बार खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए नया इतिहास रच दिया। रविवार को अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने 75 रन बनाकर जीत का छक्का लगाया। (विस्तृत खेल पेज 11 पर)

होमगार्ड समाज का फर्स्ट रिस्पांडर

आधुनिक और तकनीक -सक्षम होगा होमगार्ड संगठन: सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को होमगार्ड विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि होमगार्ड संगठन उत्तर प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन तथा जनसेवा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। बदलते समय और नई चुनौतियों के अनुरूप इस संगठन को अधिक सक्षम, प्रशिक्षित, तकनीक-सक्षम और आधुनिक बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग के आधुनिकीकरण, प्रशिक्षण क्षमता विस्तार, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण और मानव संसाधन विकास से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जाए, ताकि होमगार्ड स्वयंसेवक प्रत्येक परिस्थिति में प्रभावी भूमिका निभा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड केवल पुलिस बल के सहायक के रूप में ही नहीं, बल्कि आपदा राहत, भीड़ प्रबंधन, चुनावी व्यवस्थाओं, सामुदायिक सेवा तथा जनजागरूकता अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक संसाधन और तकनीकी सशक्तिकरण के माध्यम से होमगार्ड संगठन की कार्यक्षमता को और बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस व होमगार्ड का जवान समाज का फर्स्ट रिस्पांडर होता है। किसी भी घटना में पीड़ित के पास सबसे पहले यही पहुंचते हैं, इसलिए इन्हें सीपीआर व फर्स्ट एड की अनिवार्य रूप से ट्रेनिंग दी जाए और गोल्डन ऑवर के महत्व के बारे में भी बताया जाए। इनकी सजगता जीवन बचाने में काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 1963 में स्थापित उत्तर प्रदेश होमगार्ड संगठन में 1,18,348 पद स्वीकृत हैं। स्थापना के समय जहां मात्र 2,000 होमगार्ड व्यवस्थापित ...शेष पृष्ठ 10 पर

जन सुरक्षा की मजबूत ढाल बनेगा नागरिक सुरक्षा विभाग

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नागरिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नागरिक सुरक्षा की भूमिका केवल युद्धकालीन परिस्थितियों तक सीमित नहीं है, बल्कि आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव, जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव, अग्निशमन, प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विभाग की क्षमताओं को और मजबूत किया जाना चाहिए। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों को आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा गतिविधियों से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री जी ने आर्मी से सेवानिवृत्त लोगों के द्वारा प्रशिक्षण दिए जाने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में अवकाश का समय चल रहा है। ऐसे में एनसीसी, एनएसएस आदि के स्वयंसेवकों को भी सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग के साथ जोड़ा जाए। इन्हें भी सीपीआर व फर्स्ट एड की ट्रेनिंग दी जाए। मुख्यमंत्री जी ने आपदा से पहले लोगों को जागरूक करने के लिए सायरन के प्रयोग पर विशेष जोर दिया। बैठक में बताया गया कि भारत-चीन युद्ध के बाद वर्ष 1962 में नागरिक सुरक्षा की स्थापना की गई थी तथा वर्ष 1968 में नागरिक सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया। नागरिक सुरक्षा संशोधित अधिनियम-2009 के माध्यम से विभाग को आपदा पूर्व, आपदा के दौरान तथा आपदा उपरांत कार्यों की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। वर्तमान में विभाग राहत एवं बचाव, क्षति न्यूनीकरण, अग्निशमन, प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव तथा फंसे हुए लोगों की सुरक्षित निकासी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विभाग की जनजागरूकता एवं ...शेष पृष्ठ 10 पर

लोगों की शक्ति से निरंतर आगे बढ़ रहा देश : मोदी

लखनऊ की दशहरी और काशी का लंगड़ा आम है बेमिसाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का दशहरी और मेरी काशी का लंगड़ा। उन्होंने कहा कि दशहरी देश के साथ ही विदेशों में भी लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का हापुस या अल्फांसो, गुजरात का केसर- ये तो आमरस की जान हैं। बिहार का जर्दालू जिसकी खुशबू दूर से पहचान में आ जाए। चौसा, मालदा...हर नाम के साथ लोगों की यादें जुड़ी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई दक्षिण भारत जाए तो उसे बंगनपल्ली, तोतापुरी, नीलम, मलगोवा, पश्चिम बंगाल के हिमसागर, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सुवर्णरखा जैसी अन्य किस्में मिलेंगी। उन्होंने कहा, यानी, जगह बदलती है और साथ ही आम का रूप-रंग एवं उसका स्वाद भी बदल जाता है ... आम की यह यात्रा अब गांवों से वैश्विक बाजार तक भी पहुंच रही है। देश के गांवों और शहरों में ऐसे अनेक प्रेरणादायी कार्य हो रहे हैं जिनसे यह विश्वास मजबूत होता है कि देश लोगों की शक्ति से निरंतर आगे बढ रहा है।

पीएम मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेड़ियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 134 वीं कड़ी में इसी तरह के अनेक प्रेरणादायी कार्यों का उल्लेख करते हुए लोगों से इनकी सराहना करने तथा इनसे जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत के हर गाँव में, हर शहर में, कुछ-न-कुछ ऐसा हो रहा है जो हमें प्रेरणा देता है। कई बार, इन प्रयासों की ज्यादा चर्चा नहीं होती, लेकिन जब हम इन्हें जानते हैं, तो ये विश्वास और मजबूत होता है कि देश अपने लोगों की शक्ति से आगे बढ़ रहा है। मेरा आपसे आग्रह है कि अपने आसपास ऐसे प्रयासों को जरूर देखिए। जो लोग समाज के लिए अच्छा काम कर रहें हैं, उन्हें पहचानिए, उनकी सराहना कीजिए, उनसे सीखिए, और ...शेष पृष्ठ 10 पर

सात्विक-चिराग पहली बार बने सिंगापुर ओपन चैंपियन

एजेंसी

सिंगापुर। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पूर्व विश्व नंबर एक जोड़ी ने रविवार को पुरुष युगल फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की जोड़ी को हराकर अपना पहला सिंगापुर ओपन बैडमिंटन खिताब जीत लिया। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन इस भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए दो वर्षों में अपना पहला खिताब जीता। यह उनके करियर का नौवां बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती गेम में पिछड़ने के बाद रोमांचक मुकाबले में 18-21, 21-17, 21-16 से जीत दर्ज करते हुए सुपर 750 स्तर का अपना तीसरा खिताब भी हासिल किया। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज इस भारतीय जोड़ी के लिए यह जीत विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही, क्योंकि वे ...शेष पृष्ठ 10 पर

राजस्व प्रशासन के तीन अहम पदों पर महिला आईएएस अफसरों की तैनाती

विशेष संवाददाता

- अर्चना अग्रवाल बनीं राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष
- अपर्णा यू पहले से संभाल रहीं राजस्व विभाग में प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी
- कंचन वर्मा राजस्व परिषद में सचिव एवं आयुक्त पद पर हैं तैनात

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में महिला सशक्तीकरण का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण पेश किया है। प्रदेश के राजस्व प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में अब महिला अधिकारियों की मजबूत उपस्थिति देखने को मिल रही है। सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अर्चना अग्रवाल को राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जबकि प्रमुख सचिव राजस्व की जिम्मेदारी पहले से आईएएस अपर्णा यू संभाल रही हैं।

राजस्व परिषद में सचिव एवं आयुक्त स्तर की जिम्मेदारी आईएएस कंचन वर्मा के पास है। 1990 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अर्चना अग्रवाल वर्तमान में अपर मुख्य सचिव परिवहन विभाग तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अब उन्हें राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासनिक क्षेत्र में लंबे अनुभव और विभिन्न विभागों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के कारण उन्हें प्रदेश की महत्वपूर्ण संस्थाओं में ...शेष पृष्ठ 10 पर

गाजियाबाद मर्डर केस का आरोपी असद मुठभेड़ में ढेर

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 11वीं कक्षा के 17 वर्षीय छात्र की हत्या के मुख्य आरोपी की रविवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। खोड़ा क्षेत्र का निवासी असद, सूर्या चौहान की चाकू से हमला कर हत्या करने के मामले में वांछित था। चौहान ने इलाज के दौरान शुक्रवार को दम तोड़ दिया था। शहर के पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल ने पत्रकारों को बताया कि 11वीं कक्षा के छात्र सूर्या चौहान की हत्या के मुख्य आरोपी असद की रविवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। उस पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था। असद खोड़ा क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हो गया जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ...शेष पृष्ठ 10 पर



विशेष खबर

लखीमपुर खीरी और रहीमाबाद क्षेत्र में दीवार ढहने से दो की मौत

प्रदेश में धूल भरी आंधी के बाद जोरदार बारिश

फोटोः समीर भटनागर

लखनऊ। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश में रविवार को धूल भरी आंधी- बारिश से मौसम बदल गया। दोपहर बाद बादलों की सक्रियता बढ़ी और घने बादलों के साथ तेज आंधी शुरू हो गई, जिससे दिन में ही अंधेरा छा गया। हवाओं की रफ्तार 50 से 70 किमी प्रति घंटे तक दर्ज की गई और इससे जनजीवन भी प्रभावित हुआ। तराई क्षेत्र और एनसीआर से ...शेष पृष्ठ 10 पर

आंधी-बारिश से बचाव को लेकर योगी सख्त

लखनऊ। प्रदेश में पिछले तीन दिनों से जारी आंधी, बारिश और तेज हवाओं के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को पूरी सतर्कता बरतने और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को कई जिलों में आंधी, बारिश और तूफान की घटना के बाद मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन, राहत आयुक्त कार्यालय तथा संबंधित विभागों को लगातार निगरानी बनाए रखने और किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जिन जनपदों में तेज आंधी, बारिश, ओलावृष्टि अथवा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से जनहानि अथवा पशुहानि हुई है, वहां प्रभावित परिवारों को तत्काल अनुमन्य राहत राशि वितरित की जाए। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति तक समयबद्ध सहायता पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाए। जहां भी कृषि क्षति की सूचना मिले, वहां राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर आकलन करे तथा शासन को रिपोर्ट उपलब्ध कराये।

बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज ने किया विश्व नो टोबैको माह का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय ने ह्वविश्व नो टोबैको माहह्व का आयोजन किया। यह आयोजन बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।प्रो. (डॉ.) नीता पासरीचा, प्राचार्य द्वारा 1 मई 2026 को अभियान का उद्घाटन किया और 31 मई 2026 तक चलने वाली श्रृंखलाबद्ध गतिविधियों की दिशा तय की,जिसमें मुख्य फोकस ह्वब्रेकिंग द ग्लैमर, बिल्डिंग अ टोबैको-फ्री फ्यूचरह्व रहा।

पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने इन कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों, संकाय सदस्यों और समुदाय को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों तथा इसके मौखिक कैंसर और अन्य प्रणालीगत रोगों से गहरे संबंध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया। विभाग ने शैक्षणिक प्रतियोगिताओं, जागरूकता अभियानों, परामर्श सत्रों और विशेषज्ञ चचाओं को सम्मिलित कर रोकथाम की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने, शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया, क्योंकि किशोरावस्था में तंबाकू सेवन की शुरूआत जीवनभर की लत और स्वास्थ्य जोखिमों का कारण बनती है। नुक्कड़ नाटक, क्विज, पोस्टर और रील प्रतियोगिताओं तथा आउटरीच कार्यक्रमों जैसी गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य दूत के रूप में सशक्त बनाने, सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने और वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य लक्ष्यों के अनुरूप तंबाकूजनित रोगों को कम करने का प्रयास किया गया।

ह्वअनमास्किंग द अपील झ काउंटरिंग निकोटीन एंड टोबैको एडिक्शन विषय पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने तंबाकू नियंत्रण की बहुआयामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। पैनल में डॉ. हेमंत मेहरा (हेड एवं प्रोफेसर, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, सरस्वती डेंटल कॉलेज), डॉ. अरुण कुमार (हेड एवं डीन, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय) और डॉ. संतोष कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर, मास कम्युनिकेशन विभाग, स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय) शामिल रहे।

डॉ. मेहरा ने मौखिक कैंसर और पूर्व-कैंसर घावों के नैदानिक बोझ पर प्रकाश डालते हुए शीघ्र पहचान और शल्य चिकित्सा हस्तक्षेपों की महत्ता बताई। डॉ. अरुण कुमार ने कानूनी ढांचे और नीति प्रवर्तन की भूमिका पर बल दिया, यह स्पष्ट करते हुए कि सख़्त कानून और नियामक उपाय तंबाकू सेवन को रोकने और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए अनिवार्य हैं। डॉ. संतोष कुमार ने जनसंचार और मीडिया रणनीतियों के प्रभाव पर चर्चा की, जिम्मेदार संदेशों और जागरूकता अभियानों की आवश्यकता पर बल दिया जो तंबाकू उत्पादों के आकर्षण को समाप्त कर समुदाय को सही जानकारी से सशक्त करें। सामूहिक रूप से इस संवाद ने चिकित्सा विशेषज्ञता, कानूनी जिम्मेदारी और संचार रणनीतियों के एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित किया।

विश्व नो टोबैको माह के दौरान एक विशेष व्याख्यान डॉ. जस्मीत सिंह (ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन) द्वारा दिया गया। उन्होंने तंबाकूजनित रोगों की रोकथाम और शीघ्र पहचान की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि तंबाकू की लत केवल व्यक्तिगत चुनाव नहीं बल्कि एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है, जिसका मौखिक और प्रणालीगत स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने मौखिक पूर्व-कैंसर घावों और कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की और बताया कि समय पर पहचान और उपचार से रोगभार को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने लत के मनो-सामाजिक पहलुओं पर भी ध्यान आकर्षित किया और संस्थानों से बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञता, शैक्षिक जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी शामिल हो।

डॉ. सिंह का प्रेरक व्याख्यान अभियान की थीम से गहराई से जुड़ा रहा, जिसमें प्रतिभागियों को याद दिलाया गया कि तंबाकू उत्पादों के आकर्षण को साक्ष्य-आधारित शिक्षा, सख़्त नीति प्रवर्तन और युवाओं पर केंद्रित वकालत के माध्यम से समाप्त करना आवश्यक है।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और संकाय की उत्साही भागीदारी को सम्मानित किया गया। यह सत्र 100 छात्रों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिनकी सक्रिय भागीदारी ने युवाओं में बढ़ती जागरूकता और तंबाकू नियंत्रण पहलों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्या।

सरकार ने 33,401 पदों पर दूर की शिक्षकों की कमी

योगी सरकार ने 33 हजार माध्यमिक शिक्षकों को किया नियुक्त

विशेष संवाददाता (vol)

- वर्ष 2012 से 2017 तक भर्ती प्रक्रिया रही ठप, मिशन मोड में पूरी की चयन प्रक्रिया

लखनऊ। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से चले आ रहे भर्ती संकट को समाप्त कर व्यवस्था परिवर्तन का नया अध्याय लिखा है। पूर्व में वर्ष 2012 से 2017 तक माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया लगभग ठप रही, जिसके कारण विद्यालयों में शिक्षकों के हजारों पद रिक्त हो गए और शिक्षा व्यवस्था गंभीर चुनौतियों से घिर गई।

वर्ष 2017 में योगी सरकार के गठन के बाद स्थिति तेजी से बदली। सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को मिशन मोड में आगे बढ़ाते हुए पारदर्शिता, सुशासन और मेरिट को केंद्र में रखा, जिसका परिणाम 33,401 पदों पर सफल चयन के रूप में सामने आया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2017 से वर्ष 2022 तक प्रधानाचार्यों के 783, प्रवक्ता के 5,321 तथा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) के 27,297 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रकार कुल 33,401 पदों पर भर्ती कर माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था को नया संबल प्रदान किया गया। माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया की यह सफलता योगी सरकार की नीति, नीयत और नतीजों का स्पष्ट उदाहरण है। सरकार की नीति विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की रही, नीयत पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने की रही, जबकि इसका नतीजा हजारों रिक्त पदों पर भर्ती के रूप में सामने आया। जहां पूर्ववर्ती सरकार के दौरान चयन प्रक्रिया ठहराव का शिकार रही, वहीं योगी सरकार ने लंबित प्रक्रियाओं को गति देकर यह साबित किया कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रभावी प्रशासनिक क्रियान्वयन से वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान संभव है। माध्यमिक शिक्षा में 33 हजार से अधिक पदों पर भर्ती केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह उस बदलाव की कहानी है जिसमें ठप पड़ी चयन प्रक्रिया को गति मिली, युवाओं को अवसर मिला और विद्यालयों को शिक्षक मिले। वर्षों तक भर्ती प्रक्रिया प्रभावित रहने के कारण माध्यमिक विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती बन चुकी थी। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा था। योगी सरकार ने इस चुनौती को शिक्षा सुधार के व्यापक एजेंडे का हिस्सा बनाते हुए रिक्त पदों को भरने की दिशा में ठोस कदम उठाए। परिणामस्वरूप लंबे समय से लंबित चयन प्रक्रियाओं को गति मिली और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। बड़ी संख्या में टीजीटी, प्रवक्ता और प्रधानाचार्यों की नियुक्ति से विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ी है। इससे शिक्षण व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में भी सहायता मिली है। विद्यालयों में शैक्षणिक नेतृत्व को मजबूत करने के लिए प्रधानाचार्यों की नियुक्तियां भी महत्वपूर्ण साबित हुई हैं, जिससे प्रशासनिक दक्षता और शैक्षणिक वातावरण दोनों बेहतर हुए हैं। प्रदेश में ऑपरेशन अलंकार, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण, डिजिटल शिक्षा और नकलविहीन परीक्षा प्रणाली जैसी पहल के साथ-साथ बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाई है। पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता से विद्यालयों में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को नई गति मिली है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार और मजबूत हुआ है।

लोकहित की प्रेरणा देते हैं अहिल्याबाई के कार्य

विशेष संवाददाता

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक माता को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्य आज भी हमें सुशासन और लोकहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, देशभर में मंदिरों, घाटों और धर्मस्थलों के पुनर्निर्माण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से एक आदर्श शासन व्यवस्था का उदाहरण प्रस्तुत करने वाली लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कोटिशः नमन।

उन्होंने कहा कि प्रजा के हित को सर्वोपरि रखते हुए विकास, धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्य आज भी हमें सुशासन और लोकहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। अहिल्याबाई को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश में न्यायप्रिय, धर्मनिरपेक्ष एवं लोक कल्याणकारी महान शासक के रूप में प्रसिद्ध अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर शत-शत नमन एवं अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास की महान शासक अहिल्याबाई होल्कर जी ने अपने आदर्शों, सेवा-भाव और जनहितकारी कार्यों से समाज को नयी दिशा प्रदान की। उनका जीवन नारी शक्ति, सुशासन, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा का प्रेरणा स्त्रोत है। आज उनकी जयंती के पावन अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनके अनुयायियों को शुभकामनाए।

अठारहवीं शताब्दी के मालवा में होल्कर वंश की रानी अहिल्याबाई होल्कर को उनके असाधारण शासन, सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और संस्कृति एवं आध्यात्मिकता के प्रति योगदान के लिए याद किया जाता है।

वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर का सुशासन इतिहास में अमरः अखिलेश

लखनऊ। वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती पर रविवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में सादगी से मनाई गई। लोकमाता के चित्र पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने माल्यार्पण किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अहिल्याबाई जयंती पर कहा कि 18वीं सदी में अपने कुशल शासन, धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और महिला सशक्तिकरण के लिए भारतीय इतिहास में अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर मराठा साम्राज्य के मालवा क्षेत्र की महान महारानी थी। उन्हें लोकमाता भी कहा जाता है। वह शिवभक्त थी। उन्होंने केदारनाथ से रामेश्वर तक पूरे भारत में 100 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। कार्यक्रम में अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, प्रो. बी. पाण्डेय राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा, कृष्ण कन्हैया पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, अम्ब्रीश पुष्कर पूर्व विधायक, सीएल वर्मा उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, जयसिंह जयंत जिलाध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा मणेन्द्र मिश्रा आदि शामिल रहे।

भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेईमानी और झूठ चरम पर : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बेईमानी से चुनाव जीतती है, इस बात को स्वीकार करके भाजपा के विधायक ने भ्रष्ट भाजपाई राजनीति का एनकाउंटर कर दिया है, साथ ही उसके ऊपर बुलडोजर भी चलवा दिया है। देखते हैं अब इन भाजपाई विधायक को पार्टी से निकाला जाता है। भाजपा द्वारा अगला मुख्यमंत्री घोषित किया जाता है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेइमानी और झूठ चरम पर है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गयी है। हर स्तर पर कमीशनखोरी के चलते हर स्तर पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा के भूमाफियाओं ने अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों को भी नहीं छोड़ा। अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, मथुरा आदि जनपदों में बड़े पैमाने पर जमीनों पर कब्जा कर लिया है।

पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र देंगे सीएम

- बिजनौर में होगा भव्य कार्यक्रम, 50 पूर्व सैनिकों/लीजधारकों को भी मिलेगा लाभ

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शोषित-वंचित समुदाय तथा विस्थापितों को निरंतर भूमिधरी अधिकार पत्र मिल रहा है। ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में सुरक्षा, सुविधा व सम्मान मिल रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री सोमवार को बड़े पैमाने पर पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों को भी उनका अधिकार दिलाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिजनौर के आलमपुर गांवड़ी, अफजलगढ़, धामपुर में विकास की बड़ी योजनाओं से स्थानीय लोगों को जोड़ेंगे। वह पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों तथा 50 पूर्व सैनिकों/लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र देंगे। मुख्यमंत्री यहां प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को आवंटन पत्र व चेक वितरित करेंगे। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित विदुर प्रेरणा कैफे का उद्घाटन भी करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले मुख्यमंत्री ने अप्रैल में लखीमपुर खीरी में भी बांग्लादेश से विस्थापित 331 परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित किया था। साथ ही चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया था। सीएम योगी ने मार्च में भी बहराइच के ग्राम पंचायत सेमरहना में आयोजित कार्यक्रम में भरथापुर गांव के 118 लाभार्थियों को 15 लाख रुपये प्रति हितग्राही की दर से पुनर्वास धनराशि एवं कृषि भूमि आदि परिसंपत्तियों के समतुल्य 21.55 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया था।

मन की बात बना जनभागीदारी और राष्ट्रनिर्माण का प्रभावी मंच : धामी

134 वें संस्करण को छात्रावास की बालिकाओं संग सुना

विशेष संवाददाता (vol)

- संवाद, आत्मविश्वास, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का युवा यदि स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासित जीवनशैली और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े तो वह न केवल अपने सपनों को साकार कर सकता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

रविवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बात के 134वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की छात्राओं के साथ कार्यक्रम सुना और उनके साथ संवाद कर जीवन, शिक्षा तथा करियर से जुड़े अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक कार्यों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाला एक सशक्त मंच बन गया है। यह कार्यक्रम समाज में परिवर्तन लाने वाले सामान्य लोगों की प्रेरणादायक कहानियों को सामने लाकर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से समय-समय पर उठाए गए विषय जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुके हैं। स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय उत्पादों के उपयोग और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों में व्यापक जनभागीदारी इसका प्रमाण है। उत्तराखंड में भी इन पहलों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और पारंपरिक खान-पान को अपनाने के संदेश को विशेष रूप से उपयोगी बताते हुए कहा कि भारतीय जीवन शैली में निहित पारंपरिक ज्ञान आज भी स्वास्थ्य और संतुलित जीवन के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल, साहित्य, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी भी व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। इससे युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय का सदुपयोग, कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। चुनौतियों से घबराने के बजाय उन्हें अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों से सशक्त युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को नई गति प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में विधायक महंत दलीप सिंह रावत सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मदरसा बोर्ड के मेधावी होंगे सम्मानित

लखनऊ। प्रदेश सरकार वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें से दोनों वर्गों के टॉप- 3 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया जाएगा। इसके लिए जून के पहले सप्ताह में राजधानी लखनऊ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

प्रदेश सरकार का उद्देश्य मदरसा शिक्षा को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी बनाना है, ताकि अल्पसंख्यक समाज के छात्र-छात्राएं मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। वर्ष 2026 की उप्र. मदरसा बोर्ड परीक्षा में कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था, इसमें से 55,788 छात्रों ने परीक्षा पास की थी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की मेरिट सूची में टॉप-10 में पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल हैं। सभी टॉप-10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) वर्ग में चंदौली के मोहम्मद वसीम ने पहला, मीरजापुर के मोहम्मद कासिम अली ने दूसरा और गोरखपुर की शाइमा परवीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं आलिम (सीनियर सेकेंडरी) वर्ग में शीर्ष तीनों स्थानों पर छात्राओं ने कब्जा जमाया। वाराणसी की जुमी फरीन और शाइस्ता परवीन के साथ अमरोहा की उम्मुल खैर ने टॉप-3 में स्थान बनाया है। इन छात्र-छात्राओं को टैबलेट से सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश सरकार लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है कि अल्पसंख्यक समाज के छात्र आधुनिक शिक्षा से जुड़ें और समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिए गए 'एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कंप्यूटर' के विजन को राज्य सरकार जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास कर रही है।

शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा

1011 परीक्षा केन्द्रों पर 90 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग

विशेष संवाददाता (vol)

- एआई, फेस रिकग्निशन, 22 हजार सीसीटीवी कैमरे व लाइव कमांड कंट्रोल सिस्टम से हुई निगरानी

लखनऊ। प्रदेश में संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 रविवार को प्रदेश के 72 जिलों के 1011 परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक, शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी को सौंपी गई थी। परीक्षा में पंजीकृत 4,44,958 अभ्यर्थियों में से लगभग 90 प्रतिशत अभ्यर्थी दोनों पालियों में शामिल हुए।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश में पारदर्शी, नकलविहीन और तकनीक आधारित परीक्षा प्रणाली का मॉडल बनकर उभरा है। प्रदेश के 72 जिलों में स्थापित 1011 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 पूरी शुचिता, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि परीक्षा में कुल 4,44,958 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 2,72,659 महिला, 1,72,297 पुरुष तथा 2 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी शामिल थे। प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान एवं भाषा विषय की परीक्षा तथा द्वितीय पाली में अभिरुचि परीक्षण एवं विषय योग्यता की परीक्षा आयोजित की गई। दोनों पालियों में लगभग 90 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। कासगंज और पीलीभीत में सर्वाधिक 95 प्रतिशत तथा गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में 84 प्रतिशत उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निगरानी के लिए बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया, जहां से प्रदेश के सभी 1011 परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनिटरिंग की गई। इसके लिए लगभग 22 हजार सीसीटीवी कैमरे और 5651 बायोमैट्रिक मशीनें लगाई गई थीं। परीक्षा के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फेस रिकग्निशन तकनीक, फिंगर प्रिंट आधारित बायोमैट्रिक सत्यापन और रियल टाइम अटेंडेंस सिस्टम का उपयोग किया गया, जिससे केवल वास्तविक अभ्यर्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि आधुनिक एआई सिस्टम के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों के स्ट्रांग रूम, प्रवेश एवं निकास द्वारों तथा परीक्षा कक्षों की लगातार निगरानी की गई। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अनाधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति पर तत्काल कंट्रोल रूम को अलर्ट प्राप्त हुआ और संबंधित केन्द्र से तुरंत संपर्क स्थापित कर स्थिति का सत्यापन किया गया। गोपनीय सामग्री के बॉक्स खोले जाने की सूचना भी सीधे कंट्रोल रूम में प्राप्त होती रही।

यूपीसीडा के विकास कार्यों की थर्ड पार्टी जांच के निर्देश

लखनऊ। राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने औद्योगिक क्षेत्रों में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी जांच व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने गाजियाबाद के सात प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान भारत सरकार के उपक्रम राइट्स लिमिटेड से विकास कार्यों का विस्तृत गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण कार्यों के सैंपल और गुणवत्ता परीक्षण उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराए जाने का फैसला लिया गया है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कविनगर, स्वदेशी औद्योगिक क्षेत्र, बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र, साउथ साइड जीटी रोड, लोहामंडी, मेरठ रोड साइट-3 और साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप औद्योगिक क्षेत्रों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके लिए थर्ड पार्टी ऑडिट व्यवस्था को और प्रभावी बनाने, लंबित विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने तथा आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण और उद्यमियों के साथ हुई बैठक के दौरान ट्रक पार्किंग, पार्कों के विकास, टेस्ट लैब, स्किल डेवलपमेंट सेंटर और एक्सपो सेंटर जैसी सुविधाओं के विस्तार पर भी चर्चा हुई।

सिंचाई विभाग की योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के क्रम में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से रविवार को सिंचाई विभाग मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग प्रदेश में कृषि विकास, जल सुरक्षा, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी 5 जून से एक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के साथ विभागीय जनजागरूकता कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाए। इसके अंतर्गत 5 जून से 21 जून, 2026 तक प्रदेशभर में पदयात्रा, प्रदर्शनी, किसान संवाद, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सिंचाई परियोजनाओं, राजकीय नलकूपों, नहर प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, जल संरक्षण अभियानों, भूजल संवर्धन, आधुनिक सिंचाई तकनीकों तथा विभाग द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी आमजन एवं किसानों तक पहुँचाई जाएगी। बैठक में उपस्थित राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग की विशाल परियोजनाओं, आधारभूत संरचनाओं एवं विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच प्रस्तुत किया जाए, जिससे आमजन विभाग की भूमिका एवं उपलब्धियों से अवगत हो सकें।

सड़क पर जलभराव, नाला उफनाया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रविवार को राजधानी में सुबह से ही बादलों की आवाजाही और धूप-छांव का सिलसिला जारी रहा, लेकिन दोपहर बाद घने बादलों ने आसमान को पूरी तरह ढक लिया। दिन में ही अंधेरा छा गया। इसके बाद तेज झोंकेदार हवाएं चलनी शुरू हुईं, जिनकी रफ्तार 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। देखते ही देखते धूल भरी आंधी ने शहर को अपनी चपेट में ले लिया और शाम करीब पांच बजे तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण कई इलाकों में लोगों को दिन में ही वाहन चलाने के लिए लाइटें जलानी पड़ीं। सड़कों पर अचानक अंधेरा और धूल का गुबार छा गया, जिससे कुछ समय के लिए जनजीवन भी प्रभावित हुआ।

कश्मीरी मोहल्ला वार्ड स्थित पुल गुलाम हुसैन क्षेत्र में भारी बारिश के दौरान दशकों से जलभराव की गंभीर समस्या है। यहां उफनते नाले और सीवर का पानी सड़कों पर भर जाता है, जिससे लोगों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। पार्षद लईक आगा ने बताया कि जलभराव से स्थानीय निवासियों का जीवन दूभर हो जाता है। गुल गुलाम हुसैन क्षेत्र में जलभराव की स्थिति की वजह की बात करें तो क्षेत्र के नालों की समय पर सफाई न होना और जल निकासी की व्यवस्था का कमजोर होना बताया जा रहा है।

बारिश के मौसम में यह मार्ग तालाब में तब्दील हो जाता है। सड़क पर नाली-सीवर का गंदा पानी बहने से पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों

का सामना करना पड़ता है। यहां के अलावा शहर के कई इलाकों में बारिश का पानी सडक पर भर गया 1090 चौराहे के पास, लोहिया पथ, जानकीपुरम, रहीम नगर चौराहे पर जलनिकासी न होने से बारिश का पानी भरने से लोगों को निकलने में समस्या हो रही है।

नाले में उतरकर पार्षद ने परखी सफाई व्यवस्था

मनकामेश्वर वार्ड के टैगोर मार्ग स्थित बड़े नाले की सफाई का निरीक्षण करने पहुंचे पार्षद रंजीत सिंह रविवार को स्वयं नाले में उतर गए। उन्होंने नाले के भीतर जाकर सफाई कार्य का जायजा लिया और सफाई कर्मचारियों को तलीझार की प्रभावी सफाई के तरीके भी बताए। पार्षद ने कर्मचारियों के साथ मिलकर नाला साफ कर कार्य की गुणवत्ता भी परखी। उन्होंने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि केवल ऊपरी सफाई पर्याप्त नहीं है। जब तक नाले की तली में जमी गाद और सिल्ट पूरी तरह नहीं हटाई जाएगी, तब तक सफाई कार्य को पूर्ण नहीं माना जाएगा।

8 साल में बदली सामाजिक विकास की तस्वीर

एनएफएचएस-6 की ताजा रिपोर्ट में यूपी की बड़ी छलांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के ताजा आंकड़ों ने उत्तर प्रदेश में सामाजिक विकास की बदलती तस्वीर को सामने रखा है। वर्ष 2015-16 और 2023-24 के बीच के आंकड़ों की तुलना बताती है कि स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले वर्षों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के व्यापक क्रियान्वयन, महिला कल्याण कार्यक्रमों और बुनियादी ढांचे के विकास का असर अब राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षणों में भी दिखाई देने लगा है। सबसे पहले यदि बुनियादी सुविधाओं की बात करें तो बिजली और स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। वर्ष 2015-16 में जहां केवल 71 प्रतिशत घरों तक बिजली की पहुंच थी, वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 95.8 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार स्वास्थ्य बीमा या किसी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जुड़े परिवारों का प्रतिशत 6.1 से बढ़कर 37.2 प्रतिशत पहुंच गया है। आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी पहलों ने लाखों परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का कवच उपलब्ध कराया है। सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता भी 96.4 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 97.9 प्रतिशत (ग्रामीण) पहुंच गई है, जो जीवन स्तर में सुधार का संकेत है। जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राज्य की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 2015-16 के 2.74 से घटकर 2023-24 में 2.2 रह गई है। यह आंकड़ा जनसंख्या स्थिरीकरण की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है। परिवार नियोजन के किसी भी साधन का उपयोग करने वाली विवाहित महिलाओं का प्रतिशत 45.5 से बढ़कर 63.8 प्रतिशत हो गया है। वहीं ऐसी महिलाएं जो बच्चों के जन्म में अंतर तो रखना चाहती थीं परंतु परिवार नियोजक साधनों का उपयोग नहीं कर पा रहीं थीं, उनकी संख्या में भी काफी गिरावट आई है। यह 18 प्रतिशत से घटकर 10.8 प्रतिशत रह गई है। किशोरावस्था में गर्भधारण के मामलों में भी कमी दर्ज की गई है। 15 से 19 वर्ष आयु वर्ग की युवतियों में मां बनने अथवा गर्भवती होने का प्रतिशत 4 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत हो गया है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। सरकारी अस्पतालों के विस्तार, आशा कार्यकताओं की सक्रियता, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान और जननी सुरक्षा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का असर अब आंकड़ों में दिखाई दे रहा है। वर्ष 2015-16 में केवल 26.4 प्रतिशत महिलाएं गर्भावस्था के दौरान चार या उससे अधिक बार स्वास्थ्य जांच कराती थीं, जबकि अब गर्भावस्था की पहली तिमाही में ही जांच कराने वाली महिलाओं का प्रतिशत 70.6 तक पहुंच गया है। संस्थागत प्रसव की दर 67.8 प्रतिशत से बढ़कर 85 प्रतिशत हो गई है, जो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। टीकाकरण के क्षेत्र में भी प्रदेश ने बड़ी सफलता हासिल की है। वर्ष 2015-16 में 12 से 23 माह आयु वर्ग के केवल 51.1 प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हुआ था। अब यह आंकड़ा बढ़कर 81.4 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मिशन इंद्रधनुष और नियमित टीकाकरण अभियानों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इससे बच्चों में गंभीर बीमारियों का खतरा कम हुआ है और बाल स्वास्थ्य में सुधार आया है। कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में भी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

चौक गुरुद्वारा में 233 मरीजों को मिला उपचार

लखनऊ। चौक के लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारा में रविवार को मेगा फ्री मेडिकल कैम्प में 233 मरीजों को उपचार मिला, इसमें मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा रही, जोकि विभिन्न आयु वर्ग के महिला-पुरुष शामिल थे। बीबी सुरजीत कौर वेलफेयर सोसायटी एवं रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र की ओर से आयोजित शिविर में केजीएमयू के रेस्पिरेटरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सूर्यकांत, लोहिया संस्थान के पेन मेडिसिन विभाग के प्रो. अनुराग, डा. नितिन मिश्रा, हृदय रोग से डा. हिमांशु रस्तोगी, ईएनटी डा. कबीर शर्मा, हड्डी रोग के डा.शशांक सिंह सहित होम्योपैथिक, फिजियोथेरेपी सहित अन्य विधाओं के चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श दिया। केन्द्र के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि मरीजों को उपचार के साथ मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध करायी गयी हैं। हम भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

कैंसर रोगियों की दवाएं और इंजेक्शन घोटाले से जुड़े कर्मी हटे

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के यूरोलॉजी विभाग में असाध्य योजना के तहत कैंसर मरीजों को दी जाने वाली दवाएं एवं इंजेक्शन घोटाले के आरोप में दवा वितरण में लगे कर्मचारियों को हटाकर विभागाध्यक्ष कार्यालय से संबद्ध किया गया है। साथ ही इन्हें लखनऊ न छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। इस मामले की रिपोर्ट सोमवार तक आने की उम्मीद है। दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर रिकवरी कराई जाएगी। केजीएमयू के यूरोलॉजी विभाग में प्रोस्टेट, गुर्दा, पेशाब की थैली के कैंसर पीड़ितों का इलाज मुहैया कराया जा रहा है। असाध्य योजना से गरीब रोगियों को निःशुल्क दवाएं मुहैया कराई जाती हैं। असाध्य योजना में पंजीकृत कैंसर मरीजों के नाम पर महंगी दवाओं की हेराफेरी कर सरकारी रुपये के दुरुपयोग की आशंका है। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया कि इस मामले की जांच पांच सदस्यीय कमेटी कर रही है।

लखनऊ व्यापार मंडल का चुनाव सात को

लखनऊ। लखनऊ व्यापार मण्डल के 22वें त्रिवार्षिक चुनाव-2026 का कार्यक्रम चुनाव अधिकारी अनिल वरमानी और भारत भूषण गुप्ता ने संयुक्त रूप से जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 1 जून 2026 से नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। 3 जून नामांकन पत्र जमा करने एवं प्राप्त करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। 4 जून को नामांकन पत्रों की जांच कर वैध प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित की जाएगी। 5 जून को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 6 जून को अंतिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन किया जाएगा तथा 7 जून को मतदान एवं चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। चुनाव अधिकारियों ने सभी सदस्यों से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव प्रक्रिया में सहभागिता करने तथा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक चुनाव सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करने की अपील की।

गोमती नदी के सभी घाटों के जीर्णोद्धार व कृत्रिम जलाशय के निर्माण की मांग

लखनऊ। स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना, लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे गोमती नदी स्वच्छता अभियान के 419वें रविवार को हनुमान सेतु के निकट झूलेलाल पार्क स्थित गोमती नदी तट एवं तलहटी पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लेकर लगभग 10 कुंतल कचरा, सिल्ट, पॉलीबैग तथा सैकड़ों मूर्तियां निकालकर नगर निगम को सुपुर्द कीं। इस अवसर पर पार्षद एवं अभियान संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को एक लिखित पत्र भेजकर गोमती नदी के सभी घाटों के जीर्णोद्धार तथा विसर्जन सामग्री के लिए घाटों के निकट कृत्रिम जलाशयों के निर्माण की मांग की।

राम अचल को प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

लखनऊ। नगर निगम कर्मचारी संघ के पूर्व महामंत्री स्व.राम अचल की प्रथम पुण्यतिथि पर संघ की ओर से श्रद्धांजलि सभा एवं अचल पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समस्त पदाधिकारियों/कर्मचारियों ने अपने साथी स्व. राम अचल को याद कर उनके संघर्षों का स्मरण कर अपने विचार व्यक्त किये और भावपूर्ण मन से श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में स्व.महामंत्री के ज्येष्ठ पुत्र डॉ.अनुराग भारती, छोटे पुत्र कुलदीप भारती ने अपने पिता को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने स्व.राम अचल के संघर्षों के परिणाम स्वरूप ही आज नगर निगम कर्मचारी और जल संस्थान के कर्मचारियों को गृहकर जलकर, सीवर कर मुक्त हो सका साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मैट्रिक पेंशन का लाभ तथा अन्य तमाम कर्मचारी हितार्थ उपल्ब्धियो के बारे में वर्णित किया।

पीजीआई में डाक्टर समेत 10 कर्मियों को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

लखनऊ। पीजीआई में रविवार को संस्थान से सेवानिवृत्त होने वाले डाक्टर समेत 10 कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने संस्थान में पहली बार वर्ष 2020 में कर्मचारियों की समर्पित सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की थी। सेवानिवृत्त होने वालों में जनरल अस्पताल की डॉ. प्रेरणा कपूर के अलावा डीएनएस माधुरी स्मिथ, एंसी जयराज, मुख्य तकनीकी अधिकारी ताजवर सिंह नेगी, रश्मि सिंह, प्रेमा देवी, सुमन कश्यप, संदीप कुमार, सुचेता सिंह, एलिजाबेथ चरण हैं। वर्ष 1994 में पीजीआई में कार्यभार संभालने वाली डॉ. प्रेरणा कपूर ने संस्थान में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी समेत कई अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं।

योगेन्द्र सिंह दोबारा बने प्रदेश युवा महामंत्री

लखनऊ। उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों गठन के बाद बरेली में आयोजित शपथ ग्रहण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में नव मनोनीत युवा पदाधिकारियों का शपथ दिलाई गयी। शपथ ग्रहण समारोह में व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंघी एवं प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द ने लखनऊ से प्रदेश युवा महामंत्री के पद पर योगेन्द्र सिंह को शपथ दिलाई। योगेन्द्र सिंह को दोबारा मनोनीत किया गया। उनके साथ लखनऊ युवा अध्यक्ष के पद पर संजय जायसवाल ने शपथ ली। इस अवसर पर लखनऊ नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, वरिष्ठ अरविंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष मंगलेश मिश्रा सुशील जायसवाल संगठन मंत्री श्याम मिश्रा ने बधाई दी।

युवाओं का जोश व खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से आयोजित सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत इंटर स्कूल एवं इंटर क्लब क्रिकेट प्रतियोगिताओं में युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। यह प्रतियोगिता युवाओं को प्रतिभा प्रदर्शन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करने का मंच प्रदान कर रही है।

इंटर-स्कूल प्रतियोगिता में मैरी गार्डिनर्स कॉन्वेंट स्कूल ने सूर्या पब्लिक स्कूल को 9 विकेट से हराया, जिसमें खुर्रम अली मैन ऑफ द मैच रहे। वहीं एसकेडी अकादमी (रेड) ने मैरी गार्डिनर्स कॉन्वेंट स्कूल को 5 विकेट से हराया, जहां अथर्व तिवारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इंटर-क्लब मुकाबलों में मैवरिक्स क्रिकेट टीम ने एमएन किंग्स इलेवन को 21 रन से हराया, जबकि पर्पल सीज क्रिकेट क्लब ने आरबीएस सेंटर, लतीफ नगर को 34 रन से पराजित किया। इन मुकाबलों में क्रमशः अभिषेक और विकास कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुकाबले में निर्धारित आयु मानकों का पालन न करने पर हनुमत क्रिकेट क्लब को अयोग्य घोषित किया गया, जिसके बाद मॉर्निंग जय जगत पार्क को वॉकओवर दिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को क्रिकेट किट, खिलाड़ियों को टी-शर्ट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर आयोजित सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग आज क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई पहचान देने, प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम बन रही है।

समाज को सही दिशा देने का माध्यम पत्रकारिता : भारत सिंह

लखनऊ। नारद जयंती और हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पत्रकारिता एवं सोशल मीडिया पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महापुरुष स्मृति समिति और मीडिया को-ऑप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम पार्क रोड, हजरतगंज स्थित सेंटर कोर्ट बिल्डिंग परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक भारत सिंह ने कहा कि आज डिजिटल युग में पत्रकारिता सिर्फ खबर देने तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह समाज को सही दिशा देने का माध्यम बन गई है। वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया सूचना को तुरंत पहुंचाने का एक अच्छा माध्यम है, लेकिन इसके साथ ही गलत सूचनाओं की पहचान की चुनौती भी बढ़ गई है। वरिष्ठ पत्रकार पद्माकर पांडेय ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता की 200 वर्ष की यात्रा गौरवशाली रही है। वरिष्ठ पत्रकार आशीष मौर्य ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में हिंदी पत्रकारिता की शाब्दिक समीक्षा जरूर होनी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विनय तिवारी, आशीष मौर्य, बृजनंदन राजू, डॉ. सतेंद्र त्रिपाठी, संतोष कुमार सिंह, शम्भू शरण वर्मा, भास्कर सिंह, एडवोकेट अनुरक्त सिंह, पत्रकार अमर बहादुर, ज्योतिषाचार्य अभिषेक सिंह, अजय शर्मा, जितेंद्र कुमार वर्मा, सहित मीडिया जगत के कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

आज 19 ट्रेनें चारबाग नहीं आयेंगी, कॉनकोर्स निर्माण के चलते 55 के प्लेटफॉर्म बदले

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। स्टेशन पर कॉनकोर्स निर्माण कार्य के चलते 31 मई और 1 जून को छह-छह घंटे का बड़ा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया गया है। इस ब्लॉक का असर रेल संचालन पर व्यापक रूप से पड़ने वाला है। रेलवे के अनुसार इस दौरान कुल 74 ट्रेनें प्रभावित होंगी, इनमें 19 ट्रेनों का रूट पूरी तरह डायवर्ट कर दिया गया है, जबकि 55 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म बदल दिए गए हैं।

रेलवे प्रशासन ने यह फैसला 29 मई को प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर टिन शेड गिरने की घटना के बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया है। ब्लॉक के दौरान 31 मई और 1 जून को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 5 पर किसी भी ट्रेन का संचालन नहीं होगा। इसके अलावा प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर आगामी 23 जून तक ट्रेनों का संचालन पूरी पू तरह बंद रहेगा। वहीं प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर प्रतिदिन छह घंटे का आंशिक ब्लॉक लागू रहेगा।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की गयी है कि स्टेशन के लिए घर से निकलने से पहले अपनी ट्रेन की लाइव स्थिति जरूर जांच लें। इसके लिए यात्री एनटीईएस ऐप, रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 139 का उपयोग कर सकते हैं। रेलवे का कहना है कि इससे यात्रियों को अनावश्यक परेशानी और भ्रम से बचने में मदद मिलेगी।

कई प्रमुख ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है, इनमें सहारनपुर-प्रयागराज संगम, आनंद विहार-दानापुर, टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी, टनकपुर-शक्तिनगर त्रिवेणी, प्रयागराज संगमसहारनपुर, सिंगरौली-टनकपुर, शक्तिनगर-टनकपुर, बनारस-देहरादून और प्रयागराज संगम-ऋषिकेश जैसी ट्रेनें आलमनगर और उतरेटिया के रास्ते संचालित की जाएंगी। वहींहावड़ा-दिल्ली एक्सप्रेस भी उतरेटिया और आलमनगर के रास्ते चलेगी। वहींगोरखपुर-आनंद विहार हमसफर, गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस, गोरखपुर-बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस, मऊ-आनंद विहार एक्सप्रेस, आनंद विहार-नाहरलगुन एक्सप्रेस और साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस चारबाग स्टेशन नहीं आएंगी और बादशाहनगर तथा ऐशबाग स्टेशनों पर ठहरेंगी।

- घर से निकलने से पहले अपनी ट्रेन की लाइव स्थिति जरूर जांच लें

यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत : प्रवीण पाण्डेय

लखनऊ। उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पीसीसीएम) प्रवीण पाण्डेय ने रविवार को लखनऊ एवं आलमनगर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। प्लेटफॉर्म शेड हादसे में घायल हुए टिकट परीक्षक भूपेन्द्र सिंह से मिलकर हाल जाना। प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी पंकज सिंह के साथ लखनऊ स्टेशन पर कॉनकोर्स परियोजना का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की प्रगति, संरक्षा मानकों के अनुपालन तथा यात्रियों की सुविधा के लिए किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा की। आलमनगर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में वृद्धि एवं अधिक ट्रेनों के ठहराव की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

बादशाह नगर स्टेशन पर पंखे खराब

लखनऊ। लखनऊ के बादशाह नगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को गर्मी में बैठना मजबूरी बन गया है। प्लेटफार्म पर लगे पंखे खराब हैं और उनकी मरम्मत नहीं हो रही। यात्रियों ने रेलवे से शिकायत की है कि गर्मी से राहत के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, जबकि अन्य स्टेशनों पर पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। यात्री अनुपम ने सोलश मीडिया पर रेलवे से शिकायत की है। उन्होंने अपनी शिकायत में खराब पंखों की फोटो भी टैग की है। उनका कहना है कि टिकट के लिए एक पैसा भी रेलवे कम नहीं करता है।

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन / टर्मिनल परिवर्तन / प्लेटफॉर्म परिवर्तन

लखनऊ (एन.आर.) स्टेशन पर ट्रैफिक ब्लॉक के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन / टर्मिनल / प्लेटफॉर्म में बदलाव किया जाएगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

गाड़ी सं.	रेलगाड़ी का नाम	वर्तमान मार्ग	संशोधित मार्ग	तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से)
13258	आनंद विहार (ट) - दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस	आलमनगर–लखनऊ–उतरेटिया जं.	आलमनगर–ट्राँसपोर्ट नगर–उतरेटिया जं.	01.06.2026
15074	टनकपुर – सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस	आलमनगर–लखनऊ–उतरेटिया जं.	आलमनगर–ट्राँसपोर्ट नगर–उतरेटिया जं.	01.06.2026
14241	प्रयागराज संगम–सहारनपुर जं.–नौचंदी एक्स.	उतरेटिया जं.–लखनऊ–आलमनगर	उतरेटिया जं.–ट्राँसपोर्ट नगर–आलमनगर	01.06.2026
15119	बनारस – देहरादून एक्सप्रेस	उतरेटिया जं.–लखनऊ–आलमनगर	उतरेटिया जं.–ट्राँसपोर्ट नगर–आलमनगर	01.06.2026
19410	छपरा - साबरमती बीजी एक्सप्रेस	बाराबंकी जं.–लखनऊ–मानक नगर	बाराबंकी जं.–मल्हौर–ऐशबाग–कानपुर सेंट्रल	01.06.2026
12555	गोरखपुर जं. – बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस	बाराबंकी जं.–लखनऊ–मानक नगर	बाराबंकी जं.–मल्हौर–ऐशबाग–कानपुर सेंट्रल	01.06.2026

टर्मिनल का परिवर्तन

गाड़ी सं.	रेलगाड़ी का नाम	लखनऊ स्टेशन पर समय		वर्तमान टर्मिनल	संशोधित टर्मिनल	तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से)
		आगमन	प्रस्थान			
64214	कानपुर सेंट्रल – लखनऊ एमईएमयू	21:15	समाप्त	लखनऊ स्टेशन पर समाप्त	लखनऊ एनईआर पर समाप्त	01.06.2026
64203	लखनऊ – कानपुर सेंट्रल एमईएमयू	प्रारंभ	07:05	लखनऊ स्टेशन से प्रारंभ	लखनऊ एनईआर से प्रारंभ	01.06.2026 एवं 02.06.2026

लखनऊ स्टेशन पर दिनांक 01.06.2026 को प्लेटफॉर्म सं. में बदलाव

गाड़ी सं.	रेलगाड़ी का नाम	लखनऊ स्टेशन पर समय		वर्तमान प्लेटफॉर्म संख्या	संशोधित स्थानांतरण प्लेटफॉर्म सं.
		आगमन	प्रस्थान		
	प्लेटफॉर्म सं. 4 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण				
13019	हावड़ा जं. – काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस	00:20	00:30	4	7
22541	बनारस–आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ	00:55	01:05	4	7
12317	कोलकाता टर्मिनल – अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस	02:30	02:40	4	6
19270	मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन–पोरबंदर एक्सप्रेस	04:15	04:25	4	7
15909	डिब्रुगढ़ – लालगढ़ जं. अवध असम एक्सप्रेस	05:10	05:20	4	3
20503	डिब्रुगढ़ – नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस	05:45	05:55	4	6
15744	बठिंडा – बालुरघाट फ़रक्का एक्सप्रेस	08:15	08:25	4	3
64204	कानपुर सेंट्रल–लखनऊ एमईएमयू	09:20	समाप्त	4	3
14047	सीतामढ़ी – दिल्ली जं. अमृत भारत एक्सप्रेस	11:35	11:45	4	6
19306	कामाख्या –डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस	12:00	12:10	4	6
12875	पुरी – आनंद विहार टर्मिनल नीलाचल सुपरफास्ट एक्सप्रेस	13:25	13:35	4	6
64211	लखनऊ जं. –कानपुर सेंट्रल एमईएमयू	प्रारंभ	14:35	4	7
13005	हावड़ा जंक्शन–अमृतसर मेल	15:20	15:30	4	7
15119	बनारस–देहरादून एक्सप्रेस	16:05	16:15	4	7
12391	राजगीर–नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस	19:55	20:05	4	7
13009	हावड़ा जंक्शन – योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस	20:25	20:35	4	7
12392	नई दिल्ली–राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस	21:20	21:30	4	7
13258	आनंद विहार टर्मिनल–दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस	22:00	22:10	4	7
12557	मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन–आनंद विहार टर्मिनल सप्तक्रांति एक्सप्रेस	23:35	23:45	4	6
	प्लेटफॉर्म सं. 5 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण				
14863	वाराणसी सिटी – जोधपुर जंक्शन मरुधर एक्सप्रेस	00:00	00:15	5	6
14235	वाराणसी – बरेली एक्सप्रेस	06:38	06:48	5	7
22489	वाराणसी – मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस	13:40	13:50	5	7
64255	उतरेटिया जं. – कानपुर सेंट्रल एमईएमयू	17:45	17:55	5	7
12184	मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ – भोपाल जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस	22:25	22:35	5	7
22425	अयोध्या कैंट–आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस	17:10	17:15	5	7
14123	मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–कानपुर सेंट्रल इंटरसिटी	07:40	07:45	5	7
	प्लेटफॉर्म सं. 3 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण				
12143	लोकमान्य तिलक – सुल्तानपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस	14:40	14:50	3	1
13151	कोलकाता टर्मिनल – जम्मू तवी एक्सप्रेस	11:15	11:25	3	6
	प्लेटफॉर्म सं. 2 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण				
64212	कानपुर सेंट्रल – लखनऊ एमईएमयू	14:15		2	7
13307	धनबाद जंक्शन – फिरोजपुर कैंट गंगा सतलज एक्सप्रेस	14:45	14:55	2	1
12173	लोकमान्य तिलक – मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ उद्योग नगरी एक्सप्रेस	15:30	15:40	2	6
13152	जम्मू तवी–कोलकाता टर्मिनल एक्सप्रेस	17:00	17:10	2	1

लखनऊ स्टेशन पर दिनांक 02.06.2026 को प्लेटफॉर्म सं. में बदलाव

गाड़ी सं.	रेलगाड़ी का नाम	लखनऊ स्टेशन पर समय		वर्तमान प्लेटफॉर्म संख्या	संशोधित स्थानांतरण प्लेटफॉर्म सं.
		आगमन	प्रस्थान		
	प्लेटफॉर्म सं. 4 पर आने वाली रेलगाड़ियों का स्थानांतरण				
13019	हावड़ा जंक्शन – काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस	00:20	00:30	4	7

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

आंधी-बारिश में दीवार गिरने से छात्र की मौत

- रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर मजरा इशूखेड़ा गांव में हुआ हादसा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर मजरा इशूखेड़ा गांव में रविवार दोपहर तेज आंधी-तूफान और बारिश के दौरान हुए हादसे में एक 10 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। घर के बाहर बारिश में नहा रहे बालक पर अचानक दीवार गिर गई, जिससे वह मलबे में दब गया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, गोपालपुर मजरा इशूखेड़ा निवासी सुरेश का पुत्र अनमोल (10) गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। रविवार को भीषण गर्मी के बाद हुई बारिश में वह घर के बाहर आरसीसी सड़क किनारे नहा रहा था। इसी दौरान तेज हवाओं और लगातार हो रही बारिश के कारण घर के बाहर बनी

करीब चार फीट ऊंची दीवार अचानक भरभराकर उसके ऊपर गिर गई।

मृतक के पिता सुरेश ने बताया कि बारिश का पानी दीवार के किनारे जमा हो गया था। तेज आंधी के चलते दीवार कमजोर होकर अचानक बेटे के ऊपर गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मासूम की असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी शोक की लहर व्याप्त है।

माल में पक्की दीवार गिरने से दो घायल : क्षेत्र में रविवार दोपहर बाद आयी तेज आंधी पानी में माल कस्बा में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूत्रों के अनुसार माल निवासी कमल रस्तोगी की दूसरी मंजिल पर बनी पक्की दीवाल ढह गयी। जिसका मलबा पड़ोस की दो परचून की दुकानों पर गिर गया। जिससे दोनों परचून की दुकानों पर हजारों का सामान मलबे में बिखरने के साथ ही बारिश के पानी से भीग गया। जिससे परचून दुकानदारों को हजारों के नुकसान के साथ ही टीन सेट टूट गये। वहीं परचून दुकानदार रामलाल के सिर पर ईंटें गिरने से सिर फट गया। जिन्हें तत्काल निजी अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया। उधर रामलाल की परचून की दुकान पर ग्राहक दुर्गेश सिंह निवासी रनीपारा गांव समान खरीद रहे थे, जिनके ऊपर टीन आ गिरी जिससे बायां हाथ की हड्डी और नसें कट गयी। जिन्हें लखनऊ के ट्रामा के नजदीक शिफ्ट हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया हैं। परचून दुकानदार दोनों भाइयों कन्हैया लाल और राम लाल का लाखों रुपए का सामान भीगकर तहस नहस हो गया है।

कूड़े के ढेर में मिला युवक का शव

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में रविवार की सुबह किसान पथ के नीचे लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर कूड़े के ढेर पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सोशल मीडिया व अन्य तकनीकोनक प्रयोग करते हुए शव की शिनाख्त कराई। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रचार के बाद शव की शिनाख्त ग्राम लालपुर थाना हैदरगढ़ जिला बाराबंकी निवासी विनय मिश्रा (40) के रूप में हुई। भाई विकास मिश्रा ने बताया कि वह नशे का आदि था। वह पिछले काफी दिनों से घर पर ही रह रहा था। लेकिन दो दिन पूर्व शुक्रवार को वह डाला चलाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन वापस नही पहुंचा तो रविवार को हैदरगढ़ कोतवाली पहुंच कर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराने पहुंचा तो सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस द्वारा भेजी गई फोटो दिखाई गई। जिसके बाद भाई विकास मिश्रा ने शव की शिनाख्त विनय मिश्रा के रूप में की। उन्होंने पुलिस को बताया कि भाई नशे का आदि था। पुलिस को शव के पास से सीरेंज व कुछ नशीली दवा भी मिली है। इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी डीके उपाध्याय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में तीन की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। इंदिरानगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क हादसे में 11वीं के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका मौसेरा छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। कल्याणपुर निवासी अनास अपनी यामाहा फ1-5 स्पोर्ट्स बाइक से मौसेरे भाई अयान के साथ मुंशी पुलिया की ओर जा रहा था। उसी दौरान हादसा रात करीब 10 बजे सेक्टर-25 के पास किसी वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए।

स्थानीय लोगों से सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान अनास की मौत हो गई। अयान का निजी अस्पताल में गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। परिजनों के अनुसार, अनास 11वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता टेलरिंग का काम करते हैं। परिवार में छोटा भाई अली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा सके।

वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत : कृष्णानगर कोतवाली इलाके में एक माह पूर्व एक अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक के भाई ने अंतिम क्रिया के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मूल रूप से ग्राम-देवीखेड़ा थाना-रहीमाबाद जिला-लखनऊ निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र छोटेलाल ने बताया बीते 25 अप्रैल को उसका भाई सुशील कुमार अपने मित्र सरवन के साथ बाइक संख्या यूपी 32 क्यू ए 2346 पर पीछे बैठकर मदारी खेड़ा से बुध्देश्वर अपने घर जा रहा था। इस दौरान कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित वालाजी मंदीर के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने उसके भाई की बाइक मे टक्कर मार फरार हो गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और बाइक पर पीछे बैठा उसका भाई सुशील गम्भीर रूप से चोटिल हो गया था जिसे इलाज के लिए नजदीकी लोकवन्धु अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सड़क हादसे में स्टेशनरी विक्रेता की मौत : हजरतगंज में जियामऊ के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार स्टेशनरी दुकान संचालक की दुकान हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हुए। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने उनकी शिनाख्त करते हुए घरवालों को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, अमीनाबाद स्थित मारवाड़ गली निवासी जसबीर सिंह (65) की स्टेशनरी की दुकान है। भाई तेजेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी भतीजी का गोमती नगर के स्कूल में परीक्षा थी। उनके भाई जसबीर छुट्टी के बाद भतीजी को लेने के लिए गोमती नगर स्कूटी से जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में जियामऊ के पास किसी तेज रफ्तार वाहन में उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने उनके मोबाइल से घटना की जानकारी घर वालों को दी।

नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

- परिवारीजनों ने कहा स्कॉर्पियो के लिए पति व ससुर ने की हत्या
- डेढ़ साल पहले हुई थी शादी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सआदतगंज थाना क्षेत्र में नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालवालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही स्कॉर्पियो की मांग की जाने लगी। उसके पति-ससुर, ननदों और बुआ सास ने हत्या कर दी। मृतका के उसके चाचा सुनील कुमार वर्मा ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

सुनील ने शिकायत में बताया है कि उन्होंने अपनी भतीजी मानसी (23) की शादी 9 दिसंबर 2024 को सागर राजपूत निवासी झब्बारन काला फाटक सआदतगंज के साथ हुई थी। शादी में हैसियत के अनुसार करीब सात लाख रुपए नकद, तिलक और अन्य घरेलू सामान दिया गया था। मानसी को उसका 6 माह का बेटा है। मायका कानपुर के टीपीनगर बगाही में है। आरोप है कि पति सागर, ससुर राजेश, ननदोई अनु, ननदें बरखा और चांदनी और बुआ सास आशा अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। स्कॉर्पियो न मिलने पर मानसी को प्रताड़ित करते थे।

मानसी भी इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहती थी। लोगों का कहना है कि मानसी की रील्स से पता चलता था कि पति-पत्नी में बॉन्डिंग थी। मानसी भी इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहती थी। मायकेवालों का आरोप है कि विवाहिता ने कई बार फोन कर ससुराल में हो रही प्रताड़ना की जानकारी दी थी। इसके बाद परिवार के लोग कई बार लखनऊ आकर दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास भी करते रहे। उसे यह कहकर समझाते रहे कि नई शादी है, समय के साथ हालात सुधर जाएंगे।

चाचा सुनील ने बताया कि शनिवार को रिश्तेदारों के माध्यम से सूचना मिली कि उनकी भतीजी ने फांसी लगा ली है। लेकिन, ऐसा नहीं था, दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों ने उसकी हत्या की है। आत्महत्या दशार्ने के लिए शव को टांग दिया। इस मामले में पति समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

दुष्कर्म मामले में दो आरोपितों ने किया न्यायालय में समर्पण

लखनऊ। जौनपुर की रहने वाली व दिल्ली में रह कर यूपीएससी की तैयारी कर रही छात्रा से सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपित शिवम यादव और उसके साथी शनि ने शनिवार को पुलिस को चकमा देकर सीजीएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। दोनों आरोपितों पर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस अब दोनों की रिमांड लेकर उनसे पूछताछ करेगी। दोनों आरोपितों ने सरेंडर के लिए शुक्रवार को कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। शनिवार को दोनों ने चुपचाप अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। जांच अधिकारियों का कहना है कि घटना के दिन आरोपितों द्वारा पहने गए कपड़ों समेत कुछ अहम साक्ष्यों की बरामदगी के लिए पुलिस रिमांड पर लेना होगा।

सूत्रों का कहना है कि पीड़िता अपने बयानों में कई बिंदुओं पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। वह शिवम यादव को बचाने की बात कर रही है, जबकि उसके पिता आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई कर रही है। पीड़िता से यह जानकारी जुटाई जा रही है कि मोबाइल डाटा क्यों डिलीट किया। घटना के बाद दिल्ली जाते समय चार घंटे तक मुख्य आरोपित शिवम यादव से मैसेज के जरिये बातचीत होने की बात भी सामने आई है। विदित हो कि जौनपुर निवासी छात्रा दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेज में बीए आनर्स की पढ़ाई के साथ यूपीएससी की तैयारी कर रही है। आरोप है कि 15 मई को दिल्ली जाते समय उसने परिचित शिवम यादव को मैसेज किया था। शिवम अपने साथी शनि यादव के साथ चारबाग स्टेशन पहुंचा और उसे सुशांत गोल्फ सिटी स्थित कमरे पर ले गया था।

जानलेवा हमले में हिस्ट्रीशीटर रोहन सिंह लखनऊ में गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अयोध्या के कुमारगंज थाना क्षेत्र में पिता-पुत्र जानलेवा हमले के मामले में वांछित हिस्ट्रीशीटर रोहन सिंह को पुलिस ने लखनऊ में महिगवां थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। रोहन स्कॉर्पियो से भागने की कोशिश कर रहा था, तभी अयोध्या पुलिस ने लखनऊ में घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। वह स्कॉर्पियो से भाग रहा था और पुलिस टीम उसका पीछा कर रही थी, तभी महिंगवा क्षेत्र में उसकी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक नाले में पलट गई। हादसे के बाद रोहन वाहन से निकलकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। इस गिरफ्तारी में अयोध्या पुलिस के साथ बीकेटी, महिंगवा और सैरपुर पुलिस भी शामिल थी।

ये मामला जनपद अयोध्या के कुमारगंज थाना क्षेत्र के पूरे विंध्या पांडेय गांव निवासी शीतला प्रकाश पांडेय की शिकायत से जुड़ा है। उन्होंने बताया था कि 21 मई की शाम वह घर पर भोजन कर रहे थे, तभी खंडासा क्षेत्र के अंजरौली पूरे बेड़ियन गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर रोहन सिंह अपने साथियों के साथ पहुंचा और उन पर जानलेवा हमला किया।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने जिले के प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही से शिकायत की थी। पीड़ित शिवम की मां नीलम पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने रोहन सिंह, हिमांशु और 4 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद अयोध्या पुलिस ने बीकेटी, महिंगवा और सैरपुर थाना पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर घेराबंदी की। पीछा करने के दौरान उसकी स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई और अंततः पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर निकाली रैली

लखनऊ। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई को मद्य निषेध विभाग द्वारा तम्बाकू एवं गुटखा जनित नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली बीमारियों एवं दुष्परिणामों के प्रति जन जागरुकता के लिए रैली व पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और तम्बाकू व गुटखा के हानिकारक प्रभावों और इससे होने वाली बीमारियों के खतरे के बारे मे संदेश देना था। यह जागरूकता रैली कार्यालय क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी, 27 अशोक मार्ग से महात्मा गांधी की प्रतिमा जीपीओपार्क तक आयोजित की गई। रैली को राज्य मद्यनिषेध अधिकारी ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक स्वैच्छिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं सहित लगभग 300 लोगों ने शिरकत की।

बिजली हादसों के खिलाफ आज होगा शक्ति भवन पर प्रदर्शन

लखनऊ। कम वेतन पर कार्य कर अपना जान जोखिम में डालने वाले बिजली संविदा कर्मियों की वर्टिकल व्यवस्था में और दुर्घटना दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। बीते एक वर्ष के आकड़ो पर नजर डाले तो 30 से अधिक संविदकर्मियों की जान जा चुकी है। ऐसे में प्रबंधन के खिलाफ संविदाकर्मियों ने प्रदर्शन किया। मध्यांचल विद्युत निगम में मैनपावर की कमी और सुरक्षा नियमों की अनदेखी से 37 दिनों में 36 हादसे हुए, जिनमें 22 मौतें हुईं। इसके विरोध में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ 01 जून से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। संघ के महामंत्री देवेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि सोमवार को सुबह 10 बजे शक्ति भवन, लखनऊ पर श्रद्धांजलि सभा और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

फरार चल रहा हत्याभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। चिनहट पुलिस व सर्विलांस टीम पूर्वी जोन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त अरबाज खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि दर्ज मुकदमे में थाना चिनहट पुलिस ने अनस खान (19) पुत्र अनीश खान निवासी कल्याणी विहार कमता थाना चिनहट व आशु निषाद पुत्र सचिन निषाद निवासी कल्याणी विहार कमता थाना चिनहट व प्रियांशु गुप्ता (21) पुत्र बृजेश कुमार गुप्ता निवासी कल्याणी विहार कमता थाना चिनहट को 26 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था और इस मामले में वांछित चल रहे अरबाज खान को रविवार को दबोचा। वांछित अरबाज की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रूपए का इनाम घोषित था।

पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

लखनऊ। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देशन में संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत बंथरा पुलिस ने रविवार को कटी बगिया स्थित टेंपो स्टैंड के पास जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं और आम नागरिकों को उनकी सुरक्षा, अधिकारों तथा विभिन्न सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान उपनिरीक्षक रमेश चंद्र, उपनिरीक्षक सीमा सिंह, महिला कांस्टेबल आरती त्रिपाठी, महिला पीआरडी कर्मी सुशीला और एंटी रोमियो टीम के अन्य सदस्यों ने मौजुद महिलाओं, बच्चियों और पुरुषों को मिशन शक्ति अभियान की जानकारी दी। पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1076, 1098 तथा साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930 नंबर की उपयोगिता बताई। साथ ही पुलिस टीम ने लोगों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील की। इसके अलावा महिला हेल्प डेस्क, महिला सुरक्षा केंद्र, यूपी कॉप ऐप और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। अभियान के दौरान साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वहीं स्थानीय लोगों ने अभियान की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी बताया।

श्वान को मारने के मामले में मुकदमा दर्ज

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर गांव में बीते दिनों एक कुत्ते को बेरहमी से पीट-पीटकर मार डालने और उसके शव को नहर में फेंकने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में पशु संरक्षण को लेकर कार्यरत संस्था 'आसरा द हेल्पिंग हैंड्स' और 'उम्मीद-द रेस्क्यू हैंड्स' की ओर से आरोपी के खिलाफ बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक लोहे की रॉड से कुत्ते को बेरहमी से पीटता और बाद में उसके शव को टांग पकड़कर घसीटते हुए ले जाता दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों ने वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान नटकुर गांव निवासी रमन गौतम के रूप में की थी। ग्रामीणों के मुताबिक मंगलवार सुबह रमन गौतम अपने खेत से एक मोर का बच्चा पकड़कर लाया था, जिसे उक्त कुत्ते ने मार डाला। इसी बात से नाराज होकर रमन ने देर शाम गांव की एक गली के किनारे बैठी मादा कुतिया (बिच) पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोप है कि घटना के बाद उसने शव को घसीटते हुए नहर में फेंक दिया। मामला सामने आने पर बिजनौर पुलिस ने पहले ही आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। इसके बाद पशु अधिकार कार्यकर्ता एवं ₹आसरा द हेल्पिंग हैंड्स₹ तथा ₹उम्मीद-द रेस्क्यू हैंड्स₹ संस्था की सदस्य अनु बोस ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

बंद मकान से चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

लखनऊ। आशियाना पुलिस ने थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच में बंद मकान का ताला तोड कीमती जेवरात चोरी घटना को अंजाम दे फरार हो जाने वाले दो शातिर चोरों को घटना में प्रयुक्त स्कूटी संग थाना क्षेत्र स्थित पकरी पुल के पास से गिरफ्तार कर चोरी के आभूषण बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार पकडे गए शातिरों ने पुलिस पूछताछ में अपना परिचय विशाल वर्मा पुत्र राकेश वर्मा निवासी चुनैयाखेड़ा सिसेंडी थाना निगोहा जनपद लखनऊ तथा अखिल कुमार पुत्र सुनील कुमार निवासी पेट्रोल पंप पकरी पुल थाना आशियाना के रूप में मे देते हुए थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच में चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल किया है। जिन्हें बरामदगी के आधार पर थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र नैतिक (Naitik Verma) के स्कूली अभिलेखों में त्रुटिवश पिता का नाम Amit Verma व माता के स्थान पर मेरा नाम Gudiya Verma दर्ज है, जबकि पिता का सही नाम Amit व माता का सही नाम Gudiya है जो आधार कार्ड पर दर्ज है। मेरे पुत्र के स्कूली व अन्य सभी अभिलेखों में माता-पिता के स्थान पर उनका सही नाम दर्ज किया जाये। **गुड़िया पत्नी अमित नि.- एफ-1 पी.डब्लू.डी. कॉलोनी, 96- महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ।**

लोक अदालतें नहीं दे सकतीं तलाक की डिक्री : हाईकोर्ट

फैमिली कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में दखल विधिपूर्ण नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि लोक अदालत अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को तलाक की डिक्री देने का कोई अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि विवाह विच्छेद की डिक्री देने का क्षेत्राधिकार सिर्फ परिवार न्यायालय के पास है और लोक अदालतें समझौता कराने तक सीमित हैं, वे न्यायिक निर्णय नहीं दे सकतीं।

यह निर्णय न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ व न्यायमूर्ति एके चौधरी की पीठ ने उस याचिका पर दिया जिसमें एक महिला ने वर्ष 2018 में उन्नाव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी। पति ने उक्त समझौते को तलाक मानते हुए पुनर्विवाह का आधार बना लिया था। न्यायालय ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009 के अनुसार तलाक संबंधी मामलों को लोक अदालत में निर्णय हेतु नहीं भेजा जा सकता। लोक अदालत का कार्य केवल पक्षकारों के बीच समझौते का प्रयास करना है, न कि विवाद का न्यायिक निस्तारण करना। पीठ ने विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव की कार्यवाही पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जब कानून स्वयं लोक अदालत को तलाक देने से रोकता है, तब ऐसे आदेश पारित करना अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण है। अदालत ने यह भी कहा कि समझौते में यह उल्लेख करना कि दोनों पक्ष पुनर्विवाह के लिए स्वतंत्र हैं, कानूनन अस्वीकार्य और अवैध है।

पीठ ने पक्षकारों के बीच किसी सक्षम न्यायालय द्वारा तलाक की डिक्री पारित नहीं हुई है इसलिए पति द्वारा समझौते को तलाक का आधार बताना विधि सम्मत नहीं माना जा सकता। पीठ ने कहा कि लोक अदालतें त्वरित और सुलभ न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, लेकिन उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र की सीमाओं में रहकर कार्य करना होगा। मामले का निस्तारण करते हुए हाईकोर्ट ने याची महिला को कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करने की स्वतंत्रता प्रदान की तथा आदेश की प्रति प्रदेश की सभी लोक अदालतों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को भविष्य में अनुपालन एवं मार्गदर्शन हेतु भेजने का निर्देश दिया।

ईंधन अधिभार शुल्क वृद्धि के खिलाफ स्वतः संज्ञान ले नियामक आयोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा ईंधन अधिभार शुल्क में की गई 10 प्रतिशत वृद्धि पर कड़ा विरोध दर्ज किया है। परिषद ने इसे उपभोक्ता हितों के विपरीत बताते हुए कहा है कि इस निर्णय से प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ेगा। उपभोक्ता परिषद ने घोषणा की है कि वह इस मुद्दे पर विद्युत नियामक आयोग के समक्ष एक लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल करेगा।

परिषद का कहना है कि जब ईंधन अधिभार शुल्क संबंधी कानून बनाया गया था, तब भी उसने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी थी कि बिजली कंपनियों को इससे मनमानी तरीके से शुल्क लगाने की छूट नहीं दी जानी चाहिए। यह आपत्ति आयोग के रिकॉर्ड में आज भी दर्ज है। परिषद के अनुसार, हाल ही में पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी प्रेस नोट में 10 प्रतिशत वृद्धि का कारण अपीलेट ट्रिब्यूनल के कुछ आदेशों के तहत पुराने बकाया भुगतान को बताया गया है। लेकिन परिषद का कहना है कि यदि कोई पूर्व भुगतान या समायोजन लंबित था, तो उसे ट्रू-अप प्रक्रिया के माध्यम से समायोजित किया जाना चाहिए था, न कि उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार डालकर।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश में बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का सरप्लस लगभग 51,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। ऐसे में ईंधन अधिभार शुल्क बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने यह भी कहा कि यह विषय पहले से ही आयोग के रिकॉर्ड में दर्ज है और इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। परिषद ने यह भी आरोप लगाया कि विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए कंज्यूमर राइट रूल्स 2020 के तहत जहां उपभोक्ताओं को अधिकार दिए गए हैं, वहीं 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति और सेवा मानकों के उल्लंघन पर मुआवजा देने के प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया है।

पुलिस मुठभेड़ : पैर में गोली लगने से तीन बदमाश घायल

कृष्णानगर व विकासनगर में हुई घटना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णानगर और विकासनगर में शनिवार रात पुलिस और बदमाशों के बीच दो स्थानों पर हुई मुठभेड़ में तीन बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए, जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। कृष्णानगर में पुलिस से दिल्ली के दो स्नेचर्स से मुठभेड़ हुई, वहीं, विकासनगर पुलिस ने युवती से छेड़खानी करने वाले को मुठभेड़ में पैर में गोली मारी है।

कृष्णानगर पुलिस का कहना है दोनों चेन स्नेचर्स के खिलाफ उन्नाव, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर समेत कई जिलों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, विकासनगर में हुए एनकाउंटर में हुसैनगंज क्षेत्र की केकेवी कॉलोनी, महावीर पुरी के सनी यादव को गोली लगी। उस पर हाल ही में छेड़खानी का मुकदमा दर्ज हुआ है।

कृष्णानगर में बदमाश रोहन के बाएं पैर में गोली लगी। पुलिस उसे टांगकर गाड़ी तक ले गई। कृष्णानगर में बदमाश साहिल के हाथ में चोरी का एक बैग भी था। पुलिस ने उसके पास से तमंचा बरामद किया।

कृष्णानगर में मानसनगर रोड पर आसाराम बापू आश्रम के पास से रात करीब 1 बजे दोनों चेन स्नेचर बाइक से जा रहे थे। पुलिस को चेकिंग लगाए देख बाइक बैक कर तेजी से भागने लगे। इस दौरान पुलिस पर फायरिंग भी की। कुछ ही कदम जाकर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। दोनों ने पुलिस पर फिर से फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों के पैरों में गोली लगी। एक बदमाश के दाहिने और दूसरे के बाएं पैर में गोली लगी है। दोनों बदमाशों की उम्र 21 और 23 साल है। यहां रहकर वे महिलाओं से चेन स्नेचिंग करते थे।

कृष्णानगर पुलिस दोनों बदमाशों के पास से लूटी गई ज्वैलरी, नगदी, अवैध तमंचे और लूट में इस्तेमाल की गई बाइक मिली है। उसी बाइक से दोनों जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार 28 मई को कुंदन विहार निवासी रामबाबू चौरसिया का बैग छीना था। यह मामला कृष्णानगर थाने में दर्ज किया गया। कुछ दिन पहले वर्षा रानी नाम की महिला की चेन स्नेचिंग कर ली थी। डीसीपी दक्षिणी ने इन्हीं मामलों के खुलासे के लिए 4 टीमें गठित की थीं।

बदमाशों को पुलिस ने लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी 23 वर्षीय रोहन उर्फ गुड्डू और 21 वर्षीय साहिल के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने कृष्णानगर क्षेत्र में हुई लूट और चेन स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस उनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि रोहन के खिलाफ गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर समेत कई जिलों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, साहिल के खिलाफ उन्नाव और गौतमबुद्धनगर में चोरी और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस टीमों ने करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। जांच में एक अंतरराज्यीय गैंग की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश तेज कर दी।

उधर, विकासनगर इलाके की एक युवती ने 34 साल के सनी यादव नाम के युवक पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। वह कई दिनों से फरार था। शनिवार शाम वह पुलिस घिर गया। टेढीपुलिया के पास उसके होने की सूचना मिली। इस

आज के समय में महिला केंद्रित शो बहुत कम बनते हैं : सानविका

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हंगामा ओटीटी की नई वेब सीरीज लुटेरी दुल्हन इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इस सीरीज में पंचायत फेम सानविका, पूजा गौर और मनमोहन तिवारी मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। इस शो में सानविका लुटेरी दुल्हन के किरदार में नजर आ रही हैं, जबकि पूजा गौर सब-इंस्पेक्टर संध्या यादव की भूमिका निभा रही हैं, जो एक निडर और हिम्मती पुलिस अधिकारी है और मध्य प्रदेश में हो रहे अपराधों की जांच करती है , इसके अलावा मनमोहन तिवारी भी अहम किरदार में है। हाल ही में शो की स्टारकास्ट ने वॉयस ऑफ लखनऊ से बात की।

जब आपको पहली बार शो की कहानी और किरदार के बारे में बताया गया तो आपके दिमाग में क्या चल रहा था ?

सानविका : जब मुझे पहली बार कास्टिंग की तरफ से कॉल आया और उन्होंने सिर्फ दो लाइन में कॉन्सेप्ट बताया, तभी मुझे यह काफी दिलचस्प लगा , फिर मेरी मीटिंग राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर्स के साथ हुई। जब पूरी कहानी सुनी तो मुझे लगा कि ये बहुत मजेदार और अलग शो है। खास बात ये थी कि इसमें दोनों फीमेल किरदार बहुत स्ट्रॉन्ग हैं। ऐसे महिला-केंद्रित शो बहुत कम बनते हैं। मेरा किरदार माया काफी लेयर्ड है। वो चालाक है, कॉन आर्टिस्ट है, लेकिन उसके अंदर एक सॉफ्ट साइड भी है। यही चीज मुझे सबसे ज्यादा एक्साइटिंग लगी।

आपके किरदार संध्या में ऐसा क्या खास है, जो इसे बाकी किरदारों से अलग बनाता है ?

पूजा गौर : संध्या एक पुलिस ऑफिसर है, जो अपराधियों का पीछा कर रही है. लेकिन उसकी अपनी भी पर्सनल स्ट्रगल है. उसे समाज में अपनी पहचान बनानी है और पुरुष प्रधान दुनिया में खुद को साबित करना है। जब मुझे इस शो का वन लाइनर बताया गया था, तभी मेरे अंदर एक स्पार्क आ गया था कि मुझे ये शो जरूर करना है।

आपके किरदार में रोमांस, कॉमेडी और धोखा सब कुछ है, इसे निभाना कितना चुनौतीपूर्ण था ?

मनमोहन तिवारी : जब मुझे पहली बार बताया गया कि मैं हीरो हूं तो मैंने सोचा कि ये बहुत सीधा-सादा किरदार होगा. लेकिन फिर बताया गया कि ये थोड़ा शरारती है और प्यार में धोखा खा चुका है. मुझे लगा ये आम लड़कों की कहानी है. हर किसी की जिंदगी में कभी न कभी धोखा जरूर होता है. इसलिए ये किरदार मुझे बहुत रियल लगा।

ट्रेलर में आपका किरदार काफी अलग और मजेदार दिख रहा है, आप क्या कहेंगी ?

सानविका : रीडिंग के दौरान मैं बहुत नर्वस थी कि मैं ये किरदार कैसे निभाऊंगी. लेकिन जब आप सेट पर जाते हैं, कॉस्ट्यूम पहनते हैं, तो धीरे-धीरे किरदार खुद बाहर आने लगता है. मैंने इसे बहुत ईमानदारी से निभाने की कोशिश की है।

एक महिला पुलिस ऑफिसर के किरदार में पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों पहलू दिखाना कितना मुश्किल था ?

पूजा गौर : मुश्किल जरूर था, लेकिन हमारे राइटर ने इतनी शानदार राइटिंग की थी कि आधा काम वहीं आसान हो गया. उन्होंने और उनकी टीम ने हमें पूरा माहौल समझाया और किरदारों की दुनिया हमारे सामने रख दी. उसके बाद हम उसी फ्लो में किरदार को जीने लगे।

आपने इस किरदार को चुनने का फैसला किस आधार पर लिया और इसमें आपको सबसे खास क्या लगा ?

सानविका : मैं हमेशा ऐसे किरदार चुनना चाहती हूं जिनमें लड़कियों के लिए कुछ करने को हो. सिर्फ गाने या सपोर्टिंग रोल नहीं, बल्कि खुद की कहानी हो. इस शो में मुझे वो मौका मिला और इसके लिए मैं प्रोड्यूसर्स और हंगामा ओटीटी की बहुत आभारी हूं।

महिला-केंद्रित कहानियां आज के समय में कितनी जरूरी है ?

पूजा गौर : बहुत जरूरी हैं. असल जिंदगी में भी कई ऐसी महिलाएं हैं जो अपने-अपने क्षेत्र में शानदार काम कर रही हैं, लेकिन उनकी कहानियां स्क्रीन पर कम दिखाई जाती हैं. हमारे शो की खास बात ये है कि यहां महिला किरदार सिर्फ सपोर्टिंग प्रॉप नहीं हैं, बल्कि पूरी कहानी उन्हीं के इर्द-गिर्द घूमती है।

क्या ओटीटी ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में क्रिएटिविटी और एक्सपेरिमेंट को बढ़ावा दिया है ?

सानविका : ओटीटी आने के बाद एक्टर्स के लिए मौके बहुत बढ़ गए हैं. पहले कई शानदार थिएटर और एनएसडी एक्टर्स को वो पहचान नहीं मिल पाती थी जिसके वो हकदार थे। किरदार और कहानियां देखने को मिल रही हैं

पूजा गौर : ओटीटी ने उन कहानियों को मंच दिया है जो पहले नहीं कही जा सकती थीं. यहां एक्सपेरिमेंट करने की आजादी ज्यादा है।

मनमोहन तिवारी : अब दर्शकों के पास काफी वैरायटी है. हर तरह का कंटेंट देखने को मिल रहा है और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

दर्शकों के लिए आप सभी क्या मैसेज देना चाहेंगे ?

सानविका : हमारा शो लुटेरी दुल्हन हंगामा ओटीटी पर स्ट्रीम हो चुका है। हमने इसे बहुत प्यार से बनाया गया है, इसे जरूर देखिए।

मनमोहन तिवारी : ये सीरीज खासकर यूपी, बिहार और एमपी के दर्शकों को बहुत पसंद आएगी. इसमें भरपूर एंटरटेनमेंट है।

सुर साधना में डूबे कलाकार की कहानी है 'रसयात्रा'

लखनऊ। कुछ किताबें ऐसी होती हैं, जिन्हें पढ़ते हुए लगता है कि हम किताब के नहीं, बल्कि जिंदगी के पन्ने पलट रहे हैं। पंडित मल्लिकार्जुन मंसूर की 'रसयात्रा' ऐसी ही किताब है। यह सिर्फ एक मशहूर शास्त्रीय गायक की आत्मकथा नहीं है। यह उस आदमी की कहानी है जिसने संगीत को पेशे की तरह नहीं, जीवन की तरह जिया। किताब में उनका बचपन, थिएटर के दिन, गुरुओं की डांट और प्यार भी है। कभी रियाज की बातें होती हैं तो कभी महफिलों की चमक है। किताब खुद को बहुत बड़ा बनाकर पेश नहीं करती। मंसूर साहब कहीं भी अपने बारे में भारी बातें नहीं करते। कई जगह तो ऐसा लगता है जैसे कोई बुजुर्ग कलाकार शाम को आराम से बैठकर अपनी जिंदगी के किस्से सुना रहा है। सबसे अच्छी बात ये है कि वे प्रयोग से डरते नहीं हैं। इस किताब की मजबूत बात उसकी ईमानदारी है। आजकल कलाकारों की आत्मकथाओं में अक्सर अपने संघर्ष को भी चमकदार अंदाज में दिखाया जाता है, लेकिन यहां वैसा कुछ नहीं है। मंसूर साहब अपनी गलतियां भी बताते हैं, अपनी सीमाएं भी और अपने डर भी। एक जगह वे लिखते हैं कि कैसे किसी कठिन राग की मींड वे बार-बार समझाने की कोशिश कर रहे थे और सामने वाला पकड़ ही नहीं पा रहा था। दूसरी जगह वे खुद अपने गुरुओं के सामने असहाय शिष्य की तरह दिखाई देते हैं। उनकी यह विनम्रता किताब के लगभग हर पन्ने पर दर्ज है। उनके लिए संगीत सचमुच पूजा जैसा था। यह उनके व्यवहार में भी दिखता है। चाहे सामने दस लोग बैठे हों या बहुत बड़ी महफिल, वे उसी गंभीरता से गाते थे। किताब पढ़ते हुए हमें जिंदगी के कई बड़े सबक भी मिलते हैं। किताब के कुछ हिस्से ऐसे हैं, जो देर तक दिमाग में घूमते रहते हैं। बसवकल्याण वाला हिस्सा तो अंतर्मन की गहराइयों में दर्ज हो जाता है। वहां मंच के सामने संगीत समझने वाले लोग नहीं थे। किसान थे, बच्चे थे, महिलाएं थीं, आसपास शोर था। मंसूर साहब के बेटे को लगा कि यहां शास्त्रीय संगीत कौन सुनेगा। लेकिन वे बिना परेशान हुए तानपुरा साधते हैं और पूरे मन से राग यमन गाना शुरू कर देते हैं।

इस महीने पड़ेंगे निर्जला एकादशी व सोमवती अमावस्या जैसे व्रत व त्योहार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जून का महीने में इस बार कई प्रमुख व्रत त्योहार आने वाले हैं। इस महीने में ज्येष्ठ मास के कई व्रत त्योहार जैसे वट पूर्णिमा, निर्जला एकादशी सहित कई प्रमुख त्योहार होंगे साथ ही इस महीने कई बड़े मेले जैसे अंबुबाची मेला कामाख्या देवी मंदिर पर आयोजित किया जाएगा। जून में ही आषाढ़ मास का आरंभ भी होने जा रहा है। ऐसे में आइए जानते हैं जून महीने के प्रमुख व्रत त्योहार कौन से हैं।

विभुवन संकष्टी व्रत 3 जून : हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणपति बप्पा की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही विधिपूर्वक व्रत भी किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, विभुवन संकष्टी चतुर्थी के दिन गणेश जी की पूजा करने से सभी विघ्न दूर होते हैं और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ (अधिक) माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 03 जून को रात 09 बजकर 21 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 04 जून को रात 11 बजकर 30 मिनट पर होगा। ऐसे में 03 जून को विभुवन संकष्टी चतुर्थी मनाई जाएगी।

परमा एकादशी व्रत 11 जून : परमा एकादशी का व्रत 11 जून को रखा जाएगा मान्यता है कि अधिक मास में आने वाली इस एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति को आर्थिक तंगी दूर होती है। मान्यता है कि इस व्रत को करने वालों को अश्वमेध यज्ञ करने के समान फल प्राप्त होता है।

सोमवती अमावस्या 15 जून : जून के महीने में अमावस्या तिथि 15 जून को रहेगी। इस दिन सोमवार भी है। ऐसे में इसे सोमवती अमावस्या के नाम से जाना जाएगा। मान्यता है कि इस दिन पितरों के नाम से तर्पण आदि करने से व्यक्ति को लाभ प्राप्त होता है। पितरों की कृपा भी बनी रहती है।

रंभा तृतीया व्रत 17 जून: रंभा तृतीया व्रत 17 जून को रखा जाएगा। मान्यता है कि इस व्रत को करने से सौंदर्य और आरोग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही विवाहित महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु के लिए सुख समृद्धि के लिए यह व्रत को करती हैं। वहीं, कुंवारी कन्याएं भी यह व्रत रखती हैं। अच्छे जीवनसाथी की कामना करके वह यह व्रत करती हैं।

विंध्यवासिनी पूजा 20 जून : मां विंध्यवासिनी की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि मां विंध्यवासिनी मां दुर्गा का साक्षात और जागृत स्वरुप हैं। मां विंध्यवासिनी अपने भक्तों को भय से मुक्त रखती हैं। साथ ही मनोवांछित फल प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आपके शत्रु आप पर हावी हो रहे हैं तो मां विंध्यवासिनी की पूजा करनी चाहिए।

श्री दुर्गाष्टमी, धूमावती जयंती 22 जून: मां दुर्गा की उपासना के लिए दुर्गा अष्टमी तिथि को बहुत ही शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन मां दुर्गा की उपासना और व्रत करने से सारी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं।

निर्जला एकादशी व्रत 25 जून : निर्जला एकादशी जिसे भीमसेनी एकादशी और पांडव एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस एकादशी को सभी एकादशियों में सबसे सर्वश्रेष्ठ माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन बिना अन्न जल के ही उपवास किया जाता है। मान्यता है कि सिर्फ इस एक एकादशी का व्रत करने से सभी एकादशियों को करने का पुण्य प्राप्त होता है।

वट पूर्णिमा व्रत - 29 जून : वट पूर्णिमा का व्रत सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए रखती है। इस दिन वट वृक्ष की पूजा की जाती है। बता दें कि वट पूर्णिमा का व्रत देश के कुछ ही हिस्सों में मनाया जाता है।

संत कबीर जयंती - 29 जून: संत कबीर दास जी के जन्म का उत्सव ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस दिन संत कबीर दास जी का जन्म हुआ था।

जून में गुरु और बुध समेत 5 बड़े ग्रह बदलेंगे चाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जून का महीना ज्योतिषीय दृष्टि से बहुत ही शानदार रहने वाला है। इस महीने में गुरु से लेकर शुक्र, सूर्य, मंगल और बुध जैसे बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करते दिखेंगे। ग्रहों की बदलती चाल का असर करियर से लेकर पैसों और लव लाइफ पर खूब दिखेगा। इस दौरान नए मौके मिलेंगे। नए लोग मिलेंगे। वहीं कुछ लोगों को कोई भी फैसला लेने वक्त सावधानी ही बरतनी है नहीं तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

गुरु गोचर से शुरू होगा गोल्डन टाइम: जून की शुरूआत में गुरु राशि परिवर्तन करेंगे। 2 जून को गुरु कर्क राशि में जाएंगे। ज्योतिष शास्त्र में कर्क को गुरु की उच्च राशि माना जाता है। ऐसे में ये गोचर करियर से लेकर पर्सनल लाइफ में सब कुछ ट्रैक पर वापस लाएगा। कुछ लोगों को नए मौके मिलेंगे तो वहीं लोगों के रिश्ते मजबूत होंगे या कई लोग नए रिश्ते में बंधते दिखेंगे।

शुक्र गोचर से आयेगा रिश्तों में सुधार: 8 जून की तारीख ज्योतिषीय लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होने जा रही है। इस दिन शुक्र चंद्रमा की राशि कर्क में गोचर करेंगे। शुक्र प्यार, पैसा और लग्जरी का कारक माना जाता है। ऐसे में इस गोचर से रिश्तों में सुधार आता दिखेगा। कई लोग अपने पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे। वहीं परिवार के साथ भी बॉन्डिंग अच्छी होगी। इस दौरान पैसों से जुड़े फैसले काफी महत्वपूर्ण रखेंगे।

सूर्य के गोचर से बढ़ेगा कॉन्फिडेंस: जून के महीने में सूर्य का गोचर होगा। 15 जून को सूर्य मिथुन राशि में जाएंगे। ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को हमेशा कॉन्फिडेंस और लीडरशिप का कारक माना जाता है। ऐसे में इस गोचर के प्रभाव से कई लोगों को प्रोफेशनल लाइफ में अच्छे मौके मिलेंगे। वहीं इसके प्रभाव से इमेज और भी मजबूज बनेगी।

मंगल गोचर से पूरे होंगे अटके हुए काम: मंगल 21 जून को शुक्र की राशि वृषभ में गोचर करने वाले हैं। ज्योतिष शास्त्र में मंगल को ऊर्जा और साहस का कारक माना जाता है। इस दौरान लोगों के रुके हुए काम पूरे होंगे। खुद के अंदर एक अच्छी और नई ऊर्जा महसूस होग। बस इस दौरान जल्दबाजी या फिर गुस्सा नहीं करना है।

महीने के अंत में बुध बढ़ायेंगे चुनौतियां: ज्योतिषीय गणना के अनुसार बुध ग्रह 22 जून को मिथुन से लेकर कर्क राशि में गोचर करेंगे। इस दौरान अपनी फीलिंग्स खुलकर कह पाना आसान होगा और रिश्तों में अपनापन भी बढ़ेगा। इसके ठीक 7 दिन बाद यानी 29 जून को बुध वक्री चाल चलेंगे। इस दौरान पैसों से जुड़े मामले में सतर्क रहना जरूरी होगा। कोई भी फैसला जल्दबाजी में लेना नुकसान पहुंचा सकता है।

कलश यात्रा के साथ होगा श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ, तैयारियां पूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ उत्तर के विधायक एवं श्रीराम कथा आयोजन समिति के संरक्षक डा. नीरज बोरा ने बताया कि पूज्यपाद पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज की नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ 1 जून को सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में होगा। कथा प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कथा के प्रथम दिवस सायं 4 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं मातृशक्ति सहभागी होंगे। इसके उपरांत सायं 5 बजे से जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि कथा महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं के बैठने हेतु कथा स्थल पर श्रीराम वाटिका, जानकी वाटिका, लक्ष्मण वाटिका, भरत वाटिका एवं शत्रुघ्न वाटिका का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त पेयजल, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा का श्रवण करने और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया।

चबूतरा थियेटर फेस्टिवल 11 जून से, सजेंगी सांस्कृतिक महफिलें

लखनऊ। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से मदर सेवा संस्थान द्वारा बहुप्रतीक्षित तीन दिवसीय 'चबूतरा थियेटर फेस्टिवल सीजन-10' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह सांस्कृतिक उत्सव गोमती नगर स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में 11 जून से 13 जून तक आयोजित किया जाएगा। नाटक प्रेमियों के लिए प्रतिदिन शाम 7 बजे से बेहतरीन प्रस्तुतियां मंचित की जाएंगी। तीन दिवसीय नाटकों का कार्यक्रम 11 जून (प्रथम दिन) महोत्सव के पहले दिन दो विशेष प्रस्तुतियां होंगी। पहली प्रस्तुति चबूतरा थियेटर पाठशाला तकरोही द्वारा 'हमें नष्ट मत करो' नाटक की होगी, जिसका लेखन, परिकल्पना और निर्देशन महेश चंद्र देवा ने किया है। इसी दिन दूसरी प्रस्तुति चबूतरा थियेटर पाठशाला कोटवा बीकेटी द्वारा मुंशी प्रेमचन्द की प्रसिद्ध कहानी 'सुभागी' पर आधारित होगी। इसका नाट्य रूपांतरण चित्रा मुद्गल और निर्देशन महेश चंद्र देवा ने किया है। वही 12 जून (दूसरा दिन) मैत्रेय ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा 'वाइफोफोबिया' नाटक का मंचन किया जाएगा। इसके लेखक डॉ. राकेश ऋषभ हैं, जबकि नाट्य परिकल्पना एवं निर्देशन महेश चंद्र देवा का है। 13 जून समापन संध्या पर जे.एफ. फाउंडेशन द्वारा एकल नाट्य प्रस्तुति 'सारा जहां हमारा है' मंचित होगी, जिसका लेखन व निर्देशन किरन लता ने किया है। संस्थान के पदाधिकारियों ने सभी कला एवं रंगमंच प्रेमियों को इस महोत्सव में सादर आमंत्रित किया है । ये जानकारी संस्थान के सचिव महेश चंद्र देवा ने दी।

गोमती महाआरती में जल, गौ-सेवा और सेवा साधना का गूंजा संकल्प

लखनऊ। आदि गंगा मां गोमती के पावन तट पर आज संध्याकाल भक्ति, पर्यावरण और सामाजिक चेतना का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। मनकामेश्वर मंदिर की पीठाधीश्वर पूज्य महंत देव्या गिरि जी महाराज के पावन सानिध्य में मां गोमती की भव्य महाआरती अत्यंत गरिमामय ढंग से संपन्न हुई। आज का यह पावन अवसर इसलिए भी अत्यंत विशेष रहा क्योंकि आज देश की महान शासिका, सनातन संस्कृति की रक्षक और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की पावन जयंती भी है। इस दोहरे संयोग पर जहाँ घाट को स्वच्छ कर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया गया, वहीं जरूरतमंदों के लिए विशाल भंडारे (भोजन प्रसाद) का भी आयोजन हुआ। महाआरती के उपरांत विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पूज्य महंत देव्या गिरि जी महाराज ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला और देश व समाज से जुड़े गंभीर विषयों पर अपना विशेष संदेश दिया।

महंत ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर नारी शक्ति, सुशासन और सनातन धर्म के पुनरुद्धार की साक्षात प्रतीक थीं। देश के कोने-कोने में मंदिरों और घाटों का जीर्णोद्धार कराने वाली लोकमाता का जीवन हमें धर्म और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने चेताया कि पानी की बबार्दी और नदियों का प्रदूषण हमारी आने वाली पीढ़ियों को संकट में डाल देगा। जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखना ही लोकमाता को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

बशीर बद्र ने अवध का नाम रोशन किया : अब्दुल नसीर

शायर बशीर बद्र के निधन पर शोकसभा आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित शायर बशीर बद्र के निधन पर एक शोकसभा मुजाहिद-ए-उर्दू अब्दुल नसीर नासिर की अध्यक्षता में उनके आवास, विक्रमादित्य मार्ग, ईसाई कॉलोनी, हजरतगंज, लखनऊ में आयोजित की गई।

सभा का संचालन मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, लखनऊ कैंपस के डॉ. मसीहुद्दीन खान ने किया। शोकसभा में बेगम हजरत महल मेमोरियल सोसाइटी के सचिव अनवर आलम, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ट्रस्ट के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार मुजीबुर्रहमान सिद्दीकी, प्रदीप यादव (अधिवक्ता, हाईकोर्ट लखनऊ), कमला कांत गौतम (पूर्व वित्त मंत्री), रामचंद्र पटेल, छत्रपति शाहूजी महाराज मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पत्रकार अवनीश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगोंने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि बशीर बद्र का लखनऊ और अवध से गहरा संबंध था। उनका जन्म जनपद फैजाबाद में हुआ था। उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में अध्ययन किया, इसके बाद मेरठ में नौकरी की तथा स्थायी निवास के लिए मध्य प्रदेश के भोपाल शहर को चुना। वक्ताओं ने कहा कि बशीर बद्र के निधन से उर्दू जगत में शोक की लहर दौड़ गई है और साहित्य जगत एक महान शायर से वंचित हो गया है। उन्होंने अपनी शायरी के माध्यम से समाज में नई चेतना और जागरूकता पैदा की। अध्यक्षीय संबोधन में अब्दुल नसीर नासिर ने कहा कि बशीर बद्र ने अवध का नाम रोशन किया और आज भी उनकी शायरी लोगों की जुबान पर है। उन्होंने बशीर बद्र का यह मशहूर शेर सुनाया-शोहरत की बुलंदी भी पल भर का तमाशा है, उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो, न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए। डॉ. मसीहुद्दीन खान ने कहा कि बशीर बद्र का निधन उर्दू शायरी के एक युग का अंत है। उन्होंने कहा कि बशीर बद्र को हमेशा याद रखा जाएगा। उनकी गजलों ने आम और खास सभी को अपना मुरीद बना लिया था। उनके अशआर पढ़ने वाला यह महसूस करता है कि मानो यह उसके अपने दिल की आवाज हो। ऐसी जनप्रियता प्राप्त करना अपने आप में बहुत बड़ा सम्मान है। इस अवसर पर मुजीबुर्रहमान सिद्दीकी ने बशीर बद्र के ये मशहूर अशआर पढ़े-यूँ ही दर-ब-दर न फेरा करो, कोई शाम घर भी रहा करो, वो गजल की सच्ची किताब है, उसे चुपके-चुपके पढ़ा करो। कोई हाथ भी न मिलाएगा जो गले मिलोगे तपाक से, ये नए मिजाज का शहर है, यहाँ फासले से मिला करो। अनवर आलम ने कहा कि ऐसी लोकप्रिय और प्रभावशाली आवाज का खामोश हो जाना साहित्य जगत की बड़ी क्षति है, लेकिन मृत्यु एक अटल सत्य है। वक्ताओं ने बताया कि बशीर बद्र ने 91 वर्ष की आयु पाई और भोपाल में उनका निधन हुआ। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति एवं मगफिरत के लिए प्रार्थना की गई।

कैलाश और नारद मुनि पर नाटक का मंचन

लखनऊ। इस्कॉन लखनऊ द्वारा युवाओं के लिए आयोजित दो दिवसीय सेमीनार लाइफ जर्नी डिस्कशन में मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने युवाओं को जीवन के गहन आध्यात्मिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। द्वितीय दिवस में प्रभु जी ने भगवान कौन हैं?, जीवन का वास्तविक उद्देश्य क्या है? तथा हमारा भगवान के साथ क्या संबंध है? जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया। साथ ही इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर आध्यात्मिक एवं सुखमय जीवन जीने के उपाय भी बताए। आज प्रभुपाद यूथ आर्मी के युवाओं द्वारा कैलाश और नारद मुनि विषय पर एक प्रेरणादायक नाटिका का मंचन किया गया, जिससे यह शिक्षा मिली कि व जीवन अत्यंत दुर्लभ और अमूल्य है, इसलिए इसे भगवान की भक्ति एवं आत्म-साक्षात्कार के लिए उपयोग करना चाहिए। दोनों दिनों के सत्र युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक एवं जीवन को नई दिशा देने वाले रहे।

अनेक विभूतियां नवरंग सम्मान से विभूषित हुईं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जे.पी.एस.स्टार 11 के तत्वावधान में आज शाम तिलक शिशु निकेतन स्कूल बसेरा मोड़, कल्याणपुर, लखनऊ में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनेक विभूतियां नवरंग सम्मान से विभूषित हुईं।

संगीत से सजे कार्यक्रम का शुभारंभ विघ्न विनाशक गणेशजी के चरणों में समर्पित गणेश वंदना से हुआ। अगले क्रम में मयंक और आरती ने वन्देमातरम पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत की। इसी क्रम में मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू और धरती सुनहरी अम्बर नीला पर कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर देश भक्ति का जज्बा लोगों में भरा। नवरंग समर कैम्प के समापन पर रुपांसी ने पिंगा, रूचि ने यह गालियां यह चौबारा, ज्योति ने छम-छम गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। समारोह में संज्योति मिश्रा और अरविन्द सक्सेना ने टी.आर. मिश्रा, डॉ.पंकज, संध्या दुबे, प्रदीप श्रीवास्तव फि ल्मकार, सरिता सिंह वरिष्ठ लोक नृत्यांगना, स्मृति मिश्रा, चौरसिया राष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी, राज कनौजिया, डॉ. संतोष शर्मा, आशीष शर्मा, अंकित गौतम, एकांकी शर्मा और गौरव श्रीवास्तव को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर नवरंग सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर संजोली मिश्रा, तृप्ति मिश्रा, ऋतु तिवारी, प्रीति यादव, करिश्मा, अनीता, श्रुति सक्सेना, अनुष्का यादव, मुस्कान सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा तमाम लोग उपस्थित थे।

संक्षेप

दुर्घटना में ऑटो चालक की मौत

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर शिवगुलामगंज बाजार के समीप शनिवार की रात एक पुलिया के पास हुई दुर्घटना में ऑटो चालक की मौत हो गई। पुलिस रविवार सुबह अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में लग गई है। मछलीशहर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी 55 वर्षीय संजय रात लगभग दो बजे ऑटो रिक्शा लेकर जिला मुख्यालय की तरफ जा रह था। रात में ही राहगीरों ने देखा कि उक्त मार्ग पर शिवगुलाम बाजार के समीप एक पुलिया के पास डिवाइडर पर ऑटो चालक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी सूचना पर मौके पर पहुंची थाना की पुलिस ने 108 नंबर एम्बुलेंस सेवा से उसे जिला अस्पताल भेज दिया। यहां पर चिकित्सकों ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।

जहर खाकर महिला ने दी जान

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरसंड गांव में पारिवारिक कलह के चलते एक महिला ने शनिवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार वालों को पता चलने पर भर में उसे जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उक्त गांव की 30 वर्षीया कुसुमलता पत्नी रिंकू प्रजापति रात किसी बात को लेकर परिवार में झगड़ा हो गया जिसे क्षुब्ध होकर कुसुम लता ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। घरवालों ने सोचा गुस्सा उतर जाने पर वह बाहर आएगी। भोर में खिड़की से किसी की नजर कमरे के अंदर पड़ी तो कुसुमलता फर्श पर पड़ी थी तथा उसके मुंह से झाग निकल रहा था। तत्काल उसे ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विदेश भेजने के नाम दो लाख की ठगी

आजमगढ़। रानी की सराय क्षेत्र के ऊजी गोदाम निवासी पीड़ित के साथ विदेश भेजने के नाम पर दो लाख रुपये ठगी करने की घटना हुई। पीड़ित ने एसएसपी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। संतोष कुमार के गांव में दिल्ली निवासी नदीम अहमद का आना जाना था। नदीम ने विदेश भेजने की बात चलाई तो संतोष तैयार हो गया और उसके झांसे में आ गया। नदीम ने वीजा के साथ विदेश भेजने के नाम पर दो लाख रुपये लिये। युवक को दिल्ली बुलाकर मेडिकल भी कराया गया। बीच में उसे कहा गया कि वीजा नहीं मिल रहा है। पीड़ित रशिया देश जाना चाहता था, जबकि नदीम किर्किस्तान भेजने की बात कह रहा था।

सर्किट से मड़हे में लगी आग से गाय मरी

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के कोडडा गांव में रविवार को विद्युत शार्ट सर्किट से मड़हे में आग लग गयी।जिसमे एक गाय मर गयी। तीन अन्य पशु भी गम्भीर रूप से झुलस कर जख्मी हो गए। उक्त गांव निवासी शिवनाथ शुक्ल के दरवाजे पर पशुओं के बांधने व चारा, भूसा रखने के लिये मड़हा बना था।अचानक एक मड़हे में विद्युत शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी के कारण मड़हे में आग लग गयी।जब तक लोग कुछ कर पाते आग ने गम्भीर रूप ले लिया।लोगो ने किसी प्रकार आग से बचते हुए पशुओं को बाहर निकाला।आग की चपेट में आकर एक गाय मर गयी।

दुद्धी प्रेस क्लब ने पत्रकारों को किया सम्मानित

दुद्धी,सोनभद्र। दुद्धी प्रेस क्लब के तत्वावधान में कस्बे के डी आर होटल में शनिवार रात हिंदी पत्रकारिता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में क्षेत्र के पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रहे मशहूर कॉमेडियन अभय कुमार शर्मा, जिन्होंने नेताओं और अभिनेताओं की आवाज में पत्रकारों के चुनौतीपूर्ण जीवन को मंच पर उतारा, जिस पर पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा।चुनौतियों के बीच पत्रकारिता का धर्मसमारोह के मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय दुद्धी के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रामजीत यादव ने हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता बेहद चुनौतीपूर्ण हो गई है। निष्पक्षता और सत्य के मार्ग पर चलते हुए समाज को सही दिशा दिखाना ही पत्रकारिता का वास्तविक धर्म है। दुद्धी प्रेस क्लब ने हमेशा इस धर्म का निर्वहन किया है। हास्य और मिमिक्री का चला जादू कार्यक्रम में विशिष्ट आकर्षण के केंद्र रहे हास्य कलाकार अभय कुमार शर्मा ने अपनी कला से समां बांध दिया। उन्होंने देश के प्रमुख राजनेताओं और फिल्मी सितारों की हूबहू आवाज (मिमिक्री) निकालकर पत्रकारों के दैनिक जीवन और उनके संघर्षों को मजाकिया अंदाज में पेश किया। अभय

हिंदी पत्रकारिता दिवस

शर्मा की एक के बाद एक बेहतरीन प्रस्तुतियों पर कार्यक्रम में मौजूद लोग हंसने को मजबूर हो गए और पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अतिथियों ने सराहा पत्रकारों का जज्बा- समारोह के मुख्य अतिथि इंद्रजीत राय और विशिष्ट अतिथि संजय गौड़ धुर्वे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण और तहसील स्तर पर पत्रकारिता करना कांटों भरी राह पर चलने जैसा है। सीमित संसाधनों में भी पत्रकार दिन-रात जनता की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हैं। नगर अध्यक्ष ने की अध्यक्षता, हुआ सम्मान-कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने की। उन्होंने प्रेस क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारों का सम्मान वास्तव में लोकतंत्र के चैथे स्तंभ का सम्मान है। इसके बाद अतिथियों द्वारा क्षेत्र के कर्मठ पत्रकारों को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

पोस्टमार्टम के लिए एक सप्ताह से बीएचयू में पड़ा है मृतक का शव

- अंतिम संस्कार के लिए दर-दर भटक रहे हैं स्वजन

मीरजापुर। लालगंज तहसील क्षेत्र के तुलसी गांव निवासी मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए एक सप्ताह से वाराणसी के बीएचयू में पड़ा है। हिंदु रीति रिवाज निभाने के लिए परिजन परेशान हैं। घर में एक सप्ताह से चुल्हा नहीं जल रहा है। पत्नी और बेटो बहुओ का रो रोकर बुरा हाल है। इस मामले में प्रशासन भी असहाय बना रहा।

लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी गांव निवासी 65 वर्षीय मुन्नालाल यादव का कंकाल नुमा शव घर से 3 किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ में रस्सी के फंदे में लटका मिला था। विगत 11 अप्रैल से लापता हुए मुन्ना लाल यादव का शव 45 दिन बाद 26 मई को मिला था। शव मिलने के एक सप्ताह बाद भी स्वजन पोस्टमार्टम एवं शव का अंतिम संस्कार के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन न तो पोस्टमार्टम हो पा रहा है और न उनका अंतिम संस्कार स्वजन कर पा रहे हैं। स्वर्गीय मुन्ना लाल यादव की पत्नी गीता देवी और चार बेटों बहुओं का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। बेटा प्रदुम यादव एवं पत्नी गीता देवी ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए पुलिस द्वारा बीएचयू वाराणसी ले जाया गया। लेकिन रेफर हुए कागज में तकनीकी कमी के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो पा रहा है। स्वजन का कहना है कि मीरजापुर के जिला अधिकारी का वाराणसी के डीएम को पत्र जाएगा तब डीएम वाराणसी के आदेश पर सीएमओ मुन्ना लाल यादव के कंकाल का पोस्टमार्टम कराएंगे।इधर मृतक की पत्नी गीता देवी ने बताया कि हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार जब तक नहीं होगा आत्मा भटकेगी। बिना अंतिम संस्कार के घर में चूल्हा भी नहीं जल पा रहा है किसी तरह बच्चों को दूसरे के यहां भोजन कराया जा रहा है और स्वजन पानी के सहारे और आलू खाकर जिंदा है।तुलसी गांव के रहीम खान व कमलेश कुमार, पूर्व प्रधान बालचंद शुक्ला का कहना है कि मीरजापुर और वाराणसी के जिला प्रशासन को संज्ञान लेते हुए को अभिलंब शव का पोस्टमार्टम के करा कर शव स्वजनों को सौंप देना चाहिए। इस संबंध में जानकारी देते हुए लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ ने बताया कि बीएचयू में पैनल द्वारा पोस्टमार्टम के लिए मीरजापुर के जिलाधिकारी द्वारा रविवार को वाराणसी के जिलाधिकारी को पत्र जा रहा है सीएमओ द्वारा गठित पैनल से पोस्टमार्टम करेगी।

अहिल्याबाई होलकर का जीवन सामाजिक एकता का प्रतिबिम्ब

जौनपुर। राजमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की एक कुशल प्रशासक, न्यायप्रिय, विदुषी,आदर्श नारी के रूप में सुविख्यात है। उक्त बातें राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर शहर कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में आयोजित कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी जौनपुर के अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा। कांग्रेस शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने राजसिंहासन को तपस्थली और अपने पूरे जीवन को समाज के उद्धार, व विकास में समर्पित कर दिया। आरिफ खान ने आगे कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने अपने राज्य में कृषि, व्यापार शिक्षा, जलाशयों और मार्गो का व्यापक पैमाने पर निर्माण करके पूरे भारत में ख्याति प्राप्त किया, वे महिलाओ की शिक्षा की प्रेरक रही, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मुखर होकर प्रतिरोध करने की उनकी इच्छा शक्ति ने अहिल्याबाई होलकर को पूरी दुनिया में लोकमाता के नाम से प्रसिद्ध प्राप्त हुई। कांग्रेस नेता आरिफ खान ने आगे कहा कि मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार, जलाशयों का निर्माण उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य था, काशी, मथुरा, उज्जैन आदि धार्मिक स्थलों का पुननिर्माण अहिल्याबाई होलकर की देन है, वे भगवान शिव की भक्त थीं, उनका आदर्श व न्यायप्रिय जीवन देश व दुनिया को प्रेरणा देता रहेगा। उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। अश्विनी मौर्य ,अरविंद यादव ,सभासद शाहनवाज मंजूर ,डॉ दिवाकर मौर्य ,मोहम्मद ताहिर ,तौसीफ अहमद राजू ,हैदर अली ,मोहम्मद सोनू ,मोहम्मद आमिर ,समीर आदि उपस्थित रहे।

कारनामों की चर्चा छोड़ गये स्थानारित बीएसए

जौनपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल के रवानगी का परवाना आखिरकार जारी हो गया है। शासन ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए उनका तबादला सीतापुर जनपद के लिए कर दिया है। जुलाई 2021 में जौनपुर की कमान संभालने वाले डॉ. गोरखनाथ पटेल ने यहाँ लगभग चार वर्ष 10 माह का एक लंबा और बेहद चर्चित कार्यकाल बिताया। कहा जा रहा है कि इस लंबी अवधि में उन्होंने जमकर मलाई काटी, लेकिन इसके साथ ही उनका विवादों से भी बेहद गहरा नाता रहा। पटेल का कार्यकाल सिर्फ फाइलों को निपटाने के लिए नहीं, बल्कि अपने पीछे कारनामों की एक लंबी फेहरिस्त छोड़ने के लिए याद किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो उनके पूरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार, शिक्षकों के उत्पीड़न, और मलाईदार पोस्टिंग को लेकर समय-समय पर गंभीर आरोप लगते रहे।

पांचवीं बार हुई पैमाइश, नहीं निकला हल

जौनपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग 233 के निर्माण से प्रभावित बलुआ गांव के किसानों के मुआवजे का प्रकरण काफी उलझ गया है। समस्या सुलझाने के लिए राजस्व कर्मियों ने पांच बार पैमाइश की लेकिन समस्या सुलझाने की बजाय उलझती जा रही है। एनएचएआई जमीन अधिग्रहण से संबंधित मुकदमे में जिन किसानों को वादी बनाया था अब उन्हीं किसानों को मुआवजा देने से इनकार कर रही है। किसान परेशान हैं कि जमीन भी जा रही है और मुआवजा भी नहीं मिल रहा है। केराकत तहसील क्षेत्र के बलुआ गांव के 117 किसान प्रभावित हो रहे हैं। उनकी जमीनें अधिग्रहित की जा रही है लेकिन मुआवजा नहीं मिल रहा है। किसान रामविलास,वंशराज ओमप्रकाश हौशला देवी,मायादेवी, महेन्द्र, मेवा,मिठाई सहित 117 किसानों की जमीन जा रही है। 7 किसानों को मुआवजा दिया जा रहा है। शेष किसानों को राजस्व विभाग यह कहकर मुआवजा देने से इनकार कर रहा है कि सड़क के बाद ग्राम समाज की भूमि है। एसडीएम ने पैमाइश करने को निर्देशित किया।पांच बार नायब तहसीलदार व कानून गो के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पैमाइश की लेकिन समस्या का हल नहीं निकल सका। किसानों का आरोप है कि पूर्व में राजस्व कर्मी द्वारा की गई गलती को सुधारने की बजाय टीम उसकी गलती को छुपाने में लगी है।इसी लिए समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। राजस्व निरीक्षक दर्शन सिंह के नेतृत्व में आई राजस्व टीम पुनः सोमवार को नापी करने का आश्वासन देकर चली गई।

एनसीसी शिविर में आधुनिक कृषि पर विशेष व्याख्यान

आजमगढ़। सर्वोदय पब्लिक स्कूल, घोरठ में 99 यूपी बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सीएटीसी 313 के छठवें दिन आधुनिक कृषि में युवाओं की भूमिका विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. सर्वेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, श्री दुर्गा जी पी.जी. कॉलेज चंडेश्वर ने कैडेटों को आधुनिक कृषि में, उपलब्ध अवसरों, नवीन तकनीकों तथा कृषि क्षेत्र में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. कुमार ने अपने व्याख्यान में ऑर्गेनिक फार्मिंग, नेचुरल फार्मिंग, कृषि प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग), ड्रोन तकनीक, ऑटोमेशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों के कृषि में बढ़ते उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि युवा इन तकनीकों का उपयोग कर कृषि को अधिक उत्पादक, लाभकारी एवं पर्यावरण-अनुकूल बना सकते हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि युवाओं एवं किसानों को इन योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने अनुशासन के तीन प्रमुख स्तंभ नैतिकता, निष्ठा और ईमानदारी को सफल जीवन एवं नेतृत्व का आधार बताया। उन्होंने कहा कि ये मूल्य न केवल एक अच्छे कैडेट बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन सेकेंड ऑफिसर दिनेश मिश्रा ने किया। कैम्प कमाण्डेन्ट कर्नल दिनेश शर्मा तथा डिप्टी कैम्प कमाण्डेन्ट ले0कर्नल जे0बी0 सिंह ने डॉ0 सर्वेश को स्मृति चिन्ह एवं सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक राजेन्द्र यादव ने अंगवस्त्रम प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। व्याख्यान के दौरान सभी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा आधुनिक कृषि, सरकारी योजनाओं, खाद्य गुणवत्ता एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। व्याख्यान कैडेटों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं समसामयिक विषयों से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर विभिन्न कॉलेजों के कैडेट्स, एसएम, पी0आई0 स्टॉफ और सहयुक्त एनसीसी अधिकारी उपस्थित रहे।

शांतिपूर्ण ढंग से हुई बीएड की प्रवेश परीक्षा

जौनपुर। जिले में रविवार को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का शांतिपूर्ण ढंग से शुभारंभ हुआ। जनपद के 27 परीक्षा केंद्रों पर कुल 17,144 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने थे जिसमें हजारो ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक हुआ। केंद्रों के बाहर सुबह से ही अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की भीड़ देखने को मिली। कई परीक्षार्थी अंतिम समय में केंद्रों तक पहुंचे और उन्हें भागदौड़ करनी पड़ी। दूर-दराज के जिलों से आए अभ्यर्थियों को आवास, परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लखनऊ से परीक्षा देने पहुंचीं अभ्यर्थी शीला पांडेय अपनी ढाई वर्षीय बेटी के साथ जौनपुर आई हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 250 किलोमीटर की यात्रा छोटे बच्चे के साथ करना बेहद मुश्किल रहा। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा केंद्र घर के नजदीक आवंटित किए जाएं तो अभ्यर्थियों को काफी राहत मिल सकती है। दूर के केंद्रों के कारण समय और धन दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ती है। अमरोहा से अपनी बेटी को परीक्षा दिलाने आए संदीप भारद्वाज ने भी केंद्र आवंटन व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और छात्राओं को लंबी दूरी तय करने में विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जौनपुर के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश से सीधी रेल सुविधा नहीं होने के कारण यात्रा और अधिक कठिन हो जाती है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र की जानकारी मात्र सात दिन पहले मिलने से ट्रेन में आरक्षण कराना भी चुनौतीपूर्ण हो गया। जौनपुर पहुंचने के बाद उन्हें होटल में कमरा लेने के लिए करीब ढाई घंटे तक भटकना पड़ा।

नये सीएमओ बनाये गये गंगा राम गौतम

जौनपुर। डॉ. गंगाराम गौतम को जिले का नया सीएमओ नियुक्त किया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार डॉ. गौतम, जो वर्तमान में आरएचएफडब्ल्यूटीसी अयोध्या के प्राचार्य पद पर कार्यरत थे, उन्हें तत्काल प्रभाव से जौनपुर के रिक्त सीएमओ पद पर तैनात किया गया है। शासन ने गौतम को निर्देशित किया है कि वे अपनी नई तैनाती पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करें तथा कार्यभार ग्रहण करने का प्रमाण शासन को उपलब्ध कराएं। यह आदेश विशेष सचिव ऋषभ रंजन द्वारा जारी किया गया।

मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर दिया निर्देश

जौनपुर। डीएम सैमुअल पॉल एन. एवं सीडीओ ध्रुव खाड़िया द्वारा शनिवार को उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। महाविद्यालय एवं चिकित्सालय परिसर में संचालित निर्माण कार्यों, उपलब्ध सुविधाओं तथा अस्पताल संचालन में आ रही समस्याओं का लिया गया। निरीक्षण की शुरूआत प्रशासनिक भवन से की गई, जहां जिलाधिकारी ने लिफ्ट निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए उसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। केंद्रीय पुस्तकालय एवं ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा पुस्तकालय व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। अस्पताल भवन के निरीक्षण के दौरान डीएम ने ओपीडी पंजीकरण काउंटर, विभिन्न विभागों की ओपीडी तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 1500 से 2000 मरीज उपचार हेतु आ रहे है। डीएम ने स्पष्ट किया कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा प्रत्येक माह स्वयं निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने की चेतावनी दी। प्रधानाचार्य प्रो0 आर0 बी0 कमल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एए जाफरी, वित्त नियंत्रक अतुल चैधरी, परियोजना प्रबंधक सिविल, विद्युत सहित अन्य उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बने डॉ. मौर्य, शिक्षाविदों ने जतायी उम्मीद

मीरजापुर। उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव सकील अहमद सिद्दीकी के आदेश पर डॉ रमोद कुमार मौर्य को मिजार्पुर का क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को शिक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए क्षेत्र के शिक्षाविदों ने खुशी जताई है। इंदिरा गांधी राजकीय पीजी कॉलेज लालगंज के प्राचार्य डॉ अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ. मौर्य के नेतृत्व में क्षेत्र के महाविद्यालयों को बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन मिलेगा। उनके अनुभव और कार्यशैली का लाभ उच्च शिक्षा संस्थानों को प्राप्त होगा। डॉ डीएन गिरी ने कहा कि नई जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन और शैक्षिक गतिविधियों के संचालन को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ मौर्य अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करेंगे।डॉ लक्ष्मी यादव तथा प्राचार्य डॉ रीना सिंह ने कहा डॉ रमोद कुमार मौर्य कुशल प्रशासक, अनुभवी शिक्षाविद और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके कार्यकाल में उच्च शिक्षा से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता, समन्वय और गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर डा शिवाली पांडेय, अंबेश्वरी प्रसाद पांडे, सुशील द्विवेदी, शमला पटेल आदि रहे।

नेशनल हाईवे पर पलटा ट्रेलर ,बाल बाल-बचा चालक

मीरजापुर। ड्रमंडगंज क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में टाइगर प्वाइंट के पास रविवार सुबह गिट्टी लादकर मीरजापुर की ओर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक बाल बाल बच गया। मध्यप्रदेश से गिट्टी लादकर मीरजापुर की ओर जा रहा ट्रेलर जैसे ही लहुरियादह गांव में टाइगर प्वाइंट के आगे पहुंचा तो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना में 30 वर्षीय ट्रेलर चालक संजय निवासी लहुरियादह बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंचे एसआई सुभाष यादव हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव ने घटना की जांच की।ट्रेलर पलटने से एक लेन से आवागमन बाधित हो गया है।

वीरांगना महारानी अहिल्याबाई होल्कर की मनायी जयंती

सोनभद्र। सपाजिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव की अध्यक्षता में रविवार को भारत की महान विरांगना महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव मो. सईद कुरैशी ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि भारत की महान विरांगना भगवान शिव की अनन्य भक्त प्रेम समर्पण और करुणा की मूर्ति रानी अहिल्याबाई होल्कर कुशल शासिका व नारी सशक्तिकरण की प्रतीक थी। महारानी अहिल्याबाई होल्कर सुशासन के साथ-साथ शिक्षित और सांस्कृतिक विकास के लिए प्रसिद्ध थी। उन्होंने सामाजिक सांस्कृतिक परियोजनाओं के रूप में कई मंदिरों घाटों पाठशालाओं और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया साथ ही भारतीय वास्तुकला के विकास में भी योगदान की थी। नारियों के लिए ऐतिहासिक कार्य की थी। उन्होंने हर वर्ग की गरीब महिलाओं को शिक्षा के माध्यम से जागरूक करने का काम किया और महिलाओं को अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने की प्रेरणा स्रोत थी। कहा कि अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहें। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जो महिलाओं की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने का काम कर रहे हैं। यदि महिलाओं एवं हर गरीब वर्ग का भरोसा है तो वह सपा है जो हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम करती है। संगोष्ठी में पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव, अनिल प्रधान, अशोक पटेल, डॉक्टर केडी सिंह पटेल, अभय, कामरान खान, सरदार पारब्रह्म सिंह, राजेश शुक्ला, राजनाथ, प्रमोद चंद्र भूषण, कामता, दीपक केसरी, अवनीश पांडे, मिथिलेश सिंह, बंटी, विवेक के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फरार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। फर्जी जमानत प्रकरण में वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को जीयनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी कूटरचित अभिलेखों के माध्यम से गंभीर अपराधों में बंद अभियुक्तों की जमानत कराने वाले संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य है। मामले में 30 मई 2026 को कचहरी चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक चन्द्र प्रकाश कश्यप ने थाना कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया था कि कुछ तथाकथित वकील एवं जमानतदार आर्थिक लाभ के लिए हत्या, डकैती, लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट तथा अवैध शस्त्र अधिनियम जैसे गंभीर मामलों में न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध अभियुक्तों की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमानत करा रहे हैं। जांच में यह भी सामने आया कि एक ही जमानतदार द्वारा समान दस्तावेजों का प्रयोग कर कई अभियुक्तों की जमानत कराई गई, जिससे एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की पुष्टि हुई। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में मुकदमा संख्या 267ध्2026 के तहत विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी सगड़ी के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त रामचन्द्र यादव उर्फ मैकू यादव उर्फ सत्यम यादव निवासी भरौली थाना जीयनपुर को गोरखपुर जिला कारागार के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

माता-पिता की आज्ञा का पालन तीर्थ से बढ़कर

जौनपुर। सुजानगंज में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री ने शनिवार देर रात कहा कि माता-पिता की आज्ञाओं का पालन करते हुए निष्ठा के साथ उनकी सेवा करने से बड़ा कोई तीर्थ नहीं है। उन्होंने शिव पुत्र कार्तिकेय जी के प्राकट्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। शास्त्री जी ने बताया कि शिव जी के तेज से उत्पन्न कार्तिकेय जी ने जग का कल्याण किया और तारकासुर का वध किया।गणेश जी के प्राकट्य की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि गणेश जी ने अपने माता-पिता की पूजा करके संसार को यह उपदेश दिया कि यदि आप अपने माता-पिता की सेवा-पूजा करते हैं, तो आपका जीवन सुखमय रहेगा, भले ही आप कोई तीर्थ या व्रत न कर पाएं। इसीलिए कहा गया है कि माता-पिता की सेवा करना सबसे बड़ा तीर्थ है। कथा के पूर्व मुख्य यजमान लोलारक नाथ उमर ने व्यास गद्दी का पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर विवेक कुमार मिश्रा, अजीत पांडे, त्रिभुवन नाथ पांडे, संदीप कुमार उमर और डॉक्टर दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे ।

विशेष नाला सफाई व स्वच्छता अभियान प्रारंभ

- जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर निकायों में एक सप्ताह तक चलेगा विशेष अभियान

जिला संवाददाता (vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद की नगर पालिका परिषद एवं समस्त नगर पंचायत क्षेत्रों में आज विशेष नाला सफाई एवं स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। यह अभियान आगामी एक सप्ताह तक निरंतर संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य वर्षा ऋतु से पूर्व जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा नगर क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई निगरानी। अभियान के प्रथम दिवस नाला सफाई कार्यों की ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा एवं निगरानी बगीश कुमार शुक्ला अपर

जिलाधिकारी ने की। इस दौरान संबंधित अधिशासी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि नालों से निकाले गए कचरे का समयबद्ध निस्तारण कराया जाए तथा स्वच्छता मानकों का पूर्ण अनुपालन हो।

लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सभी अधिशासी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि नाला सफाई एवं स्वच्छता कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी नगर निकाय अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता पर संचालित करें। यदि किसी स्तर पर उदासीनता या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से भी

संक्षेप

छिनैती करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

टूंडला। थाना नगला सिंघी पुलिस ने चेकिंग के दौरान शनिवार देर शाम भीकनपुर बझेरा रोड से नगला काले को जाने वाले कच?चे मार्ग से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी पारुल मिश्रा ने बताया कि 28 मई को रामधन व शीलेंद्र निवासी गांव नगला काले थाना नगला सिंघी ने बाइक सवार सोनिया किन्नर निवासी सूर्यनगर कॉलोनी स्?टेशन रोड थाना टूंडला से सोने का पैंडल छीन लिया था। पीड़ित ने छीनैती की घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर उक्त दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से तलाशी के दौरान सोने का पैंडल, एक बाइक व प्लास्टिक के सफेद मोती बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

युवक ने पुल से यमुना में छलांग लगायी, मौत

मथुरा। वृंदावन पानी गांव पहुंच मार्ग स्थित यमुना के ऊपर बने पुराने पुल से युवक ने नदी में छलांग लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जमुनापार थाना क्षेत्र के पानी गांव के पुराने पुल पर पानी गांव निवासी 19 वर्षीय प्रवीण ने शनिवार दोपहर को यमुना नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को नदी से बाहर निकाला और निकट के जिला संयुक्त चिकित्सालय ले पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि युवक घर से किसी बात से नाराज हो कर निकला था, जिससे पुल से यमुना में छलांग लगा दी। युवक की मौत हो गई है। सीओ सदर पीतम पाल सिंह ने बताया कि युवक ने पुल से यमुना में छलांग दी, जिससे उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। अभी तक इस मामले में किसी तरह की शिकायत नहीं है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

जिपं अध्यक्ष ने सुनी पीएम मोदी की 'मन की बात'

मथुरा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कुंज नगर बूथ संख्या 254 पर प्रधानमंत्री श्रीनरेन्द्र मोदी के मन की बात के 134वें संस्करण को बूथ अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों कार्यकताओं और मातृशक्ति के साथ सुना। इस अवसर पर उन्होंने मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया तथा संगठन की मजबूती एवं जनसेवा के संकल्प को और सशक्त बनाने का आव्हान करते हुए उन्होंने कहा मन की बात कार्यक्रम हम सभी को प्रेरित करने वाला एक सशक्त माध्यम बन गया है। प्रधानमंत्री विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायक कहानियों को साझा कर, अन्य लोगों को भी जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक उपाय अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने देशी एवं पारंपरिक पेयों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए आम सहित भारतीय फलों की विशेषताओं का उल्लेख भी किया है। इस दौरान उन्होंने भाजपाईयों सहित अन्य ग्रामीणों से कार्यक्रम के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया और उनके विचार जाने। उन्होंने कहा निष्ठा और समर्पण के साथ किए गए अच्छे कार्य दूसरे लोगों के लिए भी उदाहरण बनते हैं।

ब्रज परिक्रमाओं के लिए जिला प्रशासन अलर्ट

जिला सुपर जोन में विभाजित, सुरक्षा व सुविधाओं पर पैनी नजर

मथुरा। पावन अधिकमास के अवसर पर ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा सहित वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना और मथुरा परिक्रमाओं को सकुशल व सुव्यवस्थित संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। बता दें कि यह पावन अधिकमास 15 जून तक रहेगा, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

श्रद्धालुओं और परिक्रमार्थियों की सुविधा के लिए पूरे जनपद को सुपर जोन में विभाजित किया गया है। डीएम ने गोवर्धन परिक्रमा की जिम्मेदारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा (एडीएम, वित्त एवं राजस्व), बरसाना परिक्रमा की अमरेश कुमार (एडीएम, प्रशासन), वृन्दावन परिक्रमा की नंद प्रकाश मौर्या (अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे), गोकुल/बलदेव/मांट क्षेत्र की वेद प्रिय आर्य (एडीएम, न्यायिक), शहरी (मथुरा क्षेत्र) की अनुपम कुमार मिश्रा (नगर मजिस्ट्रेट) एवं सौरभ सिंह (अपर नगर आयुक्त) को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि ये सभी अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि आंधी-तूफान या बारिश के कारण होने वाले फॉल्ट को तुरंत दुरुस्त किया जाए और परिक्रमा मार्गों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहे। स्वास्थ्य विभाग को परिक्रमा मार्ग पर चिकित्सा शिविर लगाने, डॉक्टरों व स्टाफ की चौबीसों घंटे उपलब्धता रखने और 24ॐ7 एम्बुलेंस सेवा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों को नियमित सफाई करने, मोबाइल व स्थाई टॉयलेट की व्यवस्था करने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को कहा गया है। डीएम ने एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र प्रकाश को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रखने के निर्देश दिए हैं। परिक्रमा मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे, बैरियर, बैरिकेडिंग और ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। पुलिस को नियमित गश्त करने तथा सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने को कहा गया है ताकि कोई भी अफवाह न फैला सके। डीएम ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की है कि वे कूड़े को हमेशा कूड़ेदान में ही डालें।

गोचरों की अभिव्यक्ति और ऐतिहासिक दस्तावेज है गोचरों का नेपथ्य : मिलन

मथुरा। पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की 301 में जयंती के उपलक्ष में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाकाव्य संकलन गोचरों का नेपथ्य का विमोचन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेंद्र मिलन ने कहा कि यह एक पुस्तक ही नहीं अपितु गोचरों की अभिव्यक्ति और ऐतिहासिक दस्तावेज है।

पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेंद्र मिलन ने कार्यक्रम के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉक्टर मिलन ने बताया कि गोचरों का नेपथ्य महाकाव्य संकलन में भारत के 11 प्रदेशों के 163 हिंदी भाषी कवियों की कविताओं का संकलन है। इस महाकाव्य संकलन के प्रकाशक ओमप्रकाश बघेल, प्रेम प्रकाश पाल, संपादक डॉ. जेपी बघेल, शिवकुमार दीपक, रवि पाल खामोश, रूपेश धनगर आदि ने गोचरों का नेपथ्य के संबंध में विस्तार से बताया। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि उद्योगपति बीएस बघेल सहित सभी अतिथियों के स्वागत की व्यवस्था लेफ्टिनेंट कर्नल यादराम बघेल ने संभाली। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध कवि डॉ. राजेंद्र मिलन (आगरा), वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरिसिंह पाल (दिल्ली), नत्थी सिंह बघेल (दिल्ली), राम प्रकाश पथिक (कासगंज), पहुंची लाल धनगर श्विषधरश (शिकोहाबाद), डॉ. संगीता पाल (कच्छ) डॉ. सुशील पाल(मुंबई), सरोज सौदामिनी (फिरोजाबाद), मनु वैशाली (शिवपुरी), डॉ.प्रभाकर (नागपुर), जोनपाल भार्गव (शहडोल), पद्मावती पदम (आगरा), डॉ. जेपी बघेल (मुंबई), ओम प्रकाश बघेल (पलवल), प्रेम कुमार (गाजियाबाद), शिवकुमार दीपक (हाथरस), रविपाल श्खामोशश (बड़ोदरा), रूपेश धनगर (मथुरा) आदि देश के विभिन्न प्रदेशों से आए 60 से अधिक कवियों ने अपनी कविताओं का स्व स्वर पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का काव्य में सफल संचालन प्रसिद्ध रंगकर्मी देवेंद्र पाल ने किया। कार्यक्रम में सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर, यूएस पाल, इंजी. डीसी वर्मा, धनगर संजय प्रधान, शंकर लाल धनगर, तुलसीराम धनगर, पूरन सिंह बघेल, महेश बघेल, सतीश बघेल, डॉ. राजमणि पाल, डॉ. रमेश पाल, डॉ. रमेश वर्मा, डॉ. रमेश चंद्र धनगर, राधेलाल धनगर, दानवीर सिंह बघेल, चंद्र प्रकाश बृजवासी, रघुवीर बघेल, तेजपाल आदि उपस्थित रहे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में किया गया नशामुक्ति व जनजागरण कार्यक्रम

फिरोजाबाद। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशामुक्ति एवं जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें, उपस्थित लोगों को तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक और स्वस्थ व व्यसनमुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान 100 से अधिक लोगों ने तम्बाकू एवं अन्य नशों का त्याग करने का संकल्प लिया तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने का प्रण किया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। साथ ही, समाज को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि स्वस्थ, सुखी और संस्कारवान समाज के निर्माण के लिए नशामुक्ति अत्यंत आवश्यक है तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान समय-समय पर ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। बीके सरिता दीदी ने कहा कि, तम्बाकू न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को हानि पहुँचाता है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति को भी कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि, आत्मिक चेतना और राजयोग के अभ्यास द्वारा व्यक्ति किसी भी प्रकार की बुरी आदत और व्यसन पर सहज विजय प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीके अंजना बीके खुशी बीके सपना काशीनाथ भारत, राजेन्द्र योगेश शिवकुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

वाट्सएप्प ग्रुपों में क्यू आर कोड भेजकर साइबर ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देशन में साइबर क्राइम सैल व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश गुनावत के पर्यवेक्षण में थाना उत्तर पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर वाट्सएप्प ग्रुपो में क्यू आर कोड भेजकर साइबर ठगी करने वाले शातिर अभियुक्त को 01 लैपटॉप, 03 मोबाइल फोन, 03 पासबुक, 04 एटीएम कार्ड व भारी मात्रा में डिजिटल साक्ष्य सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त अनजाने वाट्सएप्प ग्रुपों में जुडकर अपना क्यू आर कोड भेजकर व उन्हीं ग्रुपों के लोगो को लोटरी व अन्य लालच देकर साइबर ठगी करता था। साइबर क्राइम सेल व थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त आशु पाठक पुत्र पदम पाठक निवासी कुआं वाली गली जैन नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 लैपटाप 03 मोबाइल फोन, 04 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के 03 बैंक पासबुक विभिन्न बैंको व 01 मोटर साइकिल की आरसी पेपर बरामद हुए, पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पीली पोशाक धारण कर फूल बंगले में विराजमान होकर गिरिराज जी ने दिए भक्तों को दर्शन

मथुरा। गोवर्धन में पुरुषोत्तम मास में पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब अपने आराध्य गिरिराज जी की परिक्रमा देने के लिए उमड पड़ा। भजन कीर्तन करते हुए लोगों ने पूजा अर्चना कर गिरिराज जी की जी की परिक्रमा कर मनौती मांगी। श्रद्धा और भक्ति का सैलाब ऐसा उमडा की पैर रखने को भी जगह नजर नहीं आई। वृद्ध महिला पुरुष युवाओं में जोश देखा गया। गिर्राज नगरी गिरिराज महाराज की जयकारों से गूंज उठी। भक्तों ने सुबह मानसी गंगा में स्नान कर मुकुट मुखारविंद मानसी गंगा पर गिरिराज जी का अभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर प्रातः बेला में राधे बाबा गोलोक धाम के पीठाधीश्वर कन्हैया बाबा महाराज के सानिध्य में रिसीवर कपिल चतुवेर्दी ने गिर्राज महाराज का गुलाब जल गंगा जल व रबड़ी से महाअभिषेक किया गया। पुरुषोत्तम मास के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग बिरंगी रोशनी की गई है। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। सायं को ठाकुर जी ने मनोहरी आकर्षक रत्नों से सुशोभित पीले रंग की पोशाक धारण कर फूल बंगले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। गिर्राज भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। जिसे देखकर श्रद्धालु भक्त भक्ति में भाव विभोर हो गए। मंदिर में शहनाई वादन व भजनों की धुन पर भक्त नृत्य करते हुए नजर आए। सायं आरती में भारी भीड़ रही। वहीं हर गोकुल मंदिर दानघाटी मंदिर राधा कुंड श्याम कुंड गोविंद कुंड सुरभी कुंड जतीपुरा में भी लोगों ने पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा साफ सफाई पेय जल आदि की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

जन्मभूमि पर धूमधाम से मना शरद् महोत्सव

मथुरा। श्रीकृष्ण-जन्मभूमि पर पुरूषोत्तम मास (अधिकमास) की पूर्णिमा पर शरद् महोत्सव भव्यता एवं दिव्यता से मनाया गया। इस संबंध में श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान द्वारा जारी की गयी विज्ञप्ति के अनुसार-अधिकमास में मनाये जाने वाले अनेक पर्व/महोत्सव की श्रृंखला में अधिक ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा तद्नुसार आज रविवार की प्रातः 6 बजे शरद् महोत्सव का शुभारम्भ मंत्रोच्चारण की मंगल ध्वनि के मध्य श्रीगिरिराज जी महाराज का पंचामृत महाभिषेक के साथ हुआ। ठाकुरजी के गिरिराज जी के महाभिषेक में सम्मिलित श्रद्धालुओं को ठाकुरजी के अनुपम अलौकिक दर्शन हुए। शरद महोत्सव के अवसर पर सांय 4 बजे से भगवान श्रीकेशवदेव जी के निज जगमोहन को चन्द्रलोक का भव्य स्वरूप प्रदान किया गया। चन्द्रलोक में विराजमान ठाकुर श्रीकेशवदेवजी के श्रीविग्रह के दर्शन से श्रद्धालुओं को अलौकिक अनुभूति हो रही थी। ठाकुरजी के चन्द्रलोक में दर्शन करने हेतु श्रद्धालुओं की कतारें मंदिर प्रांगण में पट बन्द होने तक निरन्तर लगी रहीं। इस अवसर पर सांय 7 बजे से लीलामंच पर ब्रज के सुप्रसिद्ध श्रीमथुर बिहारी रासलीला मण्डल के संस्थापक श्री जयप्रियाशरण जी महाराज के नेतृत्व में उनके कलाकारों द्वारा परंपरागत महारास की भव्य प्रस्तुति दी गयी। प्रिया-प्रियतम के ऐसे दिव्य मनोहारी महारास में दर्शन कर श्रद्धालुगण अभिभूत हो उठे। इस शरद महोत्सव के आयोजन को भव्य और भावमय बनाने के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के पदाधिकारी/सेवाभावीजन पूर्ण मनोयोग से जुटे हुऐ दिखे।

अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनायी

टूंडला। नगर व देहात में राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती मनाई। एटारोड स्थित भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में अहिल?याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष वृंदावन लाल गुप्ता डॉ.अमित गुप्ता, आकाश शर्मा, विनोद बाबू, गौरव सिसोदिया आदि उपस्थित रहे। वहीं, एटा रोड स्थित सपा कैंप कार्यालय पर प्रदेश सचिव महाराज सिंह धनगर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। उन?होंने कहा कि राजमाता के विचारों में लोक-कल?याण ही सबसे बड़ा राजधर्म था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहर सिंह धनगर, संचालन लटूरी सिंह लट्टू ने किया। इस दौरान ब?लॉक अध?यक्ष संदीप यादव रामवीर धनगर डॉ. राजू यदव आदि उपस्थित रहे। वहीं, फिरोजाबाद सर्विस रोड स्थित समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक यादव के नेतृत्व में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। नगर अध?यक्ष मोहम्मद फहीम, अजब सिंह यादव, अभिषेक यादव, वीरेश यादव, उमेश यादव, मोहम्मद सनी, देशराज यादव, चंद्रवीर सिंह आदि मौजूद रहे। धनगर महासभा के पदाधिकारियों ने लाइनपार के गांव नगला छैंकुर में माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रेमदत्त श्रीकृष्णा बॉबी बघेल हरेंद्र, राहुल आदि उपस्थित रहे। यमुना तलहटी के गांव नगला धीरी में दोपहर सवा एक बजे लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगला धीरी तिराहे से प्रारंभ होकर नगला सिंघी, अजीत नगर, जटई होते हुए पौने चार बजे नगला धीरी में समापन हुआ। शोभायात्रा में विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर हनुमंत बघेल थान सिंह बघेल अंशु, विनीत बघेल दाताराम बसंत लाल अशोक कुमार बघेल प्रताप सिंह बघेल दिनेश बघेल धीरज बघेल आदि उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए डीएम की अपील : 5 जून को अवश्य लगायें 'एक पेड़ मां के नाम'

फिरोजाबाद। शासन के निदेर्शों के अनुक्रम में डीएम द्वारा जनपदवासियों जनप्रतिनिधियों और सभी अधिकारियों से आगामी विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2026 के विशेष अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम महा-अभियान को पूरी भव्यता और जन-भागीदारी के साथ सफल बनाने की भावपूर्ण अपील की गई है। वर्ष 2026-27 के अंतर्गत प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का विशाल लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक के निर्णय के अनुसार, इस बार पर्यावरण दिवस को पूरी तरह से पर्यावरण संरक्षण और अपनी जननी माँ के प्रति समर्पित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा जनपद में सुचारू पौधरोपण और जन-जागरूकता हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड ब्लॉक स्तर, नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का वृहद स्तर पर आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए हमारे भविष्य के लिए रखी गई है। इस भावना को धरातल पर उतारने के लिए व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। अभियान के तहत की जाने वाली समस्त गतिविधियों और पौधरोपण की तस्वीरों को मेरी लाइफ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा तथा वन एवं वन्यजीव विभाग के मुख्यालय स्थित कमाण्ड सेंटर को भी इसकी सूचना भेजी जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे रोपे गए पौधों की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर हैशटैग मेरी मां के नाम के साथ साझा कर इस मुहिम का हिस्सा बनें। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। आइए, इस 5 जून को हम सब मिलकर अपनी माँ के सम्मान में और धरती माँ के संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखरेख का संकल्प लें।

दंडवत परिक्रमा कर रही महिला पर चालक ने कार चढ़ा दी, घायल

मथुरा। अधिक मास में वृंदावन नगर की पंचकोसी दंडवती परिक्रमा कर रही महिला के ऊपर चालक ने कार चढ़ा दी, जिससे वह घायल हो गई। परिक्रमा मार्ग में चल रही भीड़ ने कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने लोगों की सहायता से घायल महिला को मथुरा मार्ग स्थित अस्पताल में पहुंचाया। जहां महिला की हालत खतरे से बाहर है।

रुक्मिणी विहार सेक्टर दो निवासी 40 वर्षीय प्रियंका अग्रवाल अपनी सास के साथ शनिवार शाम को नगर की पंचकोसी दंडवती परिक्रमा कर रही थीं। तभी चामुंडा देवी मंदिर कट के समीप बलेनो कार दंडवती कर रही महिला के ऊपर चढ़ गई। इससे महिला के सिर, पैर, हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। कार के चढ़ने पर महिला की तेज आवाज निकली, जिसे सुन परिक्रमा कर रहे भक्तजन महिला की ओर दौड़े और उन्हें मथुरा मार्ग स्थित अस्पताल पहुंचाया। वहीं कार और उसके चालक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। कार चालक गोधूलि पुरम का रहने वाला बताया जा रहा है। परिक्रमा मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित करने के बावजूद वाहनों के संचालन से परिक्रमार्थियों की जान को खतरे में डालकर श्रद्धापूर्वक परिक्रमा कर रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन परिक्रमार्थियों सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी कर रहा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। सीओ सदर पीतम पाल सिंह ने बताया कि परिक्रमा कर रही महिला में टक्कर मारने वाली कार को सीज कर चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। परिक्रमा मार्ग में वाहनों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

कान्हा टेलीकॉम पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न, 100 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ

मथुरा। मसानी स्थित कान्हा टेलीकॉम पर रविवार को टीवीएस क्रेडिट हेल्थ के सौजन्य से एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 100 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में पहुंचे मरीजों की जांच डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम द्वारा की गई। जांच के साथ-साथ डॉक्टरों ने लोगों को बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के महत्वपूर्ण उपाय और सावधानियां भी बताईं। इस सामाजिक कार्य को सफल बनाने में कान्हा टेलीकॉम के मालिक मोहित अग्रवाल, कान्हा अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। इसके साथ ही व्यवस्थाओं को संभालने और शिविर को सुचारू रूप से चलाने में टीवीएस क्रेडिट हेल्थ टीम से मोनू बंसल, धीरेंद्र कुमार, अमन, राजवीर वर्मा, आशीष शुक्ला मोनू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ?स्थानीय निवासियों ने कान्हा टेलीकॉम और टीवीएस क्रेडिट हेल्थ की इस जनहितैषी पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविरों से आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल संग 910 बूथों पर गूंजी 'मन की बात' भाजपा ने बूथ स्तर पर फूंकी चुनावी रणभेरी

मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार के कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल की उपस्थिति में रविवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर मथुरा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। मथुरा -वृंदावन एवं गोवर्धन विधानसभा क्षेत्रों के 12 मंडलों में लगभग 910 बूथों पर कार्यकताओं एवं आमजन ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना। इसके साथ ही भाजपा ने आगामी चुनावों को लेकर बूथ स्तर तक अपनी सक्रियता और तेज कर दी है। वृंदावन मंडल के विद्यापीठ शक्ति केंद्र स्थित बूथ संख्या-15 पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इस दौरान महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, उपसभापति मुकेश सारस्वत, महानगर महामंत्री विनीत शर्मा, मंडल प्रभारी कुंज बिहारी चतुवेर्दी, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र वार्ष्णेय सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। मन की बात कार्यक्रम के बाद सभी बूथों पर बूथ समिति की बैठकें आयोजित की गईं जिनमें संगठनात्मक मजबूती और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। भाजपा के मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान की समीक्षा करते हुए पन्ना प्रमुखों के सत्यापन, लाभार्थी संपर्क अभियान तथा सरल ऐप पर शत-प्रतिशत डेटा अपडेट करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि कार्यकताओं को प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना सहित केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर संपर्क कर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन का स्पष्ट संदेश है बूथ जीता तो चुनाव जीता। इसी उद्देश्य के साथ सभी बूथों को डिजिटल एवं जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाया जा रहा है।

एकतरफा प्यार की सनक ने छीनी मासूम की सांसें

- घटना को अंजाम देने के बाद आत्महत्या करने जा रहा था आरोपी

फिरोजाबाद। यादव कॉलोनी शिकोहाबाद में डेढ़ वर्षीय मासूम आरव की हत्या ने न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया कि जब प्रेम जुनून और सनक में बदल जाता है तो उसका अंजाम कितना भयावह हो सकता है। रिश्तों की मयार्दा को ताक पर रखकर आरोपी ने जिस तरह मासूम को निशाना बनाया, उसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल हुए आरोपी को रविवार को जेल भेज दिया। परिजनों के अनुसार आरोपी विराज पाठक लंबे समय से रति पर शादी का दबाव बना रहा था। रति पहले से विवाहित थी और अपने बेटे के साथ जीवन बिता रही थी, लेकिन आरोपी इस सच्चाई को स्वीकार नहीं कर पा रहा था। बताया जाता है कि उसने कई बार रति को अपने पति से अलग होने के लिए कहा, लेकिन हर बार उसे इनकार का सामना करना पड़ा। इसी इनकार ने उसके मन में बदले की भावना पैदा कर दी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सीधे रति को नुकसान नहीं पहुंचा सका, इसलिए उसने उसके कलेजे के टुकड़े को निशाना बनाया। चॉकलेट दिलाने के बहाने मासूम को घर से बाहर ले जाना और फिर उसकी हत्या कर देना यह दशार्ता है कि घटना अचानक नहीं बल्कि गुस्से और सनक का परिणाम थी।

मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि सच्चा प्रेम किसी पर अधिकार नहीं जताता, जबकि जुनून इंसान को अंधा बना देता है। आरोपी की सोच भी कुछ ऐसी ही थी। वह रति को अपनी मर्जी से जीवन जीने का अधिकार देने के बजाय उसे हासिल करने की जिद में था। जब उसकी इच्छा पूरी नहीं हुई तो उसने एक मासूम की जिंदगी छीन ली। घटना के बाद यादव कॉलोनी सहित पूरे शहर में लोग स्तब्ध हैं। हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि आखिर एक मासूम ने किसी का क्या बिगाड़ा था। लोगों का कहना है कि आरोपी ने अपनी नाकाम चाहत का बदला एक निर्दोष बच्चे से लेकर इंसानियत को शर्मसार कर दिया। जिस मां ने अपने बेटे को गोद में खिलाया था, उसी मां को कुछ ही देर बाद उसके निर्जीव शरीर को देख बिलखना पड़ा। अस्पताल परिसर में मां और परिजनों की चीख सुनकर लोगों की आंखें भी नम हो गईं। परिवार का कहना है कि उन्हें कभी अंदाजा नहीं था कि रिश्तेदारी का ही एक युवक इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दे देगा। यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि समाज के लिए चेतावनी भी है। एकतरफा प्यार, असफल रिश्ते और मानसिक असंतुलन जब समय रहते नहीं रोके जाते, तो वे अपराध का रूप ले सकते हैं। जरूरत है कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाए और परिवार व समाज समय रहते हस्तक्षेप करे, ताकि किसी अन्य मासू

एसआईआर संवैधानिक

तमाम सियासी वितंडा, सियासी विरोध और आरोप-प्रत्यारोप को दरकिनार करते हुए देश की सर्वोच्च अदालत ने एसआईआर को पूरी तरह संवैधानिक करार दिया है। इसे स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव और शुद्ध, साफ मतदाता सूची के संदर्भ में चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार भी माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 21 (3) का किसी भी तरह उल्लंघन स्वीकार नहीं किया है। वोट चोरी और नागरिकता छीन लेने सरीखे विपक्ष के आरोपों और याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। न्यायिक पीठ का मानना है कि मतदाता सूची से नाम कटने का अर्थ यह नहीं है कि आप भारत के नागरिक नहीं हैं। नागरिकता का अंतिम फैसला सक्षम अथॉरिटी (केंद्रीय गृह मंत्रालय) लेगी। अलबत्ता आयोग नागरिकता की सीमित जांच कर सकता है, ताकि पात्र मतदाता तय किया जा सके। नागरिकता का विचाराधीन निर्णय आगामी 2029 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद के विधानसभा चुनावों तक ले लिया जाना चाहिए। सारांश यह है कि एसआईआर संवैधानिक है और आगे भी जारी रहेगा। सर्वोच्च अदालत ने किसी भी प्रकार की रोक से साफ इनकार कर दिया। अधिकांश याचिकाएं बिहार के संदर्भ में थीं, लिहाजा एसआईआर के तहत जिन नामों को मतदाता सूची से काट दिये गये हैं, उन पर सर्वोच्च अदालत ने कुछ नहीं कहा। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या वे लोग विदेशी नागरिक या घुसपैठिए हैं? क्या उनके नाम न्यायिक समीक्षा के चक्रव्यूह में फंस कर रह जाएंगे? आयोग ऐसे लोगों का अधिकृत आंकड़ा ही दे दे, बेशक व्यक्ति की पहचान न बताये। यदि इन नामों में से अधिकांश भारत के नागरिक हैं, तो वे मतदाता क्यों नहीं हैं? बुनियादी संवैधानिक व्यवस्था यही है कि जो पात्र नागरिक हैं, वह मतदाता भी हैं, लेकिन एसआईआर की प्रक्रिया ने इस व्यवस्था को ही सवालिया और संदेहास्पद बना दिया है।

कुछ उदाहरण गौरतलब है। एक महिला भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के तहत एक विभाग में वरिष्ठ वैज्ञानिक थी और लंबी नौकरी के बाद वहीं से सेवानिवृत्त हुई। उन्हें नियमित पेंशन भी मिलती है। चुनाव आयोग के कर्मियों ने उनके वोटर होने पर ही सवाल खड़े कर दिए। उनसे मतदाता सूची में उनके पिता के नाम का ब्यौरा मांगा है, जबकि उनकी मृत्यु को कई साल बीत चुके हैं। एक वयस्क, भारत सरकार में प्रथम श्रेणी अधिकारी, सेवामुक्त और पेंशनभोगी-क्या ये आधार एक मतदाता होने के लिए पर्याप्त नहीं हैं? पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान कुछ अधिकारियों के चेहरे सामने आए। वे राज्य सरकार के कर्मचारी थे, नियमित वेतन पाते रहे थे, चुनाव में ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन एसआईआर में उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए गए। चुनाव आयोग की संवैधानिकता, एसआईआर की वैधता एक अलग विषय है। इस पर किसी को आपत्ति नहीं है, लेकिन जिनके नाम काटे गये हैं, उनका क्या होगा, यह सवाल महत्वपूर्ण है। आयोग 14 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में एसआईआर अभियान समाप्त कर चुका है। 19 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में अभी बाकी है। वहां जून से अभियान शुरू होने वाले हैं। अभी पांच राज्यों में चुनाव सम्पन्न हुए हैं, लेकिन तार्किक विसंगति की व्यवस्था बंगाल में ही लागू की गयी। वहां जिन 27 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए थे, उनमें से सिर्फ 6000 को ट्रिब्यूनल से न्याय मिला है। यदि यही गति रही, इतना ही वक्त लगता रहा, तो न्यायिक समीक्षा में बहुत समय लग जायेगा। ऐसे में संविधान के मौलिक अधिकार मताधिकार का क्या होगा? लोगों से पिता का ही नहीं, दादा का भी ब्यौरा पूछा और मांगा जा रहा है। क्या इससे पहले जो एसआईआर अभियान चलाए गए थे, उनमें ऐसे ब्यौरे और दस्तावेज मांगे जा रहे थे? जिसने पहले कई बार वोट दिया है और वह साक्षात रूप में आयोग के सामने मौजूद है, उसका पासपोर्ट बना हुआ है। उस भारतीय को मतदाता होने से कौन और कैसे रोक सकता है? इसलिए चुनाव आयोग को मतदाता सूची दुरुस्त करना चाहिए लेकिन इसके साथ ही जिनके नाम काटे जा रहे हैं उनको सुनवाई का मौका देने के साथ ही नाम जोड़ने की पहल करनी चाहिए।

विकसित भारत की राह में बढ़ती चुनौतियां

मनोज बाजपेयी

हम सभी देख रहे हैं कि इक्कीसवीं सदी का विश्व वैज्ञानिक उन्नतियों के बाद भी अनेक प्राकृतिक-कृत्रिम बाधाओं से ग्रस्त है। कोरोना का कालखंड इसमें सबसे बड़ी बाधा रहा। इसके बाद अमरीका, रूस, ईरान, भारत, पाकिस्तान, यूक्रेन, इजरायल, खाड़ी के देशों सहित दुनिया के पंद्रह-बीस देश निरंतर युद्ध में उलझे हुए हैं, जिन पर निरंतर चर्चा हो रही है। नवीनतम अमरीका-इजरायल बनाम ईरान के युद्ध ने विश्व के सामने ऊर्जा की कठोर समस्याएं खड़ी कर दी हैं। अमरीका एवं इजरायल के द्वारा की गई बर्बादी का बदला ईरान तेल व गैस आपूर्ति के प्रमुख मार्ग होर्मुज को बंद कर, अवैध आवागमन शुल्क लेकर एवं बाधा उत्पन्न कर ले रहा है। ईरान के इस कृत्य से दुनिया के विभिन्न देशों तक उनकी आवश्यकता का तेल तथा गैस सुगमता से नहीं पहुंच पा रही है। जो पहुंच भी रही है, वह भी अत्यंत महंगी होकर। उक्त देशों के चर्चित युद्ध के अतिरिक्त गुमनाम देशों के भी अपने पड़ोसियों के साथ युद्ध चल रहे हैं। यदि पड़ोसी देशों के साथ उनका युद्ध नहीं भी चल रहा है, किंतु उनके अपने ही देश में अलग-अलग रक्तरंजित संघर्ष निरंतर हो रहे हैं। चूंकि ये देश बड़े एवं संपन्न देश नहीं हैं, इसीलिए इनके युद्धक तथा स्वदेशी संघर्षों के समाचार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख जनसंचार माध्यमों जैसे टीवी, सोशल मीडिया और अखबार आदि में नहीं होते।

भारत के संदर्भ में युद्ध तथा प्रकृति आधारित समस्याओं का विश्लेषण किया जाये तो इनका अंत होता हुआ नहीं दिखाई देता। वैसे गृहमंत्री ने घोषित कर दिया है कि भारत अब नक्सल-समस्या से मुक्त हो चुका है। यह अच्छी बात है। यदि गृहमंत्री की घोषणा पूर्णतः सत्य है तो यह इस शासन की विशेष उपलब्धि है, किंतु इस उपलब्धि के साथ बाद में कोई किंतु-परंतु नहीं होना चाहिए। भविष्य में कहीं ऐसा कुछ सुनने या पढ़ने को न मिल जाये कि नक्सलियों का उन्मूलन बड़े पूंजीपतियों के दबाव में उन वनों के भौतिक-औद्योगिक उपयोग के लिए किया गया है, जहां ऐसे पूंजीपति अपनी नवीन महत्वाकांक्षी परियोजनाएं आरंभ करना चाहते हैं। नक्सल-समस्या से तो देश मुक्त हो चुका है, किंतु वैश्विक ऊर्जा व आपूर्ति संकट से घिर चुका है। इसके अतिरिक्त देश में बहुत-सी ऐसी समस्याएं हैं, जो केवल और केवल सामान्य मानव के स्तर पर जीवन जीकर ही अनुभव की जा सकती हैं। जब भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक रूप में विपक्ष में थी और उसकी बड़ी शासकीय स्थापना नहीं थी, तो प्रायः वह कांग्रेस तथा अन्य सत्तारूढ़ दलों पर अनेक आरोप लगाया करती थी।

विमर्श

देश की समस्याओं का समाधान नहीं करने के लिए। भाजपा का तत्कालीन सत्ताधारी दलों से प्रश्न करना कभी नहीं रुका, जो उचित भी था क्योंकि वह विपक्ष में थी तो प्रश्न पूछना बनता था। सत्ताधारी दलों की मनमानी और समस्याओं का समाधान न करने की प्रवृत्ति भी ज्यों की त्यों बनी रही।

वर्तमान में तो अधिकांश राज्यों या कहें देश के बड़े हिस्से में भाजपा की सरकार है और जहां भाजपा की सरकार है वहां एक तरह से डबल इंजन की सरकार है क्योंकि केंद्र में तो भाजपा 2014 से लगातार काबिज है। इस समय वह 20 प्रदेशों तथा 2 केंद्रशासित प्रदेशों में सत्तारूढ़ है। वह केवल 8 प्रदेशों व 6 केंद्रशासित प्रदेशों में सत्ता में नहीं है। इसके बाद भी अनेक सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याएं बनी हुई हैं और हर नये दिवस में पहले से अधिक विकराल हो रही हैं। जम्मू एवं कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तर तथा दक्षिण भारतीय राज्यों की सीमाओं के समीप स्थित पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका तथा म्यांमार के माध्यम से भारत में अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न की जाती रही हैं। इन देशों से भारत के अंदर अवैध घुसपैठियों का निरंतर प्रवेश हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में अवैध घुसपैठियों को पकड़ने का व्यापक अभियान चलाया गया था। अप्रैल 2025 के बाद से लेकर आज तक इस अभियान के अंतर्गत केवल 4000 अवैध प्रवासियों को बाहर निकाला गया है। 2014 में सत्ता में आने के बाद से लेकर भाजपा के नेतृत्व में संसद से लेकर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों एवं जानकारों तक ने जो आंकड़े दिए हैं, उसके अनुसार देश में अवैध रूप में रह रहे विदेशी लोगों की संख्या 1.50 से 2 करोड़ के बीच हो सकती है। इनमें सर्वाधिक बांग्लादेशी हैं। इन डेढ़-दो करोड़ अवैध लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए शासन ने पैन कार्ड, बैंक खाता, आधार कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट तथा अन्य विभिन्न प्रकार की पहचान प्रकट करने वाले पत्रों के अद्यतन की प्रक्रिया को अत्यंत जटिल बना दिया है। अवैध लोग इस प्रक्रिया से समस्याग्रस्त हों न हों, किंतु भारत के मूल नागरिकों को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए भीषण संघर्ष करना पड़ रहा है। पता नहीं शासन का वास्तविक, प्रामाणिक तथा भारतीय मूल नागरिकों के लिए चलाया जा रहा जनगणना कार्य कब तक संपन्न होगा। जिस देश की डेढ़ अरब जनसंख्या की भीड़ में अभी तक मूल व बाहरी नागरिकों की पहचान स्पष्ट नहीं है, वहां आर्थिक, सामाजिक, प्राकृतिक, शासकीय-प्रशासकीय समस्याओं का निस्तारण किस आधार पर ईमानदारी से होगा, यह स्वयं में बड़ा प्रश्न है। कोरोना जैसी महा आपदा से भारत और दुनिया उबरी ही थी, कि उसके बाद पश्चिमी यूरोप में आरंभ हुए, रूस एवं यूक्रेन के, अभी तक चल रहे युद्ध ने चारों ओर समस्याएं बढ़ायी हैं। अब अमरीका-इजरायल बनाम ईरान के युद्ध में मध्य पूर्व के अरब एवं खाड़ी देशों के समुद्री मार्गों से विश्व को होने वाली तेल-गैस की आपूर्ति में जो बाधाएं उत्पन्न हुईं एवं निरंतर उत्पन्न हो रही हैं, उन्होंने समस्याओं की धुरी को आर्थिक विपन्नता की ओर मोड़ दिया है। भारत इस स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित है। फरवरी 2026 में विश्व की चतुर्थ आर्थिक शक्ति रहा भारत अब मई 2026 में छठवें एवं सातवें क्रम पर आ गया है। जिस देश में धन-संसाधन तथा समृद्धि केवल कुछ बड़े लोगों एवं संस्थाओं तक सीमित होगी, वहां आर्थिक मंदी का ऐसा ही दुष्प्रभाव होगा। यदि यह मान लें कि अमरीका एवं चीन की भी जनसंख्या विश्व में क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय क्रम पर सर्वाधिक है, किंतु ऐसा मानते समय यह नहीं भूलना चाहिए कि इनकी जीडीपी शेष आर्थिक शक्तियों- जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस तथा भारत की तुलना बहुत अधिक है। इससे यह बात स्पष्ट हो रही है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था काफी हद तक द्वि-ध्रुवीय (अमरीका-चीन) है। अतः इससे सिद्ध होता है कि इन दो देशों की जनसंख्या की व्यक्तिगत आर्थिक संपन्नता अधिक संतुलित है।

व्यक्तिगत आर्थिक संपन्नता का संतुलन तो जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस का भी उचित ही है, क्योंकि इन देशों की जनसंख्या उनकी जीडीपी की तुलना में अत्यधिक कम है। केवल भारत ही अपवाद स्वरूप है, जिसकी जनसंख्या भी विश्व में सर्वाधिक है, और जनसंख्या में कितने मूल नागरिक हैं, कितने अवैध घुसपैठिए हैं, इसका आंकड़ा भी शासन के पास नहीं है। भारत के सामने चुनौती जटिल है। आयात पर निर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा, अत्यधिक आबादी, गरीबी और आर्थिक विषमता हमारी बड़ी कमजोरी है। इन चुनौतियों का समाधान किये बिना विकसित भारत की राह में बाधाएं आती रहेंगी।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

> भारत के सामने चुनौती जटिल है। आयात पर निर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा, अत्यधिक आबादी, गरीबी और आर्थिक विषमता हमारी बड़ी कमजोरी है। इन चुनौतियों का समाधान किये बिना विकसित भारत की राह में बाधाएं आती रहेंगी।

सोशल मीडिया

आ.पीएम के मन की बात कार्यक्रम में बस्ती जिले में मनोरमा नदी के पुनरुत्थान कार्य का उल्लेख समस्त प्रदेश वासियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी और गौरव का विषय है। सीएम योगी.

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश 'एक राष्ट्र एक समान कानून' की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा, यूसीसी संविधान में निहित समान अधिकार व न्याय की भावना का संकल्प है। केशवप्र.

वेदांत और उसके मित्र प्रतिभाशाली, साहसी युवा भारतीय हैं, जिन्होंने सीबीएसई और मोदी सरकार से कुछ सीधे-साधे सवाल पूछे लेकिन जवाबों की जगह अपमान उन्हें मिला। राहुल गांधी

वन्यजीवनःविलुप्त होने की कगार पर घड़ियाल

पर्यावरण/पारिस्थितकी

के.पी.सिंह

घड़ियाल क्रोकोडिलिया गण का जीव है। इस गण के अंतर्गत चार प्रमुख प्राणी आते हैं- एलीगेटर, कैमान, मगर और घड़ियाल। इनमें से घड़ियाल एकमात्र ऐसा जीव हैं, जो भारतीय उपमहाद्वीप के अतिरिक्त कहीं भी नहीं पाया जाता। यह भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और बर्मा की प्रमुख नदियों तथा झीलों में ही देखने को मिलता है। भारत में यह गंगा, महानदी, चम्बल, सिन्धु, ब्रह्मपुत्र तथा इरावती नदी और इसकी सहायक नदियों तथा चिल्का झील में पाया जाता है। जीव वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इसका इतिहास और सामाजिक जीवन मगर के समान होना चाहिए। घड़ियाल की शारीरिक संरचना मगर के समान ही होती है, किंतु अपने लंबे थूथुन के कारण यह अलग से पहचाना जा सकता है। सामान्यतया घड़ियाल की लंबाई चार मीटर से छः मीटर तक होती है। इसके शरीर का रंग जैतूनी हरा होता है एवं इस पर गहरे रंग के निशान होते हैं। घड़ियाल के शरीर के ऊपरी भाग पर कठोर शल्कों का आवरण होता है। इसका थूथुन लंबा और पतला होता है। इसकी लंबाई मस्तक की चैड़ाई की लगभग छः गुनी होती है। नर घड़ियाल के थूथुन के सिरे पर एक घड़ा सा होता है। इसी घड़े के कारण इसे घड़ियाल कहा जाता है। नर और मादा घड़ियाल की संरचना एक जैसी होती है, किंतु मादा के थूथुन पर घड़ा नहीं होता।

घड़ियाल के थूथुन के अंत में नथुने होते हैं एव नर घड़ियाल की नाक कुछ फूली हुई होती है। इसे यह नथुने बंद कर लेने के बाद गुब्बारे की तरह फुलाकर घड़े जैसा कर लेता है। घड़ियाल के मुंह में ऊपर के जबड़ों में दोनों तरफ 29-29 दांत एवं नीचे के जबड़े में 26-26 दांत होते हैं। इसके सभी दांत लगभग एक जैसे और समान आकार के होते हैं। घड़ियाल के दांत इस प्रकार के होते हैं कि दोनों जबड़ों के बंद कर लेने पर इस प्रकार मिल जाते हैं कि इसके मुंह में फंसी हुई छोटी सी मछली भी बाहर नहीं निकल सकती। घड़ियाल के आगे के पैरों में पांच-पांच उंगलियां और पीछे के पैरों में चार-चार उंगलियां होती हैं एवं उंगलियों में तेज नाखून होते हैं। घड़ियाल के पिछले पैरों की उंगलियों के मध्य मजबूत झिल्ली होती है, जो तैरने में इसे विशेष सहायता देती है। घड़ियाल का प्रमुख भोजन मछली है। इसके साथ ही यह मगर के समान छोटे-छोटे स्तनपायी जीवों, जलीय पक्षियों तथा कछुओं आदि का भी शिकार करता है। सामान्यतया घड़ियाल मानव से डरता है, किंतु कभी-कभी यह मानव पर आक्रमण भी कर देता है। घड़ियाल के शिकार करने का ढंग, मगर से पूरी तरह से भिन्न है। घड़ियाल शिकार की तलाश में पानी के भीतर अपनी आंखें और नथुने बाहर किये हुए तैरता रहता है और जैसे ही शिकार के निकट पहुंचता है, अपनी आंखों को बंद करके सिर पानी के भीतर कर लेता है। अब केवल इसके नथुने ही पानी के बाहर रह जाते हैं। इस तरह शिकार इसे देख नहीं पाता और यह उसके और निकट पहुंच जाता है। अचानक इसके जबड़े पानी के भीतर खुलते हैं और शिकार को दबोच लेते हैं। घड़ियाल के पेट से अनेक बार स्त्रियों के आभूषण निकले हैं। इससे लोगों की यह धारणा बन गयी है कि घड़ियाल आदमखोर होता है। वास्तव में यह धारणा भ्रमपूर्ण है। घड़ियाल मानव से डरता है, लेकिन यह मानव की सड़ी-गली लाशें अवश्य खाता है।

समागम काल में नर घड़ियाल मादा को आकर्षित करने के लिये इसी घड़े से एक विशेष प्रकार की लययुक्त ध्वनि निकालता है। इस आवाज को सुनकर मादा नर के निकट पहुंच जाती है। मगर के समान घड़ियाल भी पानी के भीतर समागम करता है। समागम के पश्चात मादा घड़ियाल पानी के बाहर, रेत में गड्ढ़ा बनाकर 40 से 60 तक अंडे देती है और उन्हें रेत से ढंक देती है। इसके अंडों की लंबाई लगभग 9 सेंटीमीटर तथा चैड़ाई 6 सेंटीमीटर होती है। अंडों से बच्चे निकलते हैं। जन्म के समय इनका रंग धूसर हरा और लंबाई 35 से 40 सेंटीमीटर के मध्य होती है। बच्चों को, जन्म के तुरंत बाद मादा पानी में ले जाती है और पालन-पोषण के साथ ही इनकी सुरक्षा का कार्य करती है। मादा घड़ियाल हमेशा रेत के गड्ढ़े में अंडे देती है। अंडों से बच्चे निकलने के बाद, मादा इन्हें गड्ढ़े से बाहर विशेष सहयोग देती है। वह उन्हें अपने पंजों से सहारा देकर गड्ढ़े से बाहर निकालती है और एक-एक करके सभी को पानी में ले जाती है। घड़ियाल के बच्चे पानी में भी एक लंबे समय तक मां के साथ रहते हैं। वे कभी-कभी कुछ दूर भी चले जाते हैं, किंतु खतरे का आभास होते ही तुरंत आकार मां की पीठ पर सवार हो जाते हैं।

विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रैंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।
-स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

हानिकारक आवेग

अंतर्दृष्टि

कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी, काम भी बुरी बात नहीं है। बुरा केवल काम का दुरुपयोग है। दुरुपयोग करने से तो अमृत भी विष बन सकता है।

सड़क वही जो फाड़ने के काम आये

व्यंग्यलोक

रामविलास जॉगिड़

सड़कें फाड़ना राष्ट्रीय कर्तव्य है। मैं राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक हूं। इसलिए जनहित में कुछ जरूरी सूचनाएं देना अपना कर्तव्य समझता हूं। यह सूचना बिजली वाले, टेलीफोन वाले व टेंट वाले भाइयों के लिए है। सूचना है कि मेरे पिछवाड़े की सड़क पहले ऊबड़-खाबड़ थी। बीस वर्षों की कठोर तपस्या के बाद अब यह सड़क सोलह सिंगार से सज-धज कर पेवर रोड के रूप में बदल गई है। मारे शर्म के सड़क का घूंघट प्यारे मंत्री जी ने उघाड़ा था। उन्हीं मंत्री जी ने सड़क का उदघाटन किया। जिन्होंने इस सड़क के गभार्धान के बाद एक सुंदर बंगले को जन्म दिया था। तो साहब कुल जमा सूचना यह है कि सड़क ने सिने तारिकाओं के गालों जैसा रूप धर लिया है। अतः हे बिजली वालों! हे टेलीफोन वालों! हे पानी के नल बिछाने वालों! हे टेंट गाड़ने वालों! देवी और देवताओं आप तुरंत इधर चले आइए! अपने गैंती, फावड़े और कुदालों के साथ तुरंत आ धमकिए। आपको फटी, पुरानी, बूढ़ी, खूसट सड़क खोदने में शर्म आती है। फटेली सड़क के साथ छेड़छाड़ करने में आपका शर्म से पानी-पानी हो जाना भी वाजिब है। असली आनंद सोलह सिंगारवान नई नवेली सड़क को चीरने में ही आता है। आप भी क्या करें श्रीमान! आपके गैती फावड़े भी पुरानी सड़कों को खोदने से मना कर देते हैं। नई सड़क देखते ही आपके मुंह में पानी का टैंकर आ जाता है। आपकी भुजाएं फड़कने लगती है।

आपके गैंती फावड़े सड़क को चीरने के लिए मचल उठते हैं। आप कई बार कागजों में बनी पेपरी सड़क को कागजों में ही खोल डालते हो। कागजों में ही सड़क बनाना व कागजों में ही इसे फाड़ देना आपकी कुशलता है। यह आपकी अतिरिक्त योग्यता है। परंतु करें भी क्या? इधर वास्तव में गलती से एक सड़क बन ही गई है। सड़क बनाने वाले दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही तो होगी ही। किंतु सड़क फाड़ना आपका कर्तव्य है। इसलिए भाइयों तुरंत आ जाओ! फिर मत कहना कि सूचना नहीं दी। टेलीफोन वाले भाइयों आप आ जाओ। कल को बिजली वाले पहले सड़क फाड़ गये तो आपकी जग हंसाई होगी। फिर मुझे मत कहना। पानी के पाइप डालने वाले बंधुओं आप भी आ जाओ। हालांकि आपके पाइप पूरे वर्ष सिर्फ हवा का ही आदान प्रदान करते हैं। परंतु इससे क्या! पाइपों में चाहे हवा आए या कीचड़ मुख्य बात तो सड़क फाड़ने की है। टेंट वाले सजनवा आप पधार जाइए! ठोक दीजिए सड़क के सीने में खूँटियां कसकर बांध दीजिए सड़क का गला। सड़कों के यही उपयोग हैं। सड़क वही जो फाड़ने के काम आए।

आप की बात

अमीरी-गरीबी की खाई

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है।

विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.

जनता को चाहिए राहत

चुनावी मौसम में सब कुछ फ्री लुटाने पर आमादा रहती हैं सरकारें। लेकिन चुनाव के बाद जनता की तरफ घूमकर देखना भी नहीं चाहती है। जबकि जनता हमेशा महंगाई में पिसती रहती है। सरकार मंहगायी कम करने के लिए सीधे बाजार में हस्तक्षेप करे। महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में कटौती की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। अगर देखा जाये तो नरसिम्हा राव ने बहुत अच्छा काम किया लेकिन हार गये। 2004 वह दौर था जब देश की आर्थिक स्थिति ऐतिहासिक तौर पर बेहतर थी लेकिन भरत उदय के इस दौर में भाजपा का कमल डूब गया। मोदी सरकार ने राजनीतिक विरोध के बीच सख्त आर्थिक फैसले किये हैं।

विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

यूरिया की समस्या को लेकर आज होगी किसान महापंचायत

अयोध्या। यूरिया खाद की कालाबाजारी, टैगिंग तथा कमी व थोक रेट को घोषित करने की मांग को लेकर 1 जून 2026 को जिला कृषि अधिकारी अयोध्या के कार्यालय पर किसान महापंचायत की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि यूरिया खाद में तरह-तरह की समस्याएं पैदा की जा रही हैं, यूरिया खाद किसानों को नहीं मिल रही है, यूरिया खाद की कालाबाजारी की जा रही है, यूरिया खाद के साथ जबरदस्ती टैगिग किया जा रहा है और यूरिया खाद का फुटकर दाम तो घोषित है परंतु थोक दाम घोषित न होने के कारण थोक विक्रेताओं द्वारा फुटकर विक्रेताओं का बड़े पैमाने पर शोषण किया जा रहा है जिसका परिणाम होता है की फुटकर विक्रेता भी किसान का शोषण करता है यदि थोक दर घोषित हो जाए तो बहुत समस्याओं का समाधान हो जाएगा। घनश्याम वर्मा ने कहा कि 249. 50 पैसे प्रति बोरी के दर से साधन सहकारी समितियां तक यूरिया खाद पहुंचाई जाती है ।

कड़ी निगरानी में यूपी संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न

अयोध्या। अवध विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को 39 केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई। दो पालियों की बीएड प्रवेश परीक्षा में कुल 17891 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1940 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसमें परीक्षार्थियों की 89.16 प्रतिशत उपस्थिति रही। यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने प्रथम पाली में परिसर के विभिन्न केन्द्रों को औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम आईईटी, नवीन परिसर के चार केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं मुख्य परिसर के रमन भवन और दीक्षा-प्रचेता भवन का भी निरीक्षण किया। दूसरी ओर कुलसचिव व अवध विवि के बीएड नोडल अधिकारी विनय कुमार सिंह ने नोडल समन्वयक प्रो. फर्रूख जमाल, जनपद समन्वयक प्रो. गंगा राम मिश्र, केन्द्र प्रतिनिधि डॉ. कमलेश ने जनपद के कॉलेजों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं जिला प्रशासन के आलाधिकारियों द्वारा भी कई केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

बीएड नोडल अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा को पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जनपद के 39 केन्द्रों पर दोनों पालियों में परीक्षार्थियों का प्रवेश बायोमेट्रिक आनलाइन डाटा बेस से वेरिफाई के उपरांत व तलाशी कर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया। इसके अतिरिक्त केन्द्रों की लाइव रिकार्डिंग भी कंट्रोल रूम से कराई गई। सभी केन्द्रों पर पर्यवेक्षकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। विवि बीएड नोडल समन्वयक प्रो. फर्रूख जमाल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराई गई। प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा 2 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न हुई। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अयोध्या जनपद 39 केन्द्र बनाये गए जिनमें विश्वविद्यालय परिसर में छह व अन्य कालेजों को केन्द्र बनाये गए। इन केन्द्रों की दो पालियों में 17891 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1940 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पारदशीर्पूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जनपद में 78 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई। इसके अतिरिक्त 39 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 20 सेक्टर मजिस्ट्रेट व केन्द्र प्रतिनिधि तैनात रहे। जनपद के दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं शुचिता के साथ सम्पन्न हुई।

- 39 केन्द्रों के दो पालियों की बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में 17891 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1940 अनुपस्थित

घर से नकदी और लाखों के जेवर लेकर बहू लापता

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के सिधौना गांव में एक महिला के घर से नकदी और लाखों रुपये के जेवर लेकर लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने महिला की तलाश के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद महिला के ससुर ने कुमारगंज थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। सिधौना गांव निवासी पवन कुमार मौर्य ने रविवार को कुमारगंज पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बहू चांदनी, पत्नी सूरज, बीते बुधवार की रात करीब 11रू30 बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई थी। रात में जब उनके बेटे सूरज की नींद खुली तो उसने देखा कि उसकी पत्नी घर पर नहीं है। परिवार के लोगों को लगा कि वह शौच के लिए बाहर गई होगी, इसलिए आसपास खोजबीन की गई। काफी देर तक तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला और सुबह होने पर वह वापस घर लौट आई। परिजनों के अनुसार जब चांदनी से रात में घर से बाहर जाने के बारे में पूछा गया तो उसने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। इसके बाद 30 मई को परिवार के सदस्य खेत में काम करने चले गए। दोपहर करीब 1रू30 बजे जब सभी लोग वापस घर पहुंचे तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला ।

एसीजेएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण, लगाया जागरूकता शिविर

बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व एसीजेएम उज्ज्वल उपाध्याय ने जिला कारगार का मासिक निरीक्षण व जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर मे सचिव श्री उपाध्याय निरूद्ध बंदियों की समस्याये सुनने के उपरांत विधिक सहायता उपलब्ध कराई। तथा जिन बन्दियों के पास अपने मुकदमें की पैरवी करने हेतु अधिवक्ता नही है या सक्षम नही है। वह जेल अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव को निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने पत्र प्रेषित किये जाने की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त जिला कारगार में निरूद्ध बन्दियों हेतु कौशल विभाग के माध्यम से चलाये जा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में कौशल विभाग कर्मचारियों से बातचीत कर जेल प्रशासन को बंदियो को प्रशिक्षण दिये जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर जेलर राजेन्द्र सिंह, अनिल कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कांग्रेसियों ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

बाराबंकी। अहिल्याबाई होल्कर की जयन्ती पर ओबरी स्थित सांसद आवास पर श्रद्धार्जलि सभा का आयोजन किया गया। सभा मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया व काग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुये नमन करते हुये कहा कि अहिल्याबाई होलकर राज घराने में नही जन्मी थी लेकिन नियत ने उन्हें इतिहास के पन्नों में अमर कर दिया। उन्होने आगे कहा कि धर्म कर्म भक्ति और नारी शक्ति कि प्रतीक राजमाता अहिल्याबाई होलकर इतिहास के पन्नों में हमेशा अमर रहेंगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, के0सी0 श्रीवास्तव, आर0डी0 राव0, अनूप सिंह, इन्द्रेश कुमार सुभाष चन्द्र रावत, उमेश यादव, कुलभूषण सिंह, सुरेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

शहीद हेमू कालाणी की नवनिर्मित सात फुट की प्रतिमा पहुंची अयोध्या

अयोध्या। सिंधी समाज की संस्था सिंधु सेवा समिति द्वारा सदर तहसील स्थित अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क में सात फुट की प्रतिमा रविवार को जयपुर से अयोध्या पहुंची। संस्था अध्यक्ष अमृत राजपाल ने बताया कि अमर शहीद हेमू कालाणी की नव निर्मित विशाल सात फुट प्रतिमा को पुनर्स्थापित करके शीघ्र होगा भव्य अनावरण राजपाल ने बताया अमर शहीद हेमू कालाणी की नवीन प्रतिमा हेतु अमृत बॉटलर्स के निदेशक राकेश लधानी परिवार द्वारा सहयोग दिया गया। राजपाल ने बताया कि संसद भवन में लगी अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा की तर्ज पर बनी नवीन अमर शहीद हेमू कालाणी प्रतिमा। संस्था उपाध्यक्ष जय प्रकाश क्षेत्रपाल ने बताया कि मूर्ति लेने हेतु जयपुर संस्था के पदाधिकारी तीन बार गए थे और भव्य प्रतिमा का वहां बनाने हेतु आर्डर दिया गया था जो कि अब अयोध्या में आ चुकी है जिसे क्रेन द्वारा सुरक्षित उतारा गया।

ओवरब्रिज के नीचे बनेगा खेल मैदान, 2.61 करोड़ रुपये से बनेगा मिनी क्रिकेट मैदान

अयोध्या। रामनगरी अब स्मार्ट सिटी योजना के तहत खेल सुविधाओं और शहरी विकास की नई मिसाल पेश करने जा रही है। जीआईसी से फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे एक नया मिनी क्रिकेट मैदान और बच्चों का खेल क्षेत्र विकसित किया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 2.61 करोड़ रुपये तय की गई है। यह विकास कार्य न केवल स्थानीय बच्चों और युवाओं के लिए खेल की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि क्षेत्र की तस्वीर को पूरी तरह बदल देगा। स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत प्रस्तावित इस कार्य में फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे की खाली पड़ी जगह का सदुपयोग किया जाएगा। वर्तमान में यह क्षेत्र अनुपयोगी पड़ा हुआ है, लेकिन अब यहां कंक्रीट पेवमेंट, बच्चों का पार्क, क्रिकेट नेट प्रैक्टिस एरिया, सतह पार्किंग, लैंडस्केपिंग और विद्युत सौंदर्यीकरण जैसे कार्य कराए जाएंगे।

मिनी क्रिकेट मैदान में प्रोफेशनल स्तर की नेट प्रैक्टिस सुविधा होगी, जिससे स्थानीय युवा और बच्चे बिना किसी बाधा के क्रिकेट का अभ्यास कर सकेंगे। बच्चों के पार्क में स्विंग, स्लाइड, सी-सॉ और अन्य आधुनिक खेल उपकरण लगाए जाएंगे। लैंडस्केपिंग के तहत सुंदर बगीचे, वॉकवे, बेंच और हरे-भरे पौधे लगाए जाएंगे, जो पूरे क्षेत्र को मनोरम बना देंगे। शाम के समय एलईडी लाइटिंग और आकर्षक विद्युत सज्जा से यह जगह पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। ओवरब्रिज के नीचे की जगह का उपयोग करके शहर में खेल-कूद और मनोरंजन की कमी को पूरा किया जा रहा है। यह परियोजना बहुउद्देशीय होगी, जहां बच्चे खेलेंगे, युवा प्रैक्टिस करेंगे, वहीं बुजुर्गों के लिए भी आरामदायक बैठने की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा पार्किंग व्यवस्था से आसपास के यातायात पर बोझ कम होगा और क्षेत्र में अनुशासन बनेगा। सौंदर्यीकरण के कार्य से फतेहगंज ओवरब्रिज के आसपास का पूरा इलाका आधुनिक और स्वच्छ दिखाई देगा। आज के समय में बच्चों का शारीरिक विकास और खेलकूद की आदत बहुत जरूरी है। स्कूलों के बाद या छुट्टियों में बच्चे अक्सर घरों में मोबाइल-टीवी तक सीमित रह जाते हैं। इस मिनी क्रिकेट मैदान और बच्चों के पार्क से उन्हें खुले में खेलने का माहौल मिलेगा। क्रिकेट नेट प्रैक्टिस एरिया से स्थानीय प्रतिभाएं उभर सकेंगी, जो भविष्य में जिला, राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या का नाम रोशन कर सकती हैं। समरसता को भी बढ़ावा देगी। अलग-अलग उम्र के लोग एक ही स्थान पर आकर खेल-कूद और मनोरंजन का आनंद ले सकेंगे। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित लाइटिंग और सीसीटीवी की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद बुनियादी ढांचे, पर्यटन और खेल सुविधाओं के विकास पर लगातार काम हो रहा है।

नहरों से पानी गायब, किसान चिंतित, धान की नर्सरी पर संकट

बाराबंकी। जनपद में नहरों से पानी गायब होने के कारण किसान गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। धान की नर्सरी तैयार करने के समय मे नहरें सूखी पड़ी हैं। जिससे किसानों में चिंता बढ़ गई है। इन दिनों नहरों में पानी न होने से धूल उड़ रही है। बताते चले कि धान की नर्सरी आमतौर पर मई के अंतिम सप्ताह से लेकर 15 जून तक डाली जाती है। इस अवधि में बुवाई करने से पौधे मजबूत होते हैं और लगभग 25 से 30 दिनों में रोपाई के लिए तैयार हो जाते हैं। लेकिन डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण किसान नलकूपों का उपयोग करने में भी असमर्थ हैं। पूरेडलई क्षेत्र के किसान रामतेज यादव, फूलचंद यादव, मुलायम यादव, राजू साहू, अनिल कुमार, सरोज रावत, कन्हैया लाल आदि किसानों ने बताया कि वे धान की नर्सरी के लिए मुख्य रूप से नहरों के पानी पर निर्भर रहते हैं। लेकिन इस बार नहरों में पानी ही नहीं है। किसानों ने सरकार से नहरों में तत्काल पानी छोड़ने की मांग की है।

सड़क हादसे में युवक की मौत, मां घायल

मिल्कीपुर-अयोध्या। रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में सरयू स्नान कर घर लौट रहे इनायतनगर थाना क्षेत्र के एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह हादसा पूराकलन्दर थाना क्षेत्र के अयोध्या रायबरेली हाइवे पर प्रभात नगर मोड़ के पास हुआ। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार, इनायतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम उरुवा वैश्य मजरे जमोलिया निवासी उमेश तिवारी (25) शनिवार देर रात अपनी मां मनभावती (65) के साथ सरयू स्नान के लिए अयोध्या गए थे। रविवार सुबह स्नान कर दोनों घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रभात नगर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रहे गांव के अन्य लोगों ने उन्हें घायल अवस्था में देखा और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उमेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनकी मां मनभावती का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार उमेश के पिता गोपीनाथ तिवारी का करीब सात वर्ष पहले निधन हो चुका था। दो वर्ष पूर्व ही उमेश की शादी हुई थी। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार में मां मनभावती, पत्नी कंचन, बड़े भाई मुकेश कुमार और रमेश कुमार समेत अन्य सदस्य हैं। युवक की असमय मौत से पूरे गांव में गम का माहौल है।

राजस्व विभाग द्वारा लगाई गई पैमाइश की निशानी उखाड़कर खेत पर कब्जे का आरोप

गोंडा। जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवापसिया के मजरा नये पुरवा में भूमि विवाद का मामला एक बार फिर तूल पकड़ता नजर आ रहा है। गांव की निवासिनी शांति सिंह पत्नी भुलावन ने जिलाधिकारी गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश कर लगाए गए पत्थर को विपक्षियों ने उखाड़कर फेंक दिया और उनके खेत पर जबरन कब्जा कर लिया। साथ ही विरोध करने पर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी भी दी गई।

पीड़िता शांति सिंह के अनुसार, बीते 9 मई 2026 को राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में ग्राम देवापसिया के मजरा नये पुरवा स्थित उनके खेत की पैमाइश कर सीमांकन किया था। सीमांकन के बाद राजस्व टीम द्वारा खेत की सीमा निर्धारित करने के लिए पत्थर भी लगवाया गया था, जिससे भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो। आरोप है कि 25 मई 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे गांव के ही कुछ लोगों ने उक्त सीमांकन पत्थर को उखाड़कर फेंक दिया और खेत को जोतकर उस पर कब्जा कर लिया। प्रार्थना पत्र में बच्चालाल, मन्नु, श्याम तथा बब्बू समेत कई लोगों के नाम आरोपित किए गए हैं। पीड़िता का कहना है कि जब वह और उसका पुत्र खेत पर पहुंची तथा इसका विरोध किया तो आरोपितों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, गांव से उजाड़ देने जैसी धमकियां भी दी गईं। पीड़िता ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है। शांति सिंह ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने तथा उनकी भूमि पर किए गए कथित कब्जे को हटवाने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा प्रदान किए जाने की भी गुहार लगाई है।

- पीड़िता ने डीएम से लगायी न्याय की गुहार

यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवादों के निस्तारण के लिए लगातार पैमाइश और सीमांकन की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में सीमांकन के बाद लगाए गए पत्थरों को उखाड़ने और भूमि पर कब्जा करने के आरोप प्रशासन के लिए भी गंभीर चुनौती माने जा रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जिलाधिकारी स्तर से इस प्रकरण में क्या कार्रवाई की जाती है और पीड़िता को न्याय मिल पाता है या नहीं। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना हुआ है तथा स्थानीय ग्रामीण प्रशासनिक हस्तक्षेप की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

रामनगर स्थित महादेवा शिव मंदिर मेला के दृष्टिगत प्रत्येक सोमवार को डायवर्जन व्यवस्था

बहराइच। स्थित महादेवा शिव मंदिर पर मलमास (पुरुषोत्तम माह) के दृष्टिगत प्रत्येक सोमवार को होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ तथा वर्तमान में संजय सेतु पर मरम्मत कार्य चलने के कारण घाघराघाट पर यातायात व्यवस्था सामान्य बनाये रखने हेतु प्रत्येक सोमवार को समस्त भारी वाहन/ चार पहिया वाहन / कामर्शियल मालवाहक वाहन (ट्रक,बस ,रोडवेज बस ,डम्फर,टैंकर.चार पहिया ,कामर्शियल मालवाहक इत्यादि) हेतु डायवर्जन व्यवस्था निम्नवत लागू की जाती है । पयागपुर, हुजूरपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को कैसरगंज तिराहा से डायवर्ट कर टिकोरा मोड़ चहलारी घाट होते हुए लखनऊ की तरफ भेजा जायेगा ।कर्नलगंज जनपद गोण्डा की तरफ से आने वाले समस्त भारी वाहनों को जरवल तिराहा से डायवर्ट कराकर टिकोरा मोड़ की तरफ भेजा जायेगा ।

परिवार परामर्श केंद्रो एक परिवार को टूटने बचाया

बहराइच। आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र के कुशल काउंसलर्स श्री डी.पी.सिंह, सरदार सरजीत सिंह, श्री फहीम किदवई, श्री रजनीश विश्वकर्मा, श्री धनन्जय सिंह, श्रीमती अनुराधा सिंह तथा पुलिस टीम उ0नि0 रमाशंकर मिश्र, म0मु0आ0 संगीता यादव, म0आ0 छाया द्विवेदी, म0आ0 निशी त्रिवेदी द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस लाइन बहराइच प्रेक्षागृह बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक-दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य स्थापित कर, परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

राष्ट्रहित के विषयों पर प्रधानमंत्री के विचारों का हुआ सामूहिक श्रवण

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न का लाइव प्रसारण रविवार को भाजपा महानगर के सभी 419 बूथों पर कार्यकताओं और पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता, नवाचार और जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर रखे गए विचारों को कार्यकताओं ने सुना। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने सहादतगंज क्षेत्र में कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ह्यमन की बातह्न देशवासियों को सकारात्मक सोच और जनसेवा के लिए प्रेरित करने वाला मंच बन चुका है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने करियप्पा मंडल के रिकाबगंज में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जागरूकता का संदेश पहुंचाते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कौशलपुरी में कहा कि ह्यमन की बातह्न जनसरोकारों को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने मणिराम दास जी की छावनी वार्ड में कहा कि कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करता है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पार्टी कार्यालय सहादतगंज में कार्यक्रम सुनने के बाद कहा कि ह्यमन की बातह्न केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों से प्रधानमंत्री का सीधा संवाद है। इसके माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जनभागीदारी, स्वदेशी, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के विषयों को निरंतर प्रोत्साहन मिलता है। वहीं पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने विद्याकुंड वार्ड में कहा कि प्रधानमंत्री के विचार आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, अरविंद सिंह, रवि शर्मा, शिवम् शुक्ला, प्रवीण दूबे, बाल कृष्ण वैश्य, मुकेश तिवारी, रवि सोनकर, कपिल देव वर्मा, हेमंत तिवारी, शशि प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र, जेपी श्रीवास्तव, पार्षद ज्ञान केसरवानी, सुशील मिश्र, सर्वज्ञ सिंह, रीना द्विवेदी, गरिमा मौर्या, वरूण चैधरीआदि उपस्थित रहे।

सर्व समाज के लिए आदर्श थीं लोकमाता अहिल्याबाई: राधेश्याम त्यागी

मिल्कीपुर-अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर के खिहारन पूरे गैनो गांव में रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सामाजिक संस्था उम्मीद किरण सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने अहिल्याबाई होल्कर को सर्व समाज के लिए आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि वे नारी सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति थीं, जिनके शासनकाल में राज्य में शांति और समृद्धि रही। उन्होंने विधवाओं, अनाथों और दिव्यांगजनों के लिए आश्रम बनवाए और काशी सहित प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों पर मंदिरों का निर्माण करवाया। विशिष्ट अतिथि रामकेवल पाल ने बिरहा लोकगीत के माध्यम से लोकमाता अहिल्याबाई की जीवनी का बखान किया, कहा कि हम वंशज मातृ अहिल्या के स्वर्णिम इतिहास हमारा है। कार्यक्रम संयोजक लाल चन्द्र चैरसिया ने कहा कि भारत सरकार ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के अमिट योगदान को देखते हुए 25 अगस्त 1996 को उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता देवी प्रसाद पाल ने की, जबकि संचालन संतोष गुप्ता ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुशील मिश्रा, सुनील कुमार पाल, प्रधान स्वामीनाथ पाल, रामलौट पाल, विशाल मौर्य, राम सजीवन पाल और विक्रम पाल सहित कई अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर रामअंजोर पाल, महेश पाल, राम धीरज पाल, सुनील पाल, जगदीश पाल, शुभम पाल, छोटेलाल पाल, रामचन्दर पाल, मनीराम पाल, सौरभ पाल, रंजीत पाल, सुरेंद्र पाल, प्रहलाद पाल, अनिल पाल, अशोक पाल, दुर्गा पाल, दीपक पाल, अमरपाल, विशाल पाल, अमरजीत प्रजापति, अजय गुप्ता, सुखदेव चैरसिया, रामसूरत चैरसिया समेत सैकड़ों लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी गण को उपहार भेंट कर दी गई विदाई

बहराइच। बहराइच पुलिसकर्मी पुलिस विभाग में अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में ₹पुलिस लाइन सभागार₹ में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी द्वारा पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल उढ़ाकर एवं उपहार स्वरूप उ0नि0 विजय कुमार तथा मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र पाल सिंह को श्रीरामचरितमानस, ट्रॉली बैग भेंट कर विदा किया गया तथा उनके द्वारा किये गये योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

संक्षेप

एशियन पेंट्स ने पेश की ऐस और ट्रैक्टर इमल्शन में एंटी-डैम्प टेक्नोलॉजी

नई दिल्ली। आज के मकान मालिक ऐसे घर चाहते हैं जो न केवल देखने में सुंदर हों बल्कि आरामदायक भी हों और वर्षों तक टिकाऊ बने रहें। एशियन पेंट्स ने अपने लोकप्रिय ऐस और ट्रैक्टर इमल्शन में एंटी-डैम्प टेक्नोलॉजी पेश की है। इसके अलावा, ये प्रोडक्ट्स प्रफॉर्मेंस पर 4 साल की वारंटी प्रदान करते हैं, जिससे एक ही प्रोडक्ट में टिकाऊ प्रदर्शन और बेहतर मूल्य मिलता है। एशियन पेंट्स के दो सबसे भरोसेमंद और व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले ब्रांड, ऐस और ट्रैक्टर इमल्शन, इकोनॉमी सेगमेंट में भरोसेमंद गुणवत्ता और मूल्य प्रदान करके घर के मालिकों, डीलरों और ठेकेदारों का विश्वास अर्जित कर चुके हैं। कंपनी ने उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार नए-नए उत्पाद पेश किए हैं। इनमें ट्रैक्टर और ऐस स्पार्क रेंज शामिल हैं, जो बेहतर मूल्य प्रदान करती हैं और ट्रैक्टर और ऐस शाइन रेंज, जो घरों को किफायती कीमत पर चमकदार फिनिश प्रदान करती हैं।

करिश्मा कपूर जी5 के नॉयर थ्रिलर 'ब्राउन' में मुख्य भूमिका में

नई दिल्ली। जी5 ने आज अपनी नई वेब सीरीज ब्राउन का ऐलान किया, जो कोलकाता की रहस्यमयी और अंधेरी गलियों में आधारित एक सस्पेंस से भरपूर नियो-नोयर क्राइम थ्रिलर है। इस सीरीज में करिश्मा कपूर अब तक के अपने सबसे दमदार और अलग अंदाज में नजर आएंगी। उनके साथ अहम किरदारों में सूर्या शर्मा, जिशु सेनगुप्ता और सोनी राजदान भी दिखाई देंगे। सीरीज का निर्देशन अभिनय देव ने किया है और इसका निर्माण जी स्टूडियोज द्वारा किया गया है, ब्राउन का प्रीमियर 5 जून को विशेष रूप से हिंदी में जी5 पर होगा। इस सीरीज में करिश्मा कपूर, जिशु सेनगुप्ता, सूर्य शर्मा, सोनी राजदान, अजिंक्य देवो और अन्य प्रतिभाशाली कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

माँ है ना का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। माँ है ना का ट्रेलर रिलीज हो चुका है – और यह ड्रामा, हँसी और दिल को छू लेने वाले भावनात्मक पलों से भरपूर है! जी5 का यह नया नॉन-फिक्शन ओरिजिनल कॉमेडी कुकिंग शो छह जेन जी प्रतिभागियों को उनकी माताओं के साथ जोड़ता है, जहाँ वे एक अनिश्चित और ऊजार्वान किचन मुकाबले में हिस्सा लेते हैं। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा की मेजबानी में, दर्शकों को कॉमेडी, अफरा-तफरी, भावनात्मक यादों और भरपूर दबाव का मिश्रण देखने को मिलेगा, क्योंकि प्रतिभागी अपने आरामदायक दायरे से बाहर निकलते हैं। यह लिल फ्रोडो प्रोडक्शन का शो 12 जून 2026 और 19 जून 2026 को रिलीज होने के लिए तैयार है, जिसमें हर हफ्ते 5 एपिसोड प्रसारित किए जाएंगे।

सनश्योर एनर्जी ने किया 105 मेगावाट पीक सोलर संयंत्र का किया कमीशन

नई दिल्ली। सनश्योर एनर्जी ने आज घोषणा की कि उसने महोबा जिले में 105 मेगावाट पीक क्षमता वाले सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट को पीपीए साइन होने के रिकॉर्ड 4 महीनों के भीतर चालू कर दिया है। यह प्रोजेक्ट राज्य सरकार की ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-परियोजना के तहत हरित ऊर्जा की निकासी करने वाला पहला सौर प्रोजेक्ट है – जो प्रदेश के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। कबरई गांव में स्थित यह प्रोजेक्ट राज्य में कंपनी का 11वां संयंत्र है। यह परियोजना हर वर्ष लगभग 1.2 लाख टन सीओ2 उत्सर्जन को कम करेगी।

रोहित चंदेल और मदिराक्षी मुंडले की केमिस्ट्री ने बढ़ाया सैराब का एक्साइटमेंट

नई दिल्ली। टेलीविजन की प्रेम कहानियां तभी खास बनती हैं जब दर्शक किरदारों और उनकी केमिस्ट्री से भावनात्मक रूप से जुड़ जाएं, और स्टार प्लस का नया शो सैराब अपने प्रीमियर से पहले ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। शो के प्रोमो सामने आने के बाद से ही फैंस रोहित चंदेल और मदिराक्षी मुंडले की शानदार केमिस्ट्री, इमोशनल कनेक्शन और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ कर रहे हैं। दर्शक इस नई जोड़ी को काफी पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर भी इनके बारे में लगातार बातें हो रही हैं। दर्शकों को सबसे ज्यादा जो बात पसंद आ रही है, वह यह है कि सैराब सिर्फ एक आम लव स्टोरी नहीं, बल्कि भावनाओं से भरी एक गहरी कहानी लेकर आ रहा है। लाल रंग की थीम पर बनी इसकी दुनिया प्यार, तड़प, दर्द और जुनून को दर्शाती है।

शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.54 लाख करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में आई गिरावट का असर देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों पर भी देखने को मिला। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से कुल 1.54 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ।

सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स कुल 639.61 अंक यानी 0.84 प्रतिशत और एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत नीचे आ गया। बाजार में कमजोरी के इस रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया। पिछले सप्ताह प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 46,078.30 करोड़ रुपये घटकर 17,87,039.40 करोड़ रुपये रह गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 33,333.06 करोड़ रुपये घटकर 11,46,641.84 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत भी 25,408.96 करोड़ रुपये कम होकर 11,14,886.53 करोड़ रुपये पर आ गई। टीसीएस का मूल्यांकन 22,920.58 करोड़ रुपये घटकर 8,15,480.75 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 13,169.46 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,04,210.54 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन भी 7,253.24 करोड़ रुपये घटकर 5,63,262.33 करोड़ रुपये रह गया। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन भी 6,311.41 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 9,00,589.91 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के उलट लार्सन एंड टुब्रो की बाजार हैसियत पिछले सप्ताह 20,608.43 करोड़ रुपये बढ़कर 5,60,836.64 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस दौरान एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 13,753.62 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 8,89,831.54 रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत भी 6,040.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,20,484.06 करोड़ रुपये हो गई।

रुपये में कमजोरी के बीच एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 33 हजार करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से दूरी बनाए रखते हुए मई महीने में 32,963 करोड़ रुपये की निकासी की है। कंपनियों के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजों, रुपये में लगातार गिरावट और अन्य वैश्विक बाजारों में बेहतर अवसरों के कारण विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में निवेश घटाया है।

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 2.25 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह राशि पूरे 2025 में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। इस साल फरवरी को छोड़कर सभी महीनों में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे हैं। जनवरी में उन्होंने 35,962 करोड़ रुपये निकाले थे, जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो पिछले 17 महीनों का सबसे बड़ा मासिक निवेश था। इसके बाद मार्च में रुख फिर बदल गया और विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी की। अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मई में करीब 33,000 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय कंपनियों की तिमाही नतीजे अपेक्षा से कमजोर रहने, रुपये के लगातार कमजोर होने और अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया तथा ताइवान जैसे बाजारों में बेहतर प्रतिफल मिलने से विदेशी निवेशकों ने अपना धन वहां स्थानांतरित किया है। रुपये की लगातार कमजोरी भी एफपीआई निकासी का बड़ा कारण है। उनके अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक रुपया लगभग छह प्रतिशत और पिछले एक वर्ष में करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुआ है। भारत की कच्चे तेल के आयात पर अत्यधिक निर्भरता भी चिंता का विषय बनी हुई है। देश अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास उत्पन्न व्यवधानों के कारण ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 95-105 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है।

बीते सप्ताह सरसों में सुधार

नयी दिल्ली। कम आवक के बीच अचार के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल के दाम में मामूली सुधार देखा गया। कम उपलब्धता के बीच मांग बढ़ने से बिनौलातेल के दाम में भी सुधार आया। दूसरी ओर, डॉलर के मुकाबले रुपये के मजबूत होने से सोयाबीन तेल-तिलहन तथा पाम-पामोलीन तेल के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए।

गर्मी की फसल की आवक शुरू होने की चर्चा के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि मंडियों में सरसों की आवक कमजोर बनी हुई है। हाल के दिनों में दाम काफी नीचा रहने के बाद अब आयातित तेलों के मुकाबले सरसों का दाम मामूली अधिक हो चला है। आगे बरसात में अचार बनाने वाली कंपनियों की ओर से भी मांग अभी से बढ़ने लगी है। इन परिस्थितियों के बीच बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में मामूली सुधार देखा गया। इस बीच, सरकार ने बीते सप्ताह सीपीओ का आयात शुल्क मूल्य में 21 रुपये प्रति क्विंटल और पामोलीन के आयात शुल्क मूल्य में 48 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। जबकि सोयाबीन डीगम तेल का आयात शुल्क मूल्य 19 रुपये प्रति क्विंटल घटाया है। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपये के मजबूत होने से सोयाबीन तेल-तिलहन तथा पाम एवं पामोलीन तेल में गिरावट दर्ज हुई। मध्य प्रदेश में सोयाबीन प्लांट वालों ने सोयाबीन की खरीद के दाम को घटाया पर महाराष्ट्र के प्लांट वालों ने दाम नहीं घटाये।

भारत-ओमान एफटीए आज से लागू होगा

नयी दिल्ली। भारत और ओमान के बीच वृहद आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) एक जून से लागू होने जा रहा है। दोनों देश सोमवार को इसकी औपचारिक घोषणा करेंगे। इस समझौते के लागू होने से भारतीय वस्तुओं और सेवाओं को ओमान के बाजार में अधिक अवसर मिलेंगे तथा दोनों देशों के व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे।

यह नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लागू होने वाला पांचवां मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है। इससे पहले भारत मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ ऐसे समझौते लागू कर चुका है। इसके अलावा भारत ने ब्रिटेन और न्यूजीलैंड के साथ भी व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 11.18 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के 10.61 अरब डॉलर से अधिक है। इस दौरान भारत का निर्यात 4.02 अरब डॉलर और आयात 7.16 अरब डॉलर रहा। समझौते के तहत भारत को ओमान के बाजार में 98.08 प्रतिशत शुल्क लाइनों पर 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जो कुल व्यापार मूल्य के 99.38 प्रतिशत हिस्से को कवर करती है। इससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और निर्यात को नई गति मिलेगी। विशेष रूप से वस्त्र, कृषि उत्पाद, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, रत्न एवं आभूषण, परिवहन उपकरण तथा प्रीसिजन यंत्रों के निर्यात में वृद्धि की संभावना है। इसके अलावा लौह एवं इस्पात, विद्युत मशीनरी, समुद्री उत्पाद, औद्योगिक मशीनरी और तांबा उत्पादों को भी शून्य शुल्क का लाभ मिलेगा। समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारतीय दवाओं और टीकों को ओमान में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा, जिससे भारतीय फार्मा उद्योग को बड़ा लाभ होने की उम्मीद है। वहीं भारतीय वाहन क्षेत्र के लिए भी यह समझौता फायदेमंद साबित हो सकता है, क्योंकि वाहनों पर लगने वाला पांच प्रतिशत आयात शुल्क समाप्त हो जाएगा। सेवा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ने की संभावना है। भारत का ओमान को सेवाओं का निर्यात 2020 के 39.7 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2024 में 66.5 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है।

भारत-अमेरिका के मुख्य वार्ताकार आज से अंतरिम व्यापार समझौते पर करेंगे वार्ता

नयी दिल्ली। अमेरिका और भारत के मुख्य व्यापार वार्ताकार अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने के मकसद से सोमवार से यहां चार दिवसीय बैठक करेंगे।

अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा फरवरी में तय की गई थी।

अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करेंगे और भारत के मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन होंगे। जैन वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्षों ने अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन और आर्थिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। भारत और अमेरिका ने सात फरवरी को एक संयुक्त बयान जारी कर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की थी। अब दोनों पक्षों को इस समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देना होगा। इस रूपरेखा ने व्यापक भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अमेरिका ने भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी।

अमेरिका-ईरान वार्ता से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह अमेरिका-ईरान संबंधों से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा से तय होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।



इसके अलावा प्रमुख आर्थिक आंकड़ों की घोषणा, विदेशी निवेशकों की गतिविधियां तथा रुपये-डॉलर की विनिमय दर पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। बाजार भागीदारों की नजर अमेरिका-ईरान की स्थिति और कच्चे तेल की कीमतों पर बनी रहेगी। ये दोनों कारक मुद्रास्फीति की अपेक्षाओं, रुपये की स्थिरता और विदेशी निवेश प्रवाह को सीधे प्रभावित करते हैं। सोमवार को मई माह का अंतिम एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई (पीएमआई) आंकड़ा जारी होगा, जबकि बुधवार को सेवा क्षेत्र और समग्र पीएमआई के आंकड़े आएंगे। इनसे मांग, कारोबारी गतिविधियों और विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक मजबूती का संकेत मिलेगा। सप्ताह की सबसे महत्वपूर्ण घटना शुक्रवार को होने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का निर्णय होगा। निवेशक ब्याज दरों, मुद्रास्फीति और नकदी प्रबंधन को लेकर केंद्रीय बैंक के रुख पर विशेष ध्यान देंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर तथा विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े भी अर्थव्यवस्था की गति और बाहरी क्षेत्र की स्थिति का आकलन करने में मदद करेंगे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 639.61 अंक यानी 0.84 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत टूटा था। पश्चिम एशिया में कूटनीतिक घटनाक्रम, अमेरिका-ईरान वार्ता और कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव के कारण बाजार में संवेदनशीलता बनी रह सकती है। इनके अलावा वैश्विक बाजारों का प्रदर्शन, संस्थागत निवेशकों का निवेश प्रवाह और रुपये की चाल भी बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। घरेलू स्तर पर आरबीआई की नीतिगत बैठक सबसे महत्वपूर्ण रहेगी। बढ़ती महंगाई और मुद्रा बाजार की परिस्थितियों के बीच निवेशक केंद्रीय बैंक के संकेतों का बारीकी से विश्लेषण करेंगे। एक जून को मई माह के वाहन क्षेत्र के बिक्री आंकड़े भी आएंगे। इससे इस क्षेत्र की उपभोक्ता मांग की स्थिति का अंदाजा लगेगा। निकट अवधि में भारतीय शेयर बाजार की दिशा मुख्य रूप से आरबीआई के नीतिगत निर्णय और जीडीपी आंकड़ों पर निर्भर करेगी।

प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में ग्राहक-केंद्रित व्यवसाय निभायेंगे अहम भूमिका

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के साथ, ग्राहक-केंद्रित व्यवसायों का निर्माण और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क विकसित करना सतत विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

यह बात प्रसिद्ध प्रबंधन विशेषज्ञ एवं अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता डॉ. पवन अग्रवाल ने लखनऊ में आयोजित बीएनआई नेटकान 2026 के दौरान कही। 900 से अधिक उद्यमियों, पेशेवरों, निमार्ताओं और उद्योग जगत के नेताओं को संबोधित करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक संतुष्टि प्रत्येक व्यावसायिक रणनीति का केंद्र बिंदु होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश भारत की सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और मुख्यमंत्री द्वारा परिकल्पित 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ग्राहक संतुष्टि प्रत्येक व्यवसाय का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर व्यावसायिक गतिविधि ग्राहक-केंद्रित होनी चाहिए और पूर्ण ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करना किसी भी संगठन के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। संरचित नेटवर्किंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बीएनआई नॉर्थ लखनऊ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय तिवारी ने कहा कि आर्थिक विकास का आधार विश्वास पर आधारित संबंध होते हैं। नेटकान के माध्यम से हम ऐसा इकोसिस्टम तैयार कररहे हैं, जहाँ उद्यमी एक-दूसरे से जुड़ सकें, सहयोग कर सकें और साथ मिलकर आगे बढ़ सकें। मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क अवसरों तक पहुंच में आने वाली बाधाओं को कम करते हैं और उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में सार्थक योगदान देते हैं। नेटकान के पिछले संस्करण में 725 से अधिक व्यवसाय मालिकों और पेशेवरों ने भाग लिया था, जिसके परिणामस्वरूप 5,600 से अधिक रेफरल उत्पन्न हुए और रुपये 14 करोड़ से अधिक के व्यावसायिक अवसर सृजित हुए। उत्तर प्रदेश के आर्थिक विस्तार के अगले चरण की ओर अग्रसर होने के साथ, नेटकान जैसी पहलें परस्पर जुड़ी हुई व्यावसायिक समुदायों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

पेज एक का शेष

राजीव कृष्णा

राजीव कृष्णा के पास निदेशक सतर्कता अधिष्ठान का भी चार्ज रहेगा। चार वर्ष बाद उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक नियुक्त राजीव कृष्णा ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राजीव कृष्णा ने उनके सरकारी आवास कालीदास मार्ग पर भेंट की। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा की इस शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनको बधाई देने के साथ शुभकामना भी दी। 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा के पास मई 2025 से कार्यवाहक डीजीपी का चार्ज था। राजीव कृष्णा निदेशक सतर्कता अधिष्ठान भी हैं। मुकुल गोयल के मई 2022 से पद से हटने के बाद अब राजीव कृष्णा यूपी पुलिस के पूर्णकालिक डीजीपी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थायी पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग के नियमों के तहत प्रक्रिया पूरी की थी। इस पद के लिए शासन स्तर पर तीन सीनियर आईपीएस अधिकारियों रेणुका मिश्रा (1990 बैच), पियूष आनंद (1990 बैच) और राजीव कृष्णा (1991 बैच) के नामों का एक पैनल तैयार कर भेजा गया था। इन तीनों योग्य और वरिष्ठ दावेदारों के पैनल में से अंततः वर्तमान में कार्यवाहक डीजीपी की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्णा के नाम पर अंतिम मुहर लगाई गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वसनीय अफसर के नाम पर मुहर लगा दी है। संघ लोक सेवा आयोग से भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर गहन मंथन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजीव कृष्णा के नाम के प्रस्ताव को अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है। मुकुल गोयल के मई 2022 से पद से हटने के बाद अब यूपी पुलिस को पूर्णकालिक डीजीपी मिला है। मुकुल गोयल के हटने के बाद से अब तक डीएस चौहान, आरके विश्वकर्मा, विजय कुमार, प्रशांत कुमार कार्यवाहक डीजीपी रहे। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग करने वाले राजीव कृष्णा वर्ष 2024 में महानिदेशक पद पर प्रोन्नत हुए थे।

समाज का

थे, वहीं आज 67,971 होमगार्ड उपलब्ध हैं। विभाग पुलिस बल के सहयोग, सार्वजनिक व्यवस्था एवं आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने, आपातकालीन सेवाओं तथा लोककल्याण से जुड़े विविध दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। बताया गया कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में 3,812 होमगार्डों को ह्यआपदा मित्रह्ल के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त 1,091 स्वयंसेवकों को अग्नि बचाव तथा 425 को बाढ़ बचाव कार्यों के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने एनरोलमेंट प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता के साथ संपन्न की जाए। बैठक में बताया गया कि 3 नवंबर 2025 को जारी उत्तर प्रदेश राज्य होमगार्ड्स एनरोलमेंट मार्गदर्शिका के अंतर्गत 41,424 रिक्त पदों पर एनरोलमेंट प्रक्रिया के तहत अप्रैल 2026 में लिखित परीक्षा पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई।

जन सुरक्षा

प्रशिक्षण गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के समय प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए समाज का प्रशिक्षित और जागरूक होना आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा स्वयंसेवकों को अग्निशमन, खोज एवं बचाव तथा प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों, एनसीसी, एनएसएस, रेलवे, महत्वपूर्ण संस्थानों तथा सुरक्षा बलों को ह्यफर्स्ट रिस्पॉन्डरह्ल के रूप में तैयार करने के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार की ह्यस्कीम फॉर ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफ सिविल डिफेंस इन स्टेट्सह्ल के अंतर्गत प्रदेश के पूर्व से संचालित 17 जनपदों में लगभग 5,000 वार्डनों एवं स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। 72,438 छात्र-छात्राओं को नागरिक सुरक्षा का सामान्य प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अतिरिक्त होमगार्ड के 7,502 स्वयंसेवकों तथा 4,633 नागरिकों को आपदा प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया है। नागरिक सुरक्षा की विभिन्न सेवाओं, जिनमें वार्डन सेवा, अग्निशमन सेवा एवं प्राथमिक चिकित्सा सेवा शामिल हैं, में कुल 6,695 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि पूर्व में संस्थान में नागरिक सुरक्षा के 15 जनपदों के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाता था, जबकि मई 2025 से नागरिक सुरक्षा इकाइयों एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का विस्तार प्रदेश के सभी 75 जनपदों तक कर दिया गया है।

लोगों की

हो सके तो खुद भी किसी अच्छे काम से जुड़िए। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में गंगा डोल्फिन को बचाने की कोशिश से जुड़े एक चर्चित वीडियो का भी अपने कार्यक्रम में जिक्र किया और कहा कि करीब 13 घंटे चले अभियान के बाद आखिरकार वह डॉल्फिन बच गई। उन्होंने कहा कि इस अभियान में भारत की पहली गंगा डोल्फिन बचाव एम्बुलेंस की भूमिका का उल्लेख किया। इस डॉल्फिन को ठीक होने के बाद एक बार फिर राप्ती नदी में छोड़ा गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले की भी इसी तरह की प्रेरक गाथा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बस्ती के आकाश गुप्ता अपने गाँव की मनोरमा नदी को देखकर बहुत दुखी होते थे। क्योंकि जिस नदी को उन्होंने बचपन में साफ और जीवंत देखा था। समय के साथ उस नदी में प्लास्टिक जमा होने लगा था। गंदगी बढ़ती चली जा रही थी। श्रीमान आकाश ने तय किया कि शिकायत नहीं करेंगे, एक नई शुरुआत करेंगे। शिकायत नहीं, शुरूआत मंत्र बन गया। उन्होंने अपने दोस्तों को साथ लिया। सिर्फ जाल था, फावड़ा था, टोकरी थी और सबसे बड़ी ताकत थी, कुछ बदलने का संकल्प। ये युवा नदी में उतरते थे, जलकुंभी निकालते थे। प्लास्टिक और कचरा बाहर लाते थे। कई बार एक दिन में 50-60 किलो तक कचरा नदी से निकाला गया। धीरे-धीरे मनोरमा नदी का वह हिस्सा फिर से साफ दिखने लगा। आसपास के लोगों का ध्यान भी इस काम की तरफ गया। लोगों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी।

सात्विक-चिराग

सिंगापुर ओपन में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। सात्विक और चिराग ने पिछली बार 2024 में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था। तब से वे चार फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन हर बार उपविजेता रहे। सिंगापुर में जीत के साथ उन्होंने अपने खिताबी सूखे को भी समाप्त कर दिया। फाइनल से पहले भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ खेले गए तीन मुकाबलों में से दो में हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ उनकी पिछली हार जनवरी में मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हुई थी। पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद भारतीय जोड़ी ने अपने खेल की गति बढ़ाई और लंबी रैलियों में दबदबा बनाते हुए विश्व नंबर तीन इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ मुकाबले का रुख पलट दिया। यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए एक शानदार सप्ताह का समापन भी रही।

राजस्व प्रशासन

से एक राजस्व परिषद की कमान दी गई है। राजस्व विभाग की प्रशासनिक और नीतिगत जिम्मेदारी पहले से 2001 बैच की आईएएस अधिकारी अपर्णा यू के पास है। उन्हें इसी वर्ष प्रमुख सचिव राजस्व बनाया गया था। राजस्व विभाग प्रदेश में भूमि, राजस्व प्रशासन, भू-अभिलेख, अधिग्रहण और संबंधित नीतिगत मामलों का प्रमुख विभाग है। इसके अलावा 2005 बैच की आईएएस अधिकारी कंचन वर्मा राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश में आयुक्त एवं सचिव के पद पर कार्यरत हैं। राजस्व परिषद के प्रशासनिक संचालन और विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों के निस्तारण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। यह महत्वपूर्ण निर्णय योगी सरकार की ओर से महिलाओं को महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपने की नीति का प्रमाण है। प्रदेश सरकार पहले भी विभिन्न विभागों, आयोगों, निगमों और विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों में महिला अधिकारियों को अहम जिम्मेदारियां देती रही है। अब राजस्व प्रशासन की शीर्ष संरचना में महिला अधिकारियों की मजबूत उपस्थिति से सुशासन, प्रशासनिक दक्षता और महिला सशक्तीकरण को नई ताकत मिलेगी। राजस्व परिषद उ

बेंगलुरु लगातार दूसरी बार बना आईपीएल चैंपियन

आरसीबी ने 18 ओवर में 161 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया, कोहली 42 गेंदों में 75 रन बनाकर बने मैनऑफ द मैच

एजेंसी

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार आईपीएल जीत लिया है। टीम ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। जवाब में विराट कोहली के नाबाद 75 रन की बदौलत बेंगलुरु ने 18 ओवर में 161 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने फाइनल में विजयी छक्का लगाकर आरसीबी को लगातार दूसरे आईपीएल खिताब जिताया। 156 रन के टारगेट का पीछा करते हुए आरसीबी ने 18 ओवर में 5 विकेट पर 161 रन बनाए। कोहली 42 गेंदों में 75 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 18वें ओवर में पहले चौका लगाकर स्कोर बराबर किया और फिर अगली ही गेंद पर छक्का जड़कर मैच खत्म कर दिया।

विराट कोहली को 16वें ओवर में जीवनदान मिला। अरशद खान की गेंद पर कोहली का शॉट हवा में गया और शुभमन गिल ने आगे की ओर डाइव लगाकर कैच लेने का दावा किया। मामला थर्ड अंपायर के पास गया, जहां रिप्ले में गेंद का कुछ हिस्सा जमीन को छूता हुआ दिखा। इसके बाद कोहली को नॉट आउट करार दिया गया। गुजरात टाइटंस को 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर सफलता मिली। अरशद खान ने टिम डेविड को 24 रन पर आउट कर आरसीबी को एक और झटका दिया। शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर डेविड ने ऑफ साइड में शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर जोस बटलर के दस्तानों में समा गई। मैदान पर अंपायर ने शुरूआत में आउट नहीं दिया, लेकिन गुजरात ने तुरंत रिव्यू लिया। अल्ट्राएज में साफ स्पाइक दिखने के बाद फैसला पलट गया और डेविड को पवेलियन लौटना पड़ा। 17 गेंदों में 24 रन बनाए। विराट कोहली ने फाइनल में सिर्फ 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा

किया। यह आईपीएल फाइनल में कोहली का सबसे तेज अर्धशतक है। कोहली ने अरशद की शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेला, जो शॉर्ट मिडविकेट के फील्डर के बाईं ओर से बाउंड्री के पार चला गया। पचासा पूरा करने के बाद कोहली ने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 156 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरूआत अच्छी नहीं रही, लेकिन वॉशिंगटन सुंदर की पारी ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु ने 6 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 70 रन बना लिए हैं। विराट कोहली और रजत पाटीदार क्रीज पर हैं। वेंकटेश अय्यर 32 और देवदत्त पडिक्कल 1 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात के लिए सुंदर ने नाबाद 50 रन की पारी खेली। कप्तान शुभमन गिल (12) और साई सुदर्शन (10) जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद निशांत सिंधु (20), जोस बटलर (19), अरशद खान (15) और राहुल तेवतिया (7) भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। बेंगलुरु के लिए रसिख सलाम ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने 2-2 विकेट चटकाए। सूर्यवंशी ने 16 मैचों में 776 रन बनाए हैं, जो इस सीजन किसी भी बल्लेबाज के सबसे ज्यादा रन हैं। सूर्यवंशी के बाद गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल (732 रन) और साई सुदर्शन (722 रन) हैं। दोनों बैटर आउट हो चुके हैं। इनिंग ब्रेक के दौरान म्यूजिकल शो हुआ। इसमें कैलाश खेर ने परफॉर्म किया। गुजरात को दूसरी सफलता कगिसो रबाडा ने दिलाई। छठे ओवर की पहली गेंद पर देवदत्त पडिक्कल 4 गेंदों में सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए। ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद पर पडिक्कल ने इनसाइड-आउट शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर थर्ड मैन की दिशा में हवा में चली गई। वहां अरशद खान ने बाईं ओर दौड़ते हुए कैच लपका। इस विकेट के साथ रबाडा सीजन में 29 विकेट के साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। 5वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने गुजरात को पहली सफलता दिलाई। तेज शुरूआत देने वाले वेंकटेश अय्यर 16 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। सिराज की शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलने की कोशिश में अय्यर गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके और मिड-ऑन पर खड़े कगिसो रबाडा ने आसान कैच लपक लिया। हालांकि आउट होने से पहले अय्यर ने 4 चौकों और 2 छक्के लगाए। विराट कोहली ने फाइनल में शुरूआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए और कगिसो रबाडा के एक ओवर में मैच का रुख लगभग फउइ की ओर मोड़ दिया। चौथे ओवर में कोहली ने रबाडा की गेंदों पर तीन चौके और एक शानदार छक्का जड़ते हुए 19 रन बटोरे। इस ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन पहुंच गया, जबकि कोहली सिर्फ 10 गेंदों में 28 रन बना लिए हैं। आरसीबी ने टारगेट का पीछा करते हुए 3 ओवर में बिना विकेट खोए 36 रन बना लिए। तीसरे ओवर में मोहम्मद सिराज के खिलाफ बल्लेबाजों ने 13 रन बटोरे। विराट कोहली ने ओवर की पहली और तीसरी गेंद पर शानदार चौके लगाए, जबकि वेंकटेश अय्यर ने भी एक दमदार बाउंड्री जड़ी। अय्यर 13 गेंदों में 26 रन और कोहली 5 गेंदों में 9 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद रहे। वॉशिंगटन सुंदर ने दबाव भरे मुकाबले में शानदार अर्धशतक पूरा किया। पारी के आखिरी ओवर में रसिख सलाम की फुल लेंथ गेंद पर सुंदर ने जोरदार ड्राइव लगाने की कोशिश की।

गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पॉइंट के पास से निकल गई और एक रन मिल गया। इसी के साथ सुंदर ने 37 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। गुजरात टाइटंस को 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर राशिद खान के रूप में एक और झटका लगा। रसिख सलाम की शॉर्ट गेंद पर राशिद ने बड़ा शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं बैठी। गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग की दिशा में हवा में चली गई, जहां रोमारियो शेफर्ड ने शानदार कैच लपक लिया। राशिद 3 गेंदों में 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 19वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने जेसन होल्डर को 7 रन पर आउट कर दिया। शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलने की कोशिश में होल्डर पूरी तरह नियंत्रण में नहीं दिखे और गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर काफी ऊंची हवा में चली गई। शॉर्ट थर्ड पर खड़े जोश हेजलवुड ने आसानी से कैच लपक लिया। गुजरात टाइटंस को 17वें ओवर की पहली गेंद पर राहुल तेवतिया के रूप में बड़ा झटका लगा। रसिख सलाम की धीमी गेंद पर तेवतिया शॉट लगाने के प्रयास में चूक गए। गेंद बल्ले के बीच में नहीं लगी और हवा में मिड-ऑन की दिशा में चली गई। कप्तान रजत पाटीदार ने पीछे दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। तेवतिया 5 गेंदों में 7 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात टाइटंस को 15वें ओवर की पहली ही गेंद पर पांचवां झटका लगा।

15 साल के वैभव सूर्यवंशी के सिर सजा ऑरेंज कैप का ताज

आईपीएल-2026 का रोमांच रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खत्म हो गया। इस सीजन कई बल्लेबाजों का जलवा देखने को मिला, लेकिन ऑरेंज कैप की बाजी मारी युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने। ऑरेंज कैप लीग के अंत में उस बल्लेबाज को दी जाती है जिसने पूरे सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। सीजन के दौरान जब मैच चलते हैं तो इसके हकदार बदलते रहते हैं। जो बल्लेबाज सबसे ज्यादा रन बनाने की लिस्ट में पहले नंबर पर रहता है उसके सिर ये कैप सजती है। वैभव ने इस सीजन कमाल की बल्लेबाजी की है। उन्होंने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी को हैरान कर दिया। अपनी बल्लेबाजी के दम पर ही वह राजस्थान रॉयल्स को दूसरे क्वालिफायर तक ले गए। हालांकि, राजस्थान जीत नहीं सकी लेकिन, वैभव की कोशिश को पूरी दुनिया ने देखा।

संक्षेप

अभय और चोटरानी ब्रिटिश ओपन स्क्वाश के अगले दौर में

बर्मिंघम। भारत के अभय सिंह और वीर चोटरानी ब्रिटिश ओपन स्क्वाश प्रतियोगिता के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं लेकिन रमित टंडन और अनाहत सिंह इस पीएसए डायमंड स्तर के टूर्नामेंट से बाहर हो गए। विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने कोलंबिया के मैटियस नुडसेन को 11-8, 11-5, 11-4 से, जबकि विश्व में 44वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने पाकिस्तान के नूर जमां को 11-8, 12-14, 11-6, 11-7 से हराया। टंडन फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे डुसोर्ड के खिलाफ मैच के बीच से हट गए। उस समय यह भारतीय खिलाड़ी 14-12 4-7 से पीछे चल रहा था। महिला वर्ग में विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत मिस्र की विश्व में 36वें नंबर की खिलाड़ी नार्डिन गारास से हार गईं। गारास ने यह मैच 11-8, 8-11, 11-8, 11-9 से जीता।

श्रीचरणी को उम्मीद, श्रृंखला जीतने में कामयाब रहेगा भारत

ब्रिस्टल। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत से टीम का काफी आत्मविश्वास बढ़ता लेकिन उन्होंने कहा कि टीम तीसरे और निर्णायक मैच में जीत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। मेजबान इंग्लैंड ने शनिवार को दूसरा टी20 मैच 26 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारत ने पहला मैच 38 रन से जीता था। यह श्रृंखला 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। श्रीचरणी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि हमारे लिए हर मैच जीतना महत्वपूर्ण है, इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है।

सूर्यवंशी विशेष प्रतिभा, उनके नैसर्गिक खेल से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए : तेंदुलकर

मुंबई। बल्लेबाजी के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी की प्रशंसा करते हुए उन्हें विशेष प्रतिभा करार दिया तथा कोच और मेंटोर (मार्गदर्शक) से भारतीय क्रिकेट में तेजी से आगे बढ़ रहे इस खिलाड़ी के नैसर्गिक खेल में हस्तक्षेप नहीं करने का आग्रह किया। सूर्यवंशी ने पिछले सत्र में आईपीएल में पदार्पण किया था और सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया था। इस सत्र में उन्होंने जसप्रीत बुमराह, कैगिसो रबाडा और पैट कमिंस सहित दुनिया के प्रमुख गेंदबाजों के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी करके खुद को नए मुकाम पर पहुंचा दिया। तेंदुलकर ने क्रिकइन्फो ऑनर्स में कहा, हर कोई सूर्यवंशी के बारे में बात कर रहा है। मैंने उन्हें बल्लेबाजी करते देखा और यह शानदार अनुभव था। मेरा मतलब है कि वह वाकई में कुछ खास हैं। उनकी सिर्फ गेंद को हिट करने की क्षमता ही नहीं, बल्कि कलाई का कमाल भी मुझे बहुत प्रभावित कर गया। बिहार के समस्तीपुर के 15 वर्षीय खिलाड़ी सूर्यवंशी ने इस आईपीएल के वर्तमान सत्र में 237.31 के शानदार स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। तेंदुलकर ने कहा, मैदान के हर कोने में खेलने के लिए कलाई का अच्छा इस्तेमाल जरूरी है। वह गेंद को जोर से नहीं मारता। वह बाकी बल्लेबाजों की तुलना में गेंद की लाइन और लेंथ को काफी पहले समझ लेता है और आसानी से छक्का जड़ देता है। तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सूर्यवंशी में भविष्य में टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करने की प्रतिभा है।

एशियाई अंडर-20 : भारत दूसरे स्थान पर

हांगकांग। भारत ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन तीन और स्वर्ण पदक जीतकर रविवार को अपने अभियान का पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहते हुए शानदार समापन किया। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में भारत ने कुल 19 पदक जीते जिनमें 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

14 स्वर्ण, नौ रजत और दो कांस्य पदकों के साथ चीन शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि जापान पांच स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य पदकों सहित कुल 18 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने स्वर्ण पदक जीतते हुए नया मीट रिकॉर्ड भी बनाया। नीरू पाठक की अगुआई वाली भारतीय टीम ने तीन मिनट 38.07 सेकंड का समय निकाला। टीम में भूमिका संजय नेहाते, तहुरा खातून और सेहनूर बावा भी शामिल थीं।

इससे पहले यह रिकॉर्ड जापान ने 2018 में 3:38.20 के समय के साथ बनाया था। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा में शीर्ष तीनों टीमों ने 1999 में जापान द्वारा बनाए गए 3:07.38 के पुराने मीट रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। चीन ने 3:04.88 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कतर ने 3:05.06 के समय के साथ रजत पदक हासिल किया।

कोस्त्युक ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में बनायी जगह

पेरिस। मार्टा कोस्त्युक ने रविवार को यहां चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-5, 6-1 से हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उनके जन्मदिन की पार्टी में रंग में भंग डाल दिया। कोस्त्युक ने इस सत्र में अभी तक क्ले कोर्ट पर कोई मैच नहीं गंवाया है। इससे पहले स्वियातेक के खिलाफ उन्हें तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा था। यहां तक की उन्होंने विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ अभी तक एक सेट भी नहीं जीता था।

रविवार को अपना 25 वां जन्मदिन मना रही स्वियातेक ने पहले सेट में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन इसके बाद कोस्त्युक हावी हो गई और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। स्वियातेक ने 2024 में फ्रेंच ओपन जीता था।

जाबरा ओपन में शीर्ष दस में रही अवनी और दीक्षा

एवियन-लेस-बैंस (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर अवनी प्रशांत और दीक्षा डागर ने अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जाबरा लेडीज ओपन डी फ्रांस में शीर्ष 10 में जगह बनाई। अवनी अंतिम दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रही, जबकि दीक्षा (71) ने संयुक्त नौवां स्थान हासिल करके वर्तमान सत्र में तीसरी बार शीर्ष 10 में जगह बनाई। अवनी ने 72-68-69 के कार्ड खेल कर कुल चार अंडर पार का स्कोर बनाया।

भारत ने कोरिया को 3-1 से हराया

एजेंसी

काकामिगाहारा (जापान)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अंडर-18 एशिया कप के पूल ए के अपने दूसरे मैच में रविवार को यहां कोरिया को 3-1 से पराजित किया। भारत की तरफ से नौशीन नाज़, श्रुति कुमारी और किरण एक्का ने गोल किए। इस तरह से पहले दिन मलेशिया को हराने वाली भारतीय टीम ने अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। भारत ने शानदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर में पेनल्टी हासिल की। नौशीन (चौथे मिनट में) ने पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिला दी।

जीत का सिलसिला जारी रखा

भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और दूसरे क्वार्टर में बढ़त को दोगुना कर दिया। खेल के 21वें मिनट में श्रुति ने एक शानदार मैदानी गोल दागा, जिससे भारत हाफ टाइम तक 2-0 से आगे था। कोरिया ने इसके बाद तीसरे क्वार्टर में 41वें मिनट में ज़ोंगमिन रियू के गोल से अंतर कम किया। लेकिन इसके दो मिनट बाद किरण ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को फिर से मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने चार पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया, जबकि कोरिया ने दो

पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। मलेशिया और कोरिया के खिलाफ जीत के बाद भारत अब पूल ए तालिका में छह अंकों के साथ शीर्ष पर है। वह दो जून को पूल ए के अपने अंतिम मैच में सिंगापुर के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने की कोशिश करेगा।

गुकेश ने प्रज्ञानानंदा को हराकर उम्मीद कायम रखी

ओस्लो। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अपना 20वां जन्मदिन मनाने के दो दिन बाद नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपने हमवतन आर प्रज्ञानानंदा को क्लासिकल मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए और खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा जबकि महिला वर्ग में दिव्या देशमुख शीर्ष पर पहुंच गई। इस बीच मौजूदा चैंपियन मैग्नस कार्लसन की मुश्किलें और बढ़ गईं क्योंकि उन्हें अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो से हार का सामना करना पड़ा। इससे वह पांच राउंड के बाद छह खिलाड़ियों की तालिका में सबसे नीचे आ गए। वेस्ली सो इस जीत से 8.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वह अर्लीरेज़ा फ़िरोजा से पीछे हैं, जिन्होंने अब तक प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखते हुए 10 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ बनाए रखी है।

पीएसजी ने लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग का जीता खिताब

एजेंसी

बुडापेस्ट। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने एक रोमांचक फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में आर्सेनल को हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बुडापेस्ट में शनिवार को खेले गए फाइनल में अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था जिसके बाद पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में आर्सेनल को 4-3 से हराकर लगातार दूसरी बार यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

पीएसजी के कप्तान मार्किनहोस ने कहा, यह अविश्वसनीय है। कोच ने इस सत्र के शुरू में ही कहा था कि लगातार दूसरी बार चैंपियन बनना आसान नहीं है और इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। हमने वास्तव में इसके लिए बेहद कड़ी मेहनत की। आर्सेनल के डिफेंडर गैब्रियल मैगाल्हेस ने अपनी टीम की आखिरी पेनल्टी को गोलपोस्ट के ऊपर मार दिया, जिससे पीएसजी को शूटआउट में जीत मिल गई। फ्रांस की यह दिग्गज टीम इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक बार की चैंपियन रियाल मैड्रिड के बाद आधुनिक युग में ट्रॉफी बरकरार रखने वाली केवल दूसरी टीम है। लुई एनरिक

ने कोच के तौर पर तीसरी बार खिताब जीता है। उन्होंने एक ऐसी टीम तैयार की है जिसे हराना महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के लिए भी काफी मुश्किल है। इसमें आर्सेनल की टीम भी शामिल है जिसने पिछले हफ्ते प्रीमियर लीग जीती और चैंपियंस लीग के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए पीएसजी से 10 अंक और 10 स्थान आगे रहकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। पुस्कास स्टेडियम में इसका हालांकि कोई खास महत्व नहीं था क्योंकि पीएसजी ने यूरोपीय फुटबॉल में एक मजबूत टीम के रूप में खुद को स्थापित कर दिया। एनरिक ने कहा, यह खिताब इसलिए भी विशेष था।

अमेरिका के सहयोगी देशों का वैश्विक एकता पर जोर

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया

एजेंसी

सिंगापुर। अमेरिका के सहयोगी देशों ने रविवार को सिंगापुर में एक शीर्ष रक्षा सम्मेलन में एकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जैसे-जैसे खतरा क्षेत्रों की सीमाओं को पार कर रहा है, पारस्परिक सहयोग पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है भले ही वाशिंगटन अपने पारंपरिक मित्र देशों के प्रति अधिक सख्त रुख अपना रहा हो। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। एक दिन पहले ही, अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शांगरी-ला सम्मेलन में पश्चिमी यूरोपीय सहयोगियों को रक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं देने के लिए फिर से फटकार लगाई थी जिसके बाद सहयोगी देशों की ये टिप्पणियां सामने आई हैं।

जापान के रक्षा मंत्री शिंजीरो कोइजुमी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति हेगसेथ की प्रतिबद्धता की सराहना की लेकिन साथ ही वैश्विक स्तर पर मजबूत गठबंधनों की निरंतर आवश्यकता पर भी बल दिया। अंतरराष्ट्रीय सामरिक अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा, विभाजन प्रतिरोध को कमजोर करता है, एकता प्रतिरोध को मजबूत करती है। उन्होंने कहा, अगर अमेरिका, यूरोप

और सहयोगी देशों तथा समान विचारधारा वाले देशों के बीच मतभेद पैदा होते हैं तो निश्चित रूप से ऐसी ताकतें इसका फायदा उठाएंगी। हमें ऐसी स्थिति को रोकना होगा। हमें अपना सहयोग जारी रखना होगा। अब समय आ गया है कि हम अपने सहयोग को और भी मजबूत बनाएं। चीन तेजी से अपनी सेना का विस्तार और आधुनिकीकरण कर रहा है, वहीं जापान भी अपनी रक्षा नीति में बदलाव ला रहा है। पिछले महीने, जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के मंत्रिमंडल ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया, जो युद्ध के बाद की उसकी शांतिवादी नीति में एक बड़ा बदलाव है। चीन ने इस बदलाव की आलोचना की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन जापान के नए प्रकार के सैन्यवाद की ओर बेधड़क बढ़ते कदमों का मजबूती से विरोध करेगा। कोइजुमी ने चीन की ओर से लगाए गए इस आरोप को हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा, जरा सोचिए एक देश के पास परमाणु हथियारों और सामरिक बमवर्षक का विशाल भंडार है। जापान के पास इनमें से कोई भी हथियार नहीं है, फिर भी जापान को नव सैन्यवाद का देश कहा जा रहा है।

क्या यह अजीब नहीं है? उन्होंने कहा कि पारदर्शिता चर्चा और संवाद से आती है। उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि चीन ने अपने रक्षा मंत्री को सम्मेलन में नहीं भेजा। शनिवार को अपने संबोधन में हेगसेथ ने रक्षा खर्च बढ़ाने के प्रयासों के लिए कई एशियाई साझेदारों की सराहना की साथ ही यूरोपीय सहयोगियों की फिर से आलोचना की। उन्होंने कहा कि यूरोपीय सहयोगी नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के बारे में खोखले वैश्विकवादी बयानबाजी में उलझ गए हैं जबकि यूरोपीय देशों ने अपनी सीमाएं खोल दीं और अपनी सेनाओं को खोखला कर दिया।

सीबीएसई की उत्तर पुस्तिकाओं के डेटा लीक कर सरकार ने छात्रों की निजता खतरे में डाली : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को इस बात पर चिंता जताई कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं कक्षा के 20 लाख छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं सार्वजनिक रूप से उपलब्ध पाई गई हैं और उसने इसे बड़े पैमाने पर डेटा लीक करार देते हुए कहा कि इससे छात्रों की निजता खतरे में पड़ गई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि एक बार फिर सीओईएमपीटी कंपनी की अक्षमता और लापरवाही सामने आई है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मंत्री प्रधान के घोटाला मंत्रालय से जुड़े घटनाक्रम में आज यह सामने आया है कि सीबीएसई के 12वीं कक्षा के 20 लाख छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध थीं। उन्होंने कहा, यह बेहद बड़े पैमाने पर हुआ डेटा लीक है, जिसने 20 लाख छात्रों की निजता को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि सीओईएमपीटी की अक्षमता और असंवेदनशीलता एक बार फिर सामने आई है। उन्होंने कहा, यही वह कंपनी है, जिसे सीबीएसई ने प्रस्ताव अनुरोध पत्र (आरएफपी) में तकनीकी शर्तों से छेड़छाड़ के बाद ठेका दिया था जिससे संभवतः सीओईएमपीटी को फायदा पहुंचा।

रमेश ने कहा, सामने आई उत्तर पुस्तिकाओं में कागज के मुड़ने के निशान और परछाईं जैसे निशान भी दिखाई दे रहे हैं - जो आमतौर पर स्कैनिंग मशीनों के बजाय मोबाइल फोन से किए गए स्कैन से जुड़े होते हैं। हम जानते हैं कि तीसरे आरएफपी में रोबोटिक स्कैनर की शर्त हटा दी गई थी। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर सीओईएमपीटी ने किस तरह के स्कैनर्स का इस्तेमाल किया? स्कैन की गुणवत्ता इतनी खराब क्यों है? रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट को टैग किया जिसमें दावा किया गया है कि सीबीएसई के लोगों ने अपने एडब्ल्यूएस बकेट को ठीक से कॉन्फिगर नहीं किया और अब हम 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं और प्रश्नपत्रों सहित उनकी सभी मीडिया फाइलों को क्रमवार देख और सूचीबद्ध कर सकते हैं

संक्षेप

एडमिरल स्वामीनाथन बने नये नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने रविवार को यहां 27वें नौसेना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लिया जो 41 वर्षों की विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। एडमिरल स्वामीनाथन को एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्धकला विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने लगभग चार दशकों के विशिष्ट सैन्य जीवन में अनेक परिचालन, स्टाफ तथा प्रशिक्षण संबंधी नियुक्तियों पर कार्य किया है। एडमिरल स्वामीनाथन की समुद्री कमानों में निर्देशित प्रक्षेपास्त्र पोत आईएनएस विद्युत और आईएनएस विनाश, निर्देशित प्रक्षेपास्त्र कार्वेट, आईएनएस कुलिश, निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विध्वंसक आईएनएस मैसूर तथा विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य शामिल हैं। रियर एडमिरल पद पर पदोन्नति के बाद उन्होंने कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसैनिक कमान मुख्यालय में मुख्य स्टाफ अधिकारी (प्रशिक्षण) के रूप में सेवा दी। इसके पश्चात उन्हें फ्लैग ऑफिसर समुद्री प्रशिक्षण नियुक्त किया गया तथा बाद में उन्होंने नौसेना की प्रहारक शक्ति माने जाने वाले पश्चिमी बेड़े की कमान संभाली।

आत्मनिर्भर होने के लिए जैव ईंधन उत्पादन को बढ़ावा देना आवश्यक : नितिन गडकरी

लोनावाला। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत में बिटुमेन और विमानन ईंधन (एटीएफ) का कम उत्पादन होता है तथा आयात पर निर्भरता घटाने के लिए घरेलू स्तर पर जैव ईंधन उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि देश में हर वर्ष लगभग 120 लाख टन बिटुमेन की जरूरत होती है, जबकि घरेलू पेट्रोलियम कंपनियां केवल करीब 50 लाख टन उत्पादन करने में सक्षम हैं। इसके कारण भारत को हर साल 60 से 70 लाख टन बिटुमेन का आयात करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि बिटुमेन की कीमत 45 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिटुमेन और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है, इसलिए स्वदेशी और वैकल्पिक उत्पादन स्रोत विकसित करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि देश विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कमी का भी सामना कर रहा है।

महायुति सरकार ने मराठा समुदाय को न्याय दिलाने के लिए लगातार किया काम : फडणवीस

एजेंसी

अहिल्यानगर (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि राज्य में महायुति सरकार मराठा समुदाय को न्याय दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। उनका यह बयान मराठा आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज जरांगे द्वारा अपना अनिश्चितकालीन आंदोलन वापस लेने के बीच आया है। जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधियों के साथ हुई बातचीत के बाद अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर दिया। सरकार की ओर से उन्हें 12-सूत्री प्रस्ताव सौंपा गया। जरांगे ने शनिवार सुबह जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी, जिसे उन्होंने आधी रात के कुछ देर बाद समाप्त कर दिया।

पिछले तीन वर्षों में यह उनकी नौवीं भूख हड़ताल थी। अनशन वापस लेने के सवालों पर फडणवीस ने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन पहले से ही सार्वजनिक हैं।

उच्च न्यायालय ने सीबीआई अदालत के पूर्व विशेष न्यायाधीश को किया निलंबित

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंचकूला स्थित सीबीआई अदालत के पूर्व विशेष न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारी राजीव गोयल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन के समय वह कैथल में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर तैनात थे। आदेश में निलंबन का कोई कारण नहीं बताया गया है, हालांकि इससे संकेत मिलता है कि यह उस अवधि से संबंधित है।

सवालों के जवाब की जगह छात्रों को झेलना पड़ा अपमान : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई ओएसएम विवाद को लेकर केंद्र सरकार पर रविवार को निशाना साधा और छात्रों के साथ अपने संवाद का एक वीडियो साझा करते हुए उन्हें बहादुर युवा भारतीय बताया, जिन्होंने मोदी सरकार से सरल सवाल पूछे, लेकिन उन्हें बदले में जवाब के बजाय अपमानै मिला। राहुल ने कहा कि छात्र उज्ज्वल भविष्य के हकदार हैं औरै हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें वह हासिल हो। उन्होंने संबंधित वीडियो एक्स पर साझा करते हुए इसे साथी राष्ट्र-विरोधी सोरोस एजेंट के साथ तथ्यों को सामने लाने वाली बातचीत करार दिया। राहुल ने लिखा, वेदांत और उसके दोस्त प्रतिभाशाली, बहादुर युवा भारतीय हैं, जिन्होंने सीबीएसई और मोदी सरकार से सरल सवाल पूछे - लेकिन उन्हें जवाब के बजाय अपमान मिला। उन्होंने कहा, ये लोग उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य के हकदार हैं।

हम सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें यह मिले। वीडियो में राहुल छात्रों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान उनकी परेशानियों के बारे में चर्चा करते नजर आ रहे हैं। इसमें वह मजाकिया लहजे में यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि कैसे जायज चिंताओं और मुद्दों को उठाने के बाद छात्रों परै पाकिस्तानी और डीप स्टेट एजेंटै होने का ठप्पा लगा दिया गया।

जनरल सुब्रमणि ने भारत के सीडीएस का पदभार संभाला

नयी दिल्ली। पाकिस्तान और चीन संबंधी मामलों के विशेषज्ञ माने जाने वाले जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने रविवार को भारत के नए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया। जनरल सुब्रमणि के सामने महत्वाकांक्षी सैन्य थिएटराइजेशन (सेना के तीनों अंगों की एकीकृत सैन्य कमान व्यवस्था) योजना को लागू करने और तीनों सेनाओं के बीच समन्वय मजबूत करने की प्रमुख जिम्मेदारी होगी।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com